* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

06 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 195



Wild Waadi Water Park
WATER PARK, TRAMPOLINE PARK, BIRD PARK, AMUSEMENT PARK & ZIP LINE
INR 300 (MON - FRI)
INR 400 (SAT - SUN & HOLIDAYS)
Call Us 9304816880


## यशस्विनी, मथुरा महतो और सीपी चौधरी आज भरेंगे पर्चा

### सीएम चंपाई जनसभा में करेंगे शिरकत





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गिरिडीह, रांची, धनबाद और जमशेदपुर में लोकसभा चुनाव 25 मई को होना है। नामांकन करने का आज आखिरी दिन है। आज गिरिडीह से इंडी गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो और एनडीए गठबंधन से आजसू पार्टी के प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन से पहले मथुरा प्रसाद महतो सिजुआ स्थित आवास से गंगापुर स्थित मां लिलोरी मंदिर मां नीलकंठ वासिनी का आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचेंगे। इसके बाद वहीं से नामांकन के लिए बोकारो के लिए रवाना होंगे।

**बाबूलाल, लक्ष्मीकांत वाजपेयी, सम्राट चौधरी और सुदेश महतो शामिल होंगे**

एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी भी आज नामांकन करेंगे। उसके बाद जैनामोड़ में एक सभा होगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और आजसू के सुप्रीमो सुदेश महतो रैली को संबोधित करेंगे।

इधर, इंडी गठबंधन की तरफ से रांची से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। जुलूस यात्रा पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के आवास इ-39 सेक्टर से सुबह 7.30 बजे निकल कर समाहरणालय भवन पहुंचेगी। इसके बाद मोरहाबादी मैदान में जनसभा होगी। उसमें सीएम चंपाई सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कांग्रेस प्रभारी मीर सहित अन्य शिरकत करेंगे।


# स्टार प्रचारकों का तूफानी दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में भाजपा और इंडी गठबंधन का धुआंधार प्रचार चल रहा है। अगले सप्ताह झारखंड में नेताओं की जोर आजमाइश दिखेगी। एक बार फिर स्टार प्रचारकों का जमावड़ा लगने वाला है। नेताओं के आने का समय भी तय हो गया है। लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी दौरे पर पहुंच रहे हैं।


## पीएम नरेंद्र मोदी 12 को सिमरिया 16 मई को बिरनी में करेंगे जनसभा

### अमित शाह 10 को आयेंगे, खूंटी में सभा करेंगे

पीएम नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय झारखंड दौरे की सफलता के बाद भाजपा फीलगुड में है। झारखंड में पीएम की सभा के बाद अब चुनावी समर में दूसरे बड़े नेता भी रण में उतरेंगे। इसी कड़ी में 10 मई को गृह मंत्री अमित शाह झारखंड आयेंगे। उनकी खूंटी में चुनावी सभा है। वह भाजपा प्रत्याशी सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के लिए वोट की अपील करेंगे। अमित शाह के दौरे को लेकर झारखंड भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। साथ ही आने वाले समय में उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 मई को चतरा लोकसभा के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरुवे मैदान में अपराह्न 3 बजे आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। 16 मई को गिरिडीह जिला अंतर्गत बिरनी प्रखंड के पेशमअरवाड़ मैदान में सुबह 8 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जमशेदपुर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। जमशेदपुर के गोपाल मैदान में चुनावी सभा को लेकर रूट प्लान मांगा गया है।

## राहुल गांधी की कल और प्रियंका 13 को झारखंड में




इंडी गठबंधन की तरफ से कांग्रेस नेता राहुल गांधी 7 मई को राज्य के दौरे पर आ रहे हैं। लोहरदगा, खूंटी लोकसभा क्षेत्र के लिए गुमला के सिसई में उनकी जनसभा होगी। इसके साथ ही सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में भी राहुल गांधी की जनसभा इसी दिन प्रस्तावित है। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बताया कि राहुल गांधी जनसभा करने के लिए 7 मई को रांची पहुंचेंगे। लोहरदगा और खूंटी दो लोकसभा सीटों को लेकर गुमला के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं चाइबासा में भी चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी 13 मई को धनबाद जिले के बाघमारा पहुंचेंगी। वह इंडी गठबंधन की उम्मीदवारों के पक्ष में माथाबांध में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। प्रियंका के चुनावी दौरे के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं।

### सीएम चंपाई ने बीजेपी पर साधा निशाना

## झारखंड में घुसपैठिये आते कहां से हैं, सीमा को सील क्यों नहीं करते



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएम चंपाई सोरेन ने एक बार फिर से बीजेपी पर निशाना साधा है। झारखंड में घुसपैठिए के मामले में कहा कि झारखंड सरकार को अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर चौकीदारी का जिम्मा कब मिला। यह गलती किसकी है। सीमा को सील क्यों नहीं किया जाता। उल्टे बीजेपी आरोप लगाती है कि यहां की डेमोग्राफी बदल रही है। बीजेपी ही बताये कि गलती किसकी है। भाजपा के एजेंडे से महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं की बदहाली जैसे मुद्दे गायब हैं। ये बातें सीएम ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है।

**दी नसीहत, जुमलों से बचिए :** सीएम ने नसीहत देते हुए कहा कि जुमलों से बचिए। वैसे लोगों को अपना सांसद चुनिए, जो आपके मुद्दों को देश की सबसे बड़ी पंचायत में उठा सकें। झारखंड के अधिकतर सांसदों द्वारा जिस प्रकार राज्य की जनता की मांगों व अपेक्षाओं को लगातार नकारा गया है, जिस तरह से उन्हें महंगाई, 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण, सरना-आदिवासी धर्म कोड समेत अन्य मुद्दों पर जुमले सुनाये गये हैं, उसका जवाब जनता देगी।

### नागरिकता देना केंद्र के अधिकार क्षेत्र में

सीएम ने कहा कि झारखंड में राशन कार्ड तक आधार संख्या के बिना नहीं बनते। जब आधार कार्ड बनाने वाली एजेंसी केंद्र सरकार के अधीन काम करती है, नागरिकता देना भी केंद्र के अधिकार क्षेत्र में आता है, तो फिर इस प्रक्रिया में होने वाली गड़बड़ी के लिए कौन जिम्मेदार है।

### पहली बार इतनी गरीबी देखी

सीएम ने कहा कि इतिहास में पहली बार इतनी गरीबी देखी है। भाजपा सरकार के राज में एलपीजी सिलेंडर की कीमतें 400 रुपये से बढ़ कर 1100 रुपये हो गयीं। राशन से लेकर सब्जी-भाजी और तेल- मसालों का हाल भी लोगों के सामने है। ऐसे हालात बन गये हैं कि देश के इतिहास में पहली बार 80 करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज देना पड़ रहा है।


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :
• शरीर में पानी की कमी
• उल्टी, तेज बुखार
• कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
• हृदयाघात, मस्तिष्कघात
• कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग
- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें





इनका नियमित सेवन करें :-
नमक-चीनी का घोल
छाछ
नींबू-पानी
आम का शर्बत
लस्सी
तरबूज
खरबूजा
खीरा
ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है
• गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
• घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
• लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
• ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
• लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।सावधानियाँ हीं बचाव।
हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
सम्भव हो, तो तौलिया/गमछा रखें
जूते/चप्पल पहनें



NATIONAL HEALTH MISSION
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

झारखण्ड सरकार 104 चिकित्सा सलाह 24x7 Health Information Helpline
स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

P.R. 324421 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

# इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले का गवाह बनेगा लोहरदगा

आजाद सिपाही विशेष

13 मई, 2024 का दिन झारखंड के लिए खास होने वाला है। इस दिन झारखंड में पहले चरण की वोटिंग होगी, जिसमें राज्य की चार लोकसभा सीटों पर वोट डाले जायेंगे। इनमें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित एक सीट पलामू और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित तीन सीटें, खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम शामिल हैं। इन सभी सीटों पर प्रत्याशियों ने नामांकन भी दर्ज कर दिया है और चुनाव प्रचार में कूद पड़े हैं। प्रत्याशियों के नाम तय करने में भाजपा ने सबसे पहले बाजी मार ली थी। इसका फायदा यह हुआ कि उसके प्रत्याशियों को अधिक समय भी मिला और वे पूरी शिद्दत के साथ चुनाव मैदान में कूद पड़े। इंडी गठबंधन ने प्रत्याशियों के चयन में देरी की, जिसका खामियाजा उसके प्रत्याशियों को उठाना पड़ रहा है। जब तक उन्हें समझ में आता कि क्या करना है, तब तक भाजपा के प्रत्याशियों ने सभाएं शुरू कर दी थीं। अब जो हुआ सो हुआ। फिलहाल अब प्रत्याशी मैदान में पसीना बहा रहे हैं। भाजपा के साथ प्लस यह रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैक टू बैक झारखंड के पहले चरण की सभी सीटों पर सभाएं कर दीं। इन सभाओं में भीड़ भी बहुत हुई। वहीं इंडी गठबंधन की तरफ से राहुल गांधी 7 मई, वहीं प्रियकां गांधी 13 मई को झारखंड पहुंचेंगी। वैसे देखा जाये, तो इन सभी चार सीटों में से एक खूंटी ही है, जहां कांटे की टक्कर दिखायी पड़ती है। बाकी पलामू, लोहरदगा और सिंहभूम में फिलहाल तो भाजपा उम्मीदवार ज्यादा उत्साहित दिख रहे हैं। इन सीटों पर होनेवाले मतदान पर ही राज्य की बाकी 11 सीटों पर होनेवाला मतदान भी निर्भर कर रहा है। तो यह जानना जरूरी है कि इन चार सीटों पर माहौल क्या है और कैसा चल रहा है यहां का चुनाव प्रचार। पीएम मोदी के दौरे के बाद इन सीटों पर क्या है जमीनी आकलन, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

**जैसे-जैसे** झारखंड का तापमान बढ़ रहा है, वैसे-वैसे राज्य का राजनीतिक पारा भी सिर चढ़ कर बोल रहा है। झारखंड की जनता अब चुनावी माहौल में पूरी तरीके से रंग चुकी है। हर जगह सिर्फ प्रत्याशियों की ही चर्चा हो रही है। लगभग सभी राजनीतिक विश्लेषकों की भूमिका में आ चुके हैं। कई तो भविष्यवाणी भी करने लगे हैं। चाय का सेल भी बढ़ गया है। चुस्की लेते-लेते लोग प्रधानमंत्री बनाने लगे हैं। कोई खूंटी से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को जिता रहा है तो कोई कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को। कोई सिंहभूम से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा को जिता रहा है तो कोई जेएमएम की जोबा मांझी को। कोई लोहरदगा से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को जिता रहा है तो कोई कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को, तो कोई पलामू से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को जिता रहा है तो कोई राजद की ममता भुइयां को। सभी प्रत्याशी दमदार हैं। सभी का अपना-अपना दावा है और जनाधार है।

## खूंटी में अर्जुन और कालीचरण बहा रहे पसीना

खूंटी लोकसभा क्षेत्र की बात की जाये, तो भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा खूब पसीना बहा रहे हैं। गांव-गांव जाकर लोगों से मिल रहे हैं। अपना-अपना समीकरण क्षेत्र के जमीनी नेताओं के साथ मिलकर भी बना रहे हैं। खूंटी का मुकाबला 2019 में भी कांटे का रहा था। उस चुनाव में काली चरण मुंडा मात्र 1445 मतों से पिछड़ गये थे। इस बार भी मुकाबला कांटे का ही है। अंत तक कोई भी कुछ कहने की स्थिति में नहीं है कि वहां का परिणाम किसके पाले में जायेगा। खूंटी लोकसभा का चुनाव विशेष रूप से मोदी के पक्षधर और मोदी के विरोधियों के बीच में है। शुरुआती दौर में लोगों के बीच अर्जुन मुंडा को लेकर कुछ शिकायतें थीं, लेकिन वह अब दूर होती दिखायी पड़ती हैं। खूंटी में कई स्थानीय मुद्दे भी हावी रहे, लेकिन जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, जनता का मूड राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर अग्रसर होता दिख रहा है। जब चुनाव की घोषणा हुई थी, तब इस इलाके में यह बात उठायी जा रही थी कि केंद्र में जनजातीय मामलों के मंत्री रहते हुए अर्जुन मुंडा ने सरना कोड का मुद्दा हल नहीं किया। वैसे विपक्ष इस मुद्दे को भुनाने के पक्ष में भी है। दूसरा यहां के तेली समुदाय में नाराजगी रही कि उन्हें आदिवासी का दर्जा हासिल नहीं हुआ। रौतिया समाज का कहना है कि हमें आदिवासी नहीं बनाया। उधर कुर्मी महतो को भी आदिवासी का दर्जा चाहिए। ऐसे कई मुद्दे हैं, जो इस चुनाव में भाजपा, या यूं कहें अर्जुन मुंडा का पीछा नहीं छोड़ रहे हैं। लेकिन फिलहाल जो जमीनी स्थिति दिखायी पड़ रही है, वह राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर ज्यादा हावी है। जनता भी जानती है कि अर्जुन मुंडा केंद्र में मंत्री भी हैं। अगर वह चुनाव जीतते हैं, तो उनकी समस्या का हल वह निकाल सकते हैं। वहीं खूंटी में भाजपा की संगठन की बात की जाये तो यहां भाजपा का संगठन तो मजबूत है ही, साथ ही झामुमो का सांगठनिक ढांचा भी बहुत प्रबल है। कांग्रेस सांगठनिक रूप से इस इलाके में कमजोर है। वह जेएमएम पर ज्यादा निर्भर है। ग्रामीण क्षेत्रों में सरना कोड का मुद्दा भी काफी प्रबल हुआ है। लोग इसे लेकर मुखर भी हैं।

## खूंटी में 2019 में तीसरे स्थान पर था नोटा

खूंटी संसदीय क्षेत्र में नोटा यानी राइट टू रिजेक्ट भी प्रत्याशियों को अच्छी खासी टक्कर देता है। चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदाता को यह अधिकार है कि अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करे। अगर निर्धारित प्रत्याशियों की सूची में कोई उसकी पसंद का नहीं है, तो इसके लिए नोटा का विकल्प चुन सकता है। वर्ष 2013 में राइट टू रिजेक्ट के तहत यह अधिकार मतदाताओं को मिला है। 2014 के लोकसभा चुनाव से इवीएम में प्रत्याशी की सूची में नोटा का बटन भी शामिल हो गया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में तीसरी बार इस बटन का उपयोग होगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में खूंटी संसदीय सीट के चुनाव परिणाम ने सबको चौंका दिया था। यहां कांटे की टक्कर में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा मात्र 1445 वोट से चुनाव जीत गये थे। कांग्रेस के कालीचरण मुंडा दूसरे स्थान पर रहे। वहीं 21 हजार 245 वोट लाकर नोटा तीसरे स्थान पर रहा। यानि हार जीत के अंतर से काफी अधिक वोट नोटा को मिला था।


अर्जुन मुंडा


कालीचरण मुंडा


समीर उरांव


सुखदेव भगत


गीता कोड़ा


जोबा मांझी


वीडी राम


ममता भुइयां

## लोहरदगा में समीर और सुखदेव के बीच है सीधा मुकाबला

देखा जाये तो लोहरदगा का लोकसभा चुनाव किसी भी प्रत्याशी के लिए आसान नहीं है। सभी अपनी-अपनी गोटी फिट करने में लगे हैं। भाजपा ने बूथ स्तर पर कार्यक्रम कर सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट कर कार्यों में लगा दिया है। भाजपा के कार्यकर्ता समर्पण के भाव के साथ कार्यों में जुट गये हैं। समीर उरांव की छवि इस क्षेत्र में बहुत अच्छी है। वह कर्मठ नेताओं की श्रेणी में आते हैं। लोगों का मानना है कि समीर उरांव एक अच्छे प्रत्यशी हैं और जब वह विधायक थे, तो उन्होंने खूब काम किया था। देखा जाये, तो लोहरदगा लोकसभा सीट में आदिवासी वोट निर्णायक साबित होते हैं। लेकिन समीर उरांव राज्यसभा सांसद के साथ-साथ भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते उन्हें आदिवासी संगठनों का भी लाभ मिल रहा है। वह भी डोर टू डोर जाकर लोगों से मिल रहे हैं और अपना दावा मजबूत कर रहे हैं। वहीं सुखदेव भगत की बात की जाये तो वह अपनी तरह की राजनीति कर रहे हैं। वह भी खुद लोगों के दरवाजे-दरवाजे जा रहे हैं। सुदूर पहाड़ पर बसे गांव में भी जा रहे हैं। ग्रामीणों का समर्थन हासिल कर रहे हैं। भीड़ भी खूब हो रही है। लेकिन सुखदेव भगत के साथ समस्या यह है कि उन्हें इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्र में बड़े नेताओं की गुटबाजी से भी दो-दो हाथ करना है। उन्हें साधना आसान नहीं होगा। चर्चा है कि सुखदेव भगत को रामेश्वर उरांव खेमा और बंधु तिर्की खेमा अगर साथ देता है तो उनके लिए राह आसान हो जायेगी। क्योंकि लोगों में ये गुटबाजी चर्चित है। लोहरदगा में धीरज साहू भी आयकर छापा के बाद थोड़े ठंडे पड़े हैं। उनका ठंडा होना भी सुखदेव भगत के लिए चुनौती है। वर्तमान में आदिवासी समाज एकमत नहीं होकर तीन गुटों में बंटा है। एक गुट भाजपा के साथ दूसरा गुट कांग्रेस के साथ और तीसरा चमरा लिंडा के साथ होने की चर्चा है। वहीं समीर उरांव तेज तर्रार होने के साथ लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय रहे। भाजपा के लिए कमजोर क्षेत्र रहे गुमला, सिसई और लोहरदगा के ग्रामीण इलाकों को पाट कर अपने पक्ष में करने के लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं शहर की बात की जाये तो अधिकतर मोदी की ही बात कर रहे हैं। यहां मोदी बनाम एंटी मोदी है। यहां मोदी के पक्ष में लोग ज्यादा दिखायी दिये। वैसे लोहरदगा के रण को चमरा लिंडा ने रोमांचक बना दिया है। माना जा रहा है कि चमरा लिंडा सुखदेव भगत या यूं कहें इंडी गठबंधन के लिए चुनौती बन सकते हैं। क्योंकि चमरा लिंडा तो वोट काटेंगे और उनका ज्यादातर वोट आदिवासी, इसाई का ही रहता है। समझा जा सकता है कि चमरा लिंडा से किसे चुनौती मिल सकती है और किसके पक्ष में उनका खड़ा होना जा सकता है। शनिवार को सिसई के बरटोली मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा थी। सभा के दौरान लोगों के बीच मोदी का जो क्रेज दिखा, वह अकल्पनीय है। तीन से चार किलोमीटर पैदल पगडंडियों के सहारे लोग चले जा रहे थे। 39 डिग्री तापमान के बावजूद उनका जोश ठंडा नहीं पड़ रहा था। आलम यह था कि पंडाल खचाखच भर जाने के बाद लोग कड़ी धूप में भी खड़े होकर प्रधानमंत्री को सुन रहे थे। इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री के चले जाने के बाद भी भीड़ का कारवां लगातार आता जा रहा था। इस दौरान कुछ महिलाएं और पुरुष से जब बात की गयी, तो उनका स्पष्ट कहना था कि मोदी जी का भात खाकर ही घर से उनको सुनने के लिए आये हैं। वोट भी उन्हीं को करेंगे। खासकर महिलाओं का स्पष्ट कहना था कि मोदी जी ने गरीबों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, इसका सीधा लाभ हमलोगों को मिल रहा है। गैस मिल रही है। राशन मिल रहा है। किसानों को हर साल पैसा मिल रहा है और क्या चाहिए। इलाज तो फ्री में हो ही रहा है। जितनी भीड़ सभा में जुटी और मोदी के प्रति दीवानगी दिखी, अगर यह वोट में कनवर्ट हो गया, तो भाजपा के लिए लोहरदगा की राह आसान हो सकती है।

## सिंहभूम में गीता कोड़ा और जोबा मांझी हैं आमने-सामने

वहीं सिंहभूम की बात कि जाये तो जिस हिसाब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां सभा की और भीड़ जिस हिसाब से सभा में पहुंची अगर वह वोट में तब्दील हो जाती है, तो जोबा मांझी के लिए बहुत बड़ी चुनौती साबित होगी। गीता कोड़ा और जोबा मांझी अपनी-अपनी जगह बहुत मजबूत हैं। गीता कोड़ा का अपना अलग ही जनाधार है। वहीं जोबा मांझी का क्षेत्र में बहुत सम्मान है। दोनों प्रत्यशियों की लोग दुर्गा से तुलना कर रहे हैं। सिंहभूम में भी चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर होगा। यहां की जनता ने स्वीकारा भी है कि केंद्र की योजनाओं का लाभ उन्हें सफलता पूर्वक मिल रहा है। फिर भी लाभ लेने वालों में भी मनभेद है। कुछ कह रहे हैं लाभ तो मिला है लेकिन उनका मत इंडी गठबंधन को ही जायेगा। कुछ तो मोदी मैजिक के कायल दिखे। गीता कोड़ा के लिए उनके पति मधु कोड़ा भी खूब पसीना बहा रहे हैं। नॉमिनेशन के दिन तो वह खुद सड़कों पर लगा जाम हटवा रहे थे। सिंहभूम में कोड़ा दंपति बहुत मजबूत दिखायी पड़ रहा है। शहरी क्षेत्र में गीता कोड़ा को कोई समस्या फेस नहीं करनी होगी, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बंटे हुए हैं। वहां जबरदस्त फाइट है। सड़क के किनारे वाला मामला है। सड़क की एक साइड गीता कोड़ा के समर्थक हैं और तो दूसरे हिस्से में झामुमो के। सिंहभूम में झामुमो ने अपना संगठन बहुत मजबूत कर लिया है। वह कहीं से भी भाजपा से कम नहीं है। गीता कोड़ा को भी झामुमो प्रत्याशी को हलके में लेने की जरूरत नहीं हैं। यहां भी फाइट दमदार ही है।

## पलामू में वीडी राम के साथ ममता भी बहा रहीं पसीना

अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित झारखंड की एकमात्र संसदीय सीट पलामू से भारतीय जनता पार्टी ने लगातार तीसरी बार राज्य के पूर्व डीजीपी विष्णुदयाल राम को टिकट देकर रोमांचक मुकाबले की जमीन तैयार कर दी है। विष्णुदयाल राम 2014 और 2019 में भाजपा के टिकट पर पलामू से लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। विष्णुदयाल राम 1973 बैच के आइपीएस अधिकारी रहे हैं। उन्हें प्रत्याशी बनाये जाने की घोषणा से पहले उनकी उम्र को लेकर कई तरह की चर्चाएं थीं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर से उन पर भरोसा जताते हुए टिकट दिया है। इंडी गठबंधन की तरफ से राजद ने ममता भुइयां को मैदान में उतारा है। पीएम मोदी की डालटनगंज में हुई चुनावी सभा के बाद इस सीट का माहौल अचानक बदला सा नजर आने लगा है। लोगों में अब हार-जीत की बजाय चुनावी मुद्दों की बात होने लगी है। आरक्षण और मंदिर के साथ विरासत टैक्स के मुद्दों पर लोग बंटे हुए नजर आने लगे हैं। दोनों प्रत्याशी इलाके में खूब पसीना बहा रहे हैं। अब यहां इंडी गठबंधन के शीर्ष नेताओं की सभाओं का इंतजार हो रहा है।

## पीएम मोदी के लिए 'लकी' है चियांकी हवाई अड्डा मैदान

पीएम मोदी की झारखंड की पहली चुनावी यात्रा के दौरान यह बात भी चर्चा में रही कि पलामू के प्रमंडलीय और जिला मुख्यालय का चियांकी हवाई अड्डा मैदान पीएम मोदी और भाजपा के लिए बेहद 'लकी' है। 2014 में नरेंद्र मोदी को भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी घोषित किया था। झारखंड में नरेंद्र मोदी ने पलामू के इसी मैदान से अपने चुनावी अभियान की शुरुआत की थी। उस चुनाव में भाजपा को 14 में से 12 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई थी। 2019 में भी पीएम नरेंद्र मोदी ने चियांकी हवाई अड्डा से अपनी चुनावी अभियान की शुरुआत की थी और उस चुनाव में भी भाजपा ने 14 में से 12 सीटों पर सफलता हासिल की थी। 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चियांकी हवाई अड्डा के मैदान में सभा की थी, जिससे पलामू की पांच विधानसभा सीटों में से चार भारतीय जनता पार्टी के खाते में आयी थी। भाजपा के लोग इस सभा का शुभ मान रहे हैं।

---

### गांडेय में जेएमएम प्रत्याशी ने झोंकी ताकत

# भाजपा नहीं चाहती झारखंड का विकास हो: कल्पना सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने गांडेय उपचुनाव में पूरी ताकत झोंक दी है। भीषण गर्मी में चुनाव प्रचार में लगी हुई हैं। रविवार को कड़ी धूप में ही कल्पना सोरेन ने पचंबा और गांडेय के आधा दर्जन गांवों का दौरा किया। इस दौरान कल्पना सोरेन के साथ राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद थे। कल्पना सोरेन ने रविवार को इलाके के भ्रमण की शुरुआत पिंडातांड से की। इसके बाद कल्पना सोरेन ने मनियामांडी, जगमनपहरी, पनयडीह के साथ करीब एक दर्जन गांवों का दौरा किया। ग्रामीणों से मिलने के क्रम में कल्पना सोरेन ने पति हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की चर्चा की और कहा कि हेमंत सोरेन को भाजपा ने साजिश रच कर जेल भेजा।

इस दौरान कल्पना सोरेन का स्वागत भी जम कर हुआ। महिलाएं उनके साथ फोटो खिंचाने के लिए व्याकुल दिखी। इधर बातचीत के क्रम में कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन को साजिश कर फंसाया गया। वह चुनाव लड़ रही हैं और अब उन्हें एहसास होता है कि पूर्व मुख्यमंत्री और उनके ससुर ने जो काम किया, उनके काम के बलबूते ही इलाके की जनता का उन्हें आशीर्वाद भी मिल रहा है।



कल्पना सोरेन ने आश्वासन दिया कि जो समस्याएं हैं, उसका शीघ्र ही निराकरण किया जायेगा। उन्होंने महिलाओं से कहा कि आप सभी के बेटे और भाई हेमंत सोरेन द्वारा सर्वजन पेंशन योजना शुरू की गयी, जिससे राज्य के 36 लाख बुजुर्ग, विधवा, एकल और परित्यक्त महिला और दिव्यांगजनों को हक-अधिकार से जोड़ा गया। सोचिये, भाजपा ने 20 साल राज्य में शासन कर जानबूझ कर लाखों लोगों को अपने अधिकार से वंचित रखा था। भाजपा नहीं चाहती कि झारखंड आगे बढ़े और झारखंडवासियों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हो। कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया कर देना है। क्योंकि ये लोग नहीं चाहते हैं कि आदिवासी-मूलवासी तरक्की करे। उन्हें उनका हक मिले।

## चतरा में 23, हजारीबाग-कोडरमा में एक दर्जन से अधिक प्रत्याशी

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में चुनाव होने हैं। इसके अलावा गांडेय विधानसभा सीट के लिए भी उपचुनाव होने हैं। यहां 20 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय के मुताबिक इन तीन लोकसभा सीटों के अलावे गांडेय सीट के लिए स्क्रूटनी का काम पूरा कर लिया गया है। चतरा लोकसभा सीट के लिए तीन मान्यता प्राप्त दलों के उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें भाजपा के काली चरण सिंह, कांग्रेस के कृष्णानंद त्रिपाठी और बहुजन समाज पार्टी के जगदेव प्रसाद के आवेदन सही पाये गये हैं। कोडरमा लोकसभा सीट के लिए भाजपा से अन्नपूर्णा देवी और बहुजन समाज पार्टी से सिटन रविदास का आवेदन वैध पाया गया है। पंजीकृत राजनीतिक दलों में सीपीआइ माले के विनोद सिंह समेत पांच कैंडिडेट हैं। साथ ही 9 निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में हैं। हजारीबाग सीट से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों में कांग्रेस के जेपी पटेल का नामांकन वैध पाया गया है। साथ ही भाजपा के मनीष जयसवाल और बसपा के मो मोइन उद्दीन अहमद का नामांकन भी सही है।

### उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के हाल के निर्णयों ने हेमंत सरकार को आइना दिखाया

# तुष्टिकरण की राजनीति करता है जेएमएम : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता

- प्रतुल ने कहा-हेमंत के घर में 36 लाख रुपये की रिकवरी की दलीलों को हाइकोर्ट ने असमर्थनीय माना
- उच्च न्यायालय ने जमीन घोटाले में सदर थाना में हुए एफआइआर के साथ छेड़छाड़ करने पर भी कड़ी टिप्पणी की
- राजनीतिक रूप से अस्तित्वहीन होने के कगार पर खड़ी और घोटालो में घिरी झामुमो पार्टी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को रांची के मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता करते हुए उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के हाल के निर्णय के आदेश में राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने के लिए जो याचिका दाखिल की थी, उसे उच्च न्यायालय ने न सिर्फ खारिज किया बल्कि मुख्यमंत्री के द्वारा राजनीतिक बदले का जो आरोप लगाया गया था, उसे एक हारे हुए मुवक्किल की आखिरी कोशिश की संज्ञा दे दी। उच्च न्यायालय ने अपनी तल्ख टिप्पणी में यह भी कहा कि इडी ने अब तक जितने साक्ष्य जुटाये हैं, प्रथम द्दष्टया उसमें हेमंत सोरेन की इस घोटाले में संलिप्तता उजागर होती है। उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास में इडी की छापेमारी में 36 लाख की रुपये की रिकवरी पर भी बड़ा प्रश्न खड़ा किया। उच्च न्यायालय ने हेमंत सोरेन के द्वारा इसे अपने माता-पिता के इलाज के लिए जमा किये गये पैसे रखने की दलील को अनटेनेबल यानी असमर्थनीय माना।



प्रतुल ने कहा, इसी तरीके से राज्य सरकार ने साहिबगंज के नीबू पहाड़ के अवैध खनन मामले में सीबीआइ की जांच के आदेश को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान जानना था कि राज्य सरकार इस जांच को रोकने के लिए क्यों इतनी उत्सुक है? अंततः राज्य सरकार की याचिका खारिज हो गयी और सीबीआइ जांच जारी रहेगी। स्पष्ट है कि जो हेमंत सोरेन के कार्यकाल में भ्रष्टाचार हुआ था, अब उस घोटाले पर न्यायिक द्दष्टिकोण भी सख्त होता जा रहा है और न्यायालय पैनी नजर रख रही है।

प्रतुल ने कहा कि सदर थाने में जमीन घोटाले के संबंधित जो एफआइआर हुआ था। उसमें षड्यंत्र की धारा को जोड़ा गया था। लेकिन इस षड्यंत्र की धारा (120 बी) को पेन से काट के मिटाने की घटना को भी उच्च न्यायालय ने बहुत गंभीरता से लिया है और कहा कि उसे समय हेमंत सोरेन की सरकार का कार्यकाल था।

प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार चौतरफा भ्रष्टाचार और लूट के दलदल में फंस गयी है। झामुमो की मान्यता अब जनता ही समाप्त कर देगी। प्रतुल ने कहा कि जिस पार्टी ने सिर्फ तुष्टिकरण के सहारे साढ़े चार वर्षों तक राजनीति की। उनके ही कार्यकाल में हिंदू फल दुकान लिखने पर जेल, सामान्य विद्यालयों को उर्दू विद्यालय बना दिया गया। एक आइएएस अफसर खुद को मुस्लिम अधिकारी बताते रहे। विधानसभा में बिना मांग के नमाज स्थल बना दिया। लव जिहाद की घटनाएं बढ़ीं। अब वह भाजपा पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगा रही है। प्रतुल ने कहा वैसे भी झारखंड मुक्ति मोर्चा लोकसभा चुनाव के बाद अपना राजनीतिक रूप से अस्तित्व खोने जा रही है। इसलिए ऐसे बेबुनियाद आरोप लगाकर नया नैरेटिव सेट करने की कोशिश हो रही है।

# चौथे चरण में 360 दागी, 476 करोड़पति

## सबसे अमीर उम्मीदवार की संपत्ति 5705 करोड़ की

प्रशांत

**देश** में इस वक्त चुनाव की सरगर्मी है। 19 अप्रैल से लेकर 1 जून तक सात चरणों में लोकसभा के चुनाव होने हैं। पहले और दूसरे चरण के लिए मतदान हो चुका है। वहीं तीसरे और चौथे चरण के नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। इस बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने चौथे चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। इस चरण में कुल 1717 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें से 1710 उम्मीदवारों के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। सात उम्मीदवारों के शपथ पत्र स्पष्ट नहीं होने के कारण उनके हलफनामों को विश्लेषण नहीं हो सका है। एडीआर ने शनिवार को जारी किये एक विश्लेषण में बताया है कि पहले चरण में 1710 उम्मीदवारों से 360 पर आपराधिक मामले चल दर्ज हैं। वहीं 476 उम्मीदवार करोड़पति हैं।

**दलवार आंकड़े क्या हैं? :** चौथे चरण में एआइएमआइएम के सभी तीन उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। वहीं, शिवसेना के तीन में से दो, बीआरएस के 17 में से 10, कांग्रेस के 61 में से 35, भाजपा के 70 में से 40, टीडीपी के 17 में से नौ, बीजद के चार में से दो, राजद के चार में से दो, शिवसेना (यूबीटी) के चार में से दो, वाईएसआर कांग्रेस के 25 में से 12, टीएमसी के आठ में से तीन और सपा के 19 में से सात उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**उम्मीदवारों की संपत्ति का लेखा-जोखा :** 1710 में से 28 प्रतिशत यानी 476 उम्मीदवार करोड़पति हैं। सबसे ज्यादा भाजपा के 65 उम्मीदवार करोड़पति हैं। चुनावी हलफनामों में इन प्रत्याशियों ने एक करोड़ से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है। लोकसभा चुनाव 2024 के चौथे चरण में हर उम्मीदवार के पास औसतन 11.72 करोड़ की संपत्ति है। दलवार आंकड़ों पर गौर करें तो भाजपा के 70 उम्मीदवारों की सबसे ज्यादा औसतन संपत्ति 101.77 करोड़ की संपत्ति है।

**सबसे अमीर प्रत्याशी :** चौथे चरण में सबसे ज्यादा संपत्ति घोषित करने वाले उम्मीदवार चंद्र शेखर पेमासनी हैं। आंध्र प्रदेश के गुंटूर से टीडीपी प्रत्याशी ने कुल 5705 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। इस मामले में दूसरे स्थान पर भाजपा के कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी हैं। तेलंगाना की चेवल्ला सीट से चुनाव लड़ रहे रेड्डी ने अपने हलफनामे में 4568 करोड़ की दौलत बतायी है। तीसरे सबसे धनी प्रत्याशी टीडीपी के प्रभाकर रेड्डी वेमीरेड्डी हैं। आंध्र प्रदेश की नेल्लोर सीट से चुनाव लड़ रहे प्रभाकर की संपत्ति 716 करोड़ की है। उधर 24 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य घोषित की है। वहीं तीन उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति क्रमश सात रुपये, 83 रुपये और 90 रुपये बतायी है।

### चौथे चरण में उतरे उम्मीदवारों की कहानी



1717 प्रत्याशी चुनाव मैदान में
360 प्रत्याशी आपराधिक मामले वाले
476 करोड़पति उम्मीदवार
11.72 करोड़ प्रत्याशी की औसतन संपत्ति
10% महिला उम्मीदवार

### उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि

1710 में से 360 (21 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। 1710 में से 274 (16 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। 17 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किये हैं। 11 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या (आईपीसी-302) से जबकि 30 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ हत्या के प्रयास (आईपीसी-307) से जुड़े मामले घोषित किये हैं। महिलाओं के ऊपर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार 50 हैं। इन 50 में से पांच उम्मीदवार के ऊपर दुष्कर्म (आईपीसी-376) से जुड़ा मामला दर्ज है। इसके अलावा, भड़काऊ भाषण से जुड़े मामले घोषित करने वाले कुल 44 उम्मीदवार हैं।

# झारखंड में 13 को चौथे चरण में वोटिंग, 15 करोड़पति हैं मैदान में

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 13 मई से चार चरणों में लोकसभा चुनाव होनेवाला है। पहले और दूसरे चरण के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन भी कर लिया है। राज्य की 14 में से सात सीटों पर चुनावी योद्धा मैदान में उतर चुके हैं। इन योद्धाओं में कोई करोड़पति तो कोई लखपति है, जो जनता के बीच हाथ जोड़े खड़ा है। झारखंड के पहले चरण के चुनाव में खूंटी, सिंहभूम, पलामू और लोहरदगा में चुनाव होने हैं। इसमें 45 योद्धा मैदान में हैं। इसमें करीब एक दर्जन करोड़पति हैं। नामांकन में दाखिल एफिडेविट में किसी ने पति के नाम पर संपत्ति दिखायी है, तो किसी ने पत्नी के नाम पर। ज्वेलरी से लेकर जमीन, जायदाद और बैंक खाते में जमा राशि भी इसी तरह से दर्शाया है।

**रिपोर्ट क्या कहता है :** एडीआर और द नेशनल इलेक्शन वॉच ने 45 उम्मीदवारों के शपथ पत्र का विश्लेषण कर एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में उम्मीदवारों की संपत्ति की जानकारी दी गयी है। चारों संसदीय सीटों पर उतरीं पार्टियों में से हर एक के एक-एक उम्मीदवार करोड़पति बताये गये हैं। 45 में से 15 उम्मीदवारों की संपत्ति एक करोड़ या उससे अधिक है। औसत की दृष्टि से देखें तो उम्मीदवारों की कुल औसतन संपत्ति करीब 1.75 करोड़ रुपये बतायी गयी है। भाजपा के चार में तीन, कांग्रेस के दो में से एक, झामुमो और राजद के एक-एक प्रत्याशी करोड़पति हैं। निर्दलीय 16 उम्मीदवारों में से चार करोड़पति हैं। रिपोर्ट में सभी पार्टियों के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति की भी जानकारी दी गयी है। भाजपा के चार उम्मीदवारों की औसत संपत्ति छह करोड़ रुपये से अधिक है। कांग्रेस के दो उम्मीदवारों की एक करोड़ से अधिक, झामुमो और राजद के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति क्रमश दो-दो करोड़ रुपये से अधिक बतायी गयी है। रिपोर्ट के मुताबिक पलामू सीट से बहुजन मुक्ति पार्टी के उम्मीदवार राम वचन राम की सबसे अधिक 18 करोड़ से अधिक संपत्ति बतायी गयी है। वहीं खूंटी सीट से भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा की संपत्ति 16 करोड़ से अधिक है।



### पहले और दूसरे चरण के चर्चित प्रत्याशी

चमरा लिंडा-निर्दलीय-लोहरदगा, समीर उरांव-भाजपा-लोहरदगा, सुखदेव भगत-कांग्रेस-लोहरदगा, मुंडा-भाजपा-खूंटी, वीडी राम-भाजपा-पलामू, जेपी पटेल-कांग्रेस-हजारीबाग, मनीष जायसवाल-भाजपा-हजारीबाग, केएन त्रिपाठी-कांग्रेस-चतरा, काली चरण सिंह-भाजपा-चतरा, अन्नपूर्णा देवी-भाजपा-कोडरमा

### नौ पर गंभीर और 13 पर आपराधिक मामले हैं दर्ज

रिपोर्ट के मुताबिक 45 में से 29 प्रतिशत यानी 13 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन्होंने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। नौ उम्मीदवार गंभीर आपराधिक मामलों वाले हैं। पार्टियों के अनुसार दागी उम्मीदवारों की बात करें तो भाजपा के चार उम्मीदवारों में से दो पर पर गंभीर आपराधिक और तीन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कांग्रेस के दो उम्मीदवारों में से एक-एक पर क्रमशः गंभीर और केवल आपराधिक मामले दर्ज हैं। निर्दलीय 16 प्रत्याशियों में से दो पर गंभीर आपराधिक और चार पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। खूंटी से भारत आदिवासी पार्टी की उम्मीदवार बबीता कच्छप पर सबसे अधिक मामले दर्ज हैं।

# एक ही क्लास के 4 स्टूडेंट चुनाव में अलग-अलग पार्टी के हैं दिग्गज नेता

राजवीर

**लोकसभा** चुनाव प्रचार के दौरान जिस तरह से विरोधी एक-दूसरे पर तीखे हमले कर रहे हैं, ऐसा लगता ही नहीं कि कभी वे आपस में ठीक से बात भी करते होंगे। हालांकि ऐसा नहीं है। बहुत सारे ऐसे नेता हैं जो कि भले ही विरोधी दल से हों लेकिन उनके बीच दोस्ती का भी रिश्ता है। इस बार दून स्कूल के एक ही क्लास के चार स्टूडेंट भी चुनावी मैदान में हैं। ये स्टूडेंट को मामूली लोग नहीं, बल्कि अपनी-अपनी पार्टियों के दिग्गज नेता हैं।

दून स्कूल के 1992 बैच के भाजपा नेता जितिन प्रसाद और राघव लखनपाल उत्तर प्रदेश से चुनावी मैदान में हैं। वहीं कांग्रेस के नकुलनााथ छिंदवाड़ा और कालिकेश सिंह देव ओडिशा विधानसभा चुनाव में दम भर रहे हैं। सिंह देव बीजेडी के टिकट से चुनाव में उतरे हैं। सिंह देव 2019 तक लोकसभा सांसद थे। हालांकि राजनीतिक हालातों ने दोनों को ही राज्य की राजनीति में ला दिया। जितिन प्रसाद को भाजपा ने इस बार पीलीभीत से उतारा है, जो कि वरुण गांधी की सीट हुआ करती थी। वहीं सिह देव बोलानगिर से विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

यूपी की सहारनपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी लखनपाल ने कहा कि हम लोग कभी-कभी वॉट्सऐप ग्रुप पर बात कर लेते हैं। हालांकि वहां राजनीति के बारे में बात करने की इजाजत नहीं है। बस कोई इतना ही कह देता है कि चुनाव लड़ने के लिए बधाई। इसके बाद बात खत्म। बता दें कि एक ही क्लास में पढ़ने वाले इन नेताओं के बीच अक्सर मुलाकात भी नहीं हो पाती है। साल 2017 में 25वीं बरसी के मौके पर ये लोग स्कूल में ही मिले थे। सिंह देव ने कहा, राजनीति अलग चीज है लेकिन हम लोग आज भी अच्छे दोस्त हैं। बता दें कि इस बार ओड़िशा में भाजपा और बीजेडी की टक्कर हो रही है। वहीं चुनाव से पहले चर्चा थी कि नकुलनाथ कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में जा रहे हैं। हालांकि ऐसा नहीं हुआ और वह छिंदवाड़ा से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं।

लखनपाल ने कहा कि जब वह रीयूनियन में स्कूल गये थे, तो एक डिबेट में भी हिस्सा लिया था। उस डिबेट की जज प्रियंका गांधी वाड्रा थीं। उन्होंने कहा, जब मैं बोलूं तो आप जज नहीं रहेंगी क्योंकि आप कांग्रेसी हैं। तब उन्होंने कहा, भाजपा वाले अच्छी तरह जानते हैं कि बोलना कैसे है और इस डिबेट में मुझे बेस्ट स्पीकर का अवॉर्ड मिला था। उन्होंने कहा, दून स्कूल से कम से कम दो सासंद रहते ही हैं। पिछले चुनाव में कालिकेश बोलनगिर से हार गये थे। वहीं छिंदवाड़ा से नकुलनाथ की जीत हुई थी। जितिन प्रसाद ने कहा था कि दून स्कूल के छात्रों के लिए यह आम बात है, क्योंकि यहां से पूर्व पीएम राजीव गांधी शशि थरूर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, कमलनाथ, आरपीएन सिंह, अमरिंदर सिंह, नवीन पटनायक और करन सिंह जैसे लोग निकल चुके है।



# निर्दलीय उम्मीदवार जीवन खूब चर्चा में



### नामांकन में भोजपुरी स्टार खेसारी सहित कई कलाकार हुए थे शामिल

सलोनी

**लोकसभा** 2024 का चुनाव जोरों से चल रहा है। सीवान और आसपास जिलों में 25 मई को मतदान होना है, जिसके लिए अब प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इस बीच बड़े-बड़े दल के नेता भारी भीड़ के साथ अपना नामांकन करा रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ निर्दलीय प्रत्याशी भी कोई कम नहीं दिख रहे हैं। अपनी शक्ति प्रदर्शन और उनसे दो कदम आगे चलने की आजकल निर्दलीय प्रत्याशी भी सोचने लगे हैं। इसी बीच सीवान से निर्दलीय प्रत्याशी जीवन यादव आजकल काफी चर्चा में बने हुए हैं। जीवन यादव के अनुसार वह एक समाजसेवी हैं और वह सीवान लोकसभा 18 से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। बड़े-बड़े दल के नेताओं को मात देने के लिए उन्होंने अपने नामांकन में भोजपुरी कलाकर खेसारी लाल यादव, गोलू राजा सहित कई भोजपुरी कलाकारों को बुलाया था। बताया जा रहा है कि उनको देखने के लिए 50 हजार से ज्यादा लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। यही नहीं, खेसारी लाल यादव और सभी कलाकार जीवन यादव के साथ नामांकन कराने सीवान कलेक्ट्रेट तक साथ गये और उनके साथ बेकाबू भीड़ भी चलती रही। नामांकन 2 मई को पूरा हुआ था, लेकिन चर्चा अभी तक हर गली-मुहल्ले में इस प्रत्याशी की हो रही है। वहीं, सभी लोग खेसारी लाल यादव को लेकर खूब चर्चा कर रहे हैं।

# टिकट नहीं...बस वोट का रिश्ता

## सभी दलों ने मुस्लिमों पर जताया कम भरोसा

राजीव

**आबादी** 17 करोड़ और देश की सौ लोकसभा सीटों पर प्रभाव। इनमें से 65 सीटों पर 30 फीसदी से अधिक, तो 40 सीटों पर 35 से 70 फीसदी वोट की हिस्सेदारी। बावजूद इसके टिकट वितरण मामले में मुस्लिम वर्ग किसी दल के एजेंडे में नहीं है। खुद को धर्मनिरपेक्ष बताने वाले दलों ने भी समानांतर ध्रुवीकरण के भय से इस वर्ग की विकल्पहीनता को हथियार बनाया है।

भाजपा नीत सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन में इस बिरादरी को महज तीन टिकट मिले हैं। बीते चुनाव में सात सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारने वाली भाजपा ने केरल के मल्लपुरम से इकलौते मुस्लिम उम्मीदवार को मौका दिया है। एनडीए की सहयोगी जदयू ने किशनगंज, तो एक अन्य सहयोगी एजीपी ने असम की धुबरी सीट पर इस वर्ग को मौका दिया है।

एनडीए की तरह विपक्षी गठबंधन ने भी इस वर्ग के प्रति उदासीनता बरती है। गठबंधन में शामिल कांग्रेस, सपा, राजद, एनसीपी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, शिवसेना (यूटीबी) ने इस समुदाय के महज 31 उम्मीदवार उतारे हैं। बीते चुनाव में 32 सीटों पर इस वर्ग को मौका देने वाली कांग्रेस ने इस बार महज 21 सीटों पर मुसलमानों पर भरोसा जताया है। सपा ने भी सिर्फ चार मुस्लिम उम्मीदवारों को उतारा है।

**बसपा-तृणमूल ने दिखायी दरियादिली :** बीते चुनाव में महज छह मुस्लिम उम्मीदवार उतारने वाली बसपा ने इस बार यूपी में 64 में से 18 टिकट मुस्लिमों को दिये हैं। तृणमूल ने प. बंगाल में पांच उम्मीदवारों को मौका दिया है, जबकि वाम मोर्चा के छह उम्मीदवार मुस्लिम हैं।

**महाराष्ट्र में किसी ने नहीं पूछा:** 48 सीटों वाले महाराष्ट्र में दोनों प्रमुख कांग्रेस-एनसीपी-शिवसेना यूबीटी और भाजपा, शिवसेना शिंदे और एनसीपी अजीत गठबंधन की ओर से एक भी मुसलमान उम्मीदवार मैदान में नहीं है।

बिहार की 40 सीटों में से दोनों गठबंधन को मिला कर महज चार मुसलमान उम्मीदवारों को मौका मिला है।

**समानांतर ध्रुवीकरण का सता रहा डर :** सत्तारूढ़ एनडीए के इतर विपक्ष की मुसलमानों से बरती दूरी को बीते दो लोकसभा चुनावों में अल्पसंख्यक मुसलमानों के ध्रुवीकरण के जवाब में बहुसंख्यकों के समानांतरण ध्रुवीकरण से जोड़ कर देखा जा रहा है। मुसलमानों से जुड़े संगठनों का आरोप है कि विपक्षी दल उसकी बिरादरी की सियासी विकल्पहीनता को हथियार बना रहे हैं।

**सभी दलों ने डाले डोरे मगर... :** मुसलमानों का वोट हासिल करने के लिए सभी दलों ने डोरे तो बहुत डाले, मगर टिकट वितरण के दौरान इन्हें घास नहीं डाली। मसलन भाजपा ने पसमांदा मुसलमानों को जोड़ने की पहल की। न दूर है न खाई है, मोदी हमारा भाई है, अभियान चलाया, मगर यह प्रेम टिकट वितरण में नहीं दिखा।



# बिहार में डॉक्टर भी आजमा रहे हैं चुनाव में अपनी किस्मत

### आधा दर्जन उम्मीदवारों में दो महिलाएं

विद्यासागर

**राजनीति** में चिकित्सकों की भागीदारी कोई नयी बात नहीं है। कभी पटना के नामचीन डॉ विधानचंद्र राय पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बने, तो लोकनायक जय प्रकाश नारायण के निजी चिकित्सक रहे डॉ सीपी ठाकुर सांसद और केंद्र सरकार में मंत्री भी रहे हैं। 17वीं लोकसभा में भी बिहार के दो चिकित्सक संसद पहुंचे। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और निवर्तमान सांसद डॉ संजय जायसवाल भी पेशे से डॉक्टर हैं। वहीं, गोपालगंज के मौजूदा सांसद डॉ आलोक सुमन भी एमबीबीएस डिग्रीधारी हैं। राज्यसभा की सदस्य डॉ मीसा भारती भी एमबीबीएस हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में करीब आधा दर्जन उम्मीदवार एमबीबीएस डिग्रीधारी हैं और संसद की चौखट लांघने की तैयारी में दिन रात एक किये हुए हैं। इनमें मुख्य रूप से भाजपा से डॉ संजय जायसवाल और डॉ राजभूषण चौधरी, जदयू से डॉ आलोक सुमन, राजद से डॉ मीसा भारती और उनकी छोटी बहन डॉ रोहिणी आचार्या और वीआइपी से डॉ राजेश कुशवाहा हैं।



### चौका लगाने के लिए डॉ संजय जायसवाल लड़ रहे चुनाव

तीन चुनाव से लगातार पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट से जीतने वाले भाजपा नेता डॉ संजय जायसवाल ने एमबीबीएस और एमडी जनरल मेडिसिन तक की शिक्षा हासिल की है। डॉक्टर के रूप में समाज को उन्होंने अपनी सेवाएं दी हैं। इस बार वे इस सीट से चुनावी मैदान में चौका मारने चौथी बार भी मैदान में हैं। 2009, 2014 और 2019 में हुए चुनावों में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर भारी जीत हासिल की थी। उल्लेखनीय है कि यहां से इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस के टिकट पर मदन मोहन तिवारी ताल ठोक रहे हैं। इस सीट को वर्तमान सांसद संजय जायसवाल के परिवार की परंपरागत सीट भी कहा जा सकता है। 2008 में हुए परिसीमन से पहले यह बेतिया सीट हुआ करती थी, जहां से लोकसभा चुनाव में डॉ जायसवाल के पिता मदन जायसवाल भी सांसद रह चुके हैं।

### डॉ राजभूषण चौधरी 2019 से हैं सक्रिय राजनीति में

मुजफ्फरपुर से भाजपा के टिकट पर किस्मत आजमा रहे डॉ राजभूषण चौधरी एमबीबीएस हैं। डॉ चौधरी डॉक्टरी की प्रैक्टिस के अलावा निषाद विकास संघ से कई सालों से जुड़े हुए है। निषाद विकास संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के नाते मल्लाह जाति को एससी-एसटी का दर्जा दिलाने के लिए, राजभूषण चौधरी की सक्रियता दिखती है। 2019 लोकसभा चुनाव में वह महागठबंधन की ओर से वीआइपी के टिकट पर भाजपा के अजय निषाद के खिलाफ खड़े थे। हालांकि उन्हें उस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। उसके बाद डॉ राज भूषण चौधरी ने वीआइपी का दामन छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। इस बार राज भूषण चौधरी पर भाजपा ने दांव खेला है और मुजफ्फरपुर से अजय निषाद का टिकट काट कर चौधरी को उम्मीदवार बनाया है।

### दूसरी बार सांसद बनने के लिए मैदान में हैं डॉ आलोक सुमन

गोपालगंज के जदयू सांसद डॉ आलोक कुमार सुमन पर नीतीश कुमार ने एक बार फिर भरोसा जताया है और दूसरी बार उन्हें सुरक्षित गोपालगंज लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। पेशे से चिकित्सक डॉ सुमन लोकसभा में सर्वाधिक उपस्थिति वाले सांसद के रूप में जाने जाते हैं। उनका बचपन गरीबी में गुजरा और अपनी मेहनत के बल पर डॉक्टर बने। डॉ आलोक कुमार सुमन ने अपनी सियासी सफर की शुरुआत 2014 से की और जदयू से जुड़े। वर्ष 2019 में एनडीए में हुए सीट बंटवारे के बाद गोपालगंज की संसदीय सीट जदयू के खाते में चली गयह। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डॉ आलोक कुमार सुमन को 2019 में जदयू के टिकट पर चुनावी मैदान में उतारा। इस चुनाव में उन्होंने राजद प्रत्याशी सुरेंद्र राम उर्फ महान को करीब तीन लाख मतों से हरा कर बड़ी जीत दर्ज की और पहली बार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए।

### मीसा भारती और रोहिणी भी हैं एमबीबीएस डिग्रीधारी

राजद के टिकट पर लोकसभा चुनाव में किस्मत आज रही पूर्व मुख्यमंत्री और राजद सुप्रीमो की बेटी डॉ मीसा भारती और डॉ रोहिणी आचार्या दोनों एमबीबीएस डिग्रीधारी हैं। महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया और बाद में पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) में स्थानांतरित की गयीं। यहीं से उन्होंने एमबीबीएस की डिग्री ली। राज्यसभा सदस्य डॉ मीसा भारती इससे पहले 2014 में पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से राजद से बागी होकर भाजपा से गये राम कृपाल यादव के खिलाफ चुनाव लड़ी थीं। हालांकि, उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। पुनः 2019 में भी मीसा ने पाटलिपुत्र निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव लड़ा और एक बार फिर फिर चुनाव हार गयीं। उनकी बहन डॉ रोहिणी आचार्या पहली बार सारण लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में हैं।

### पूर्वी चंपारण से किस्मत आजमा रहे हैं डॉ राजेश कुशवाहा

पूर्वी चंपारण से लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन की तरफ से वीआइपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे डॉ राजेश कुशवाहा पेशे से डॉक्टर हैं। वह वर्ष 2015 के राजद के टिकट से केसरिया विधानसभा का चुनाव लड़े और विधानसभा पहुंचे। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में भी अपनी उम्मीदवारी पेश की थी, लेकिन मोतिहारी सीट के आरएलएसपी के खाते में चले जाने के बाद उन्हें टिकट नहीं मिल पाया था। उसके बाद किसी कारण से 2020 के विधानसभा चुनाव में उनका टिकट कट गया. फिर भी वह निर्दलीय चुनाव लड़े और अच्छे खासे वोट मिले, जिसकी वजह से महागठबंधन के उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा। लोकसभा चुनाव 2024 में टिकट की जुगत में वह लगे थे और वीआइपी ने उन्हें अपना उम्मीदवार बना दिया।

# शाह-नड्डा की फटकार के बाद भाजपा की रणनीति में बदलाव

## बूथ स्तर पर वोट जुटाने के निर्देश



अक्षय

**लोकसभा** चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान में कम वोटिंग के बाद भारतीय जनता पार्टी परेशान है। तीसरे चरण के मतदान से पहले मध्यप्रदेश भाजपा भी अपनी संगठनात्मक पकड़ मजबूत करने में जुट गयी है। हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिन के मध्यप्रदेश के दौरे पर आये थे। इस दौरान उन्होंने सीएम डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक की थी। इस बैठक में गृह मंत्री ने मंत्रियों और विधायकों को खास निर्देश दिये थे। उन्होंने हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने की जिम्मेदारी दी थी। गृह मंत्री की नाराजगी के बाद मध्यप्रदेश के सभी मंत्री-विधायक सक्रिय हो गये हैं।

### गृह मंत्री अमित शाह ने जतायी नाराजगी

बैठक में शामिल हुए पदाधिकारी ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह की नाराजगी और सलाह के बाद मध्यप्रदेश के सभी मंत्री-विधायक और संगठन के पदाधिकारी सक्रिय हो गये हैं। मंत्री और विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में एक्टिव हो गये हैं। तीसरे चरण में प्रदेश में 7 मई को भिंड, मुरैना, ग्वालियर, गुना, सागर, राजगढ़, विदिशा, भोपाल और बैतूल लोकसभा क्षेत्र में मतदान होगा। इनके अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों के मंत्री और विधायक को प्रचार के साथ मतदान बढ़ाने की जिम्मेदारी भी दी गयी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 66,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 83,000 रु./प्रति किलो |



# ब्राउन शुगर के साथ महिला समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन से आरपीएफ की टीम ने रविवार की सुबह 55.65 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ महिला समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। आरपीएफ इंस्पेक्टर दिगंजय शर्मा के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार तस्कर रांची रेलवे स्टेशन पर ब्राउन शुगर की सप्लाई करने पहुंचे थे, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। बाद में आरपीएफ ने तीनों तस्करों को चुटिया थाना की पुलिस के हवाले कर दिया।

जानकारी के अनुसारए आरपीएफ को सूचना मिली थी कि रांची रेलवे स्टेशन पर ब्राउन शुगर की सप्लाई करने कुछ लोग ट्रेन से आनेवाले हैं। इसके बाद आरपीएफ की टीम स्टेशन पर आने-जाने वाले लोगों पर नजर रख रही थी। इसी दौरान आरपीएफ ने रेलवे स्टेशन से एक महिला समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 55.65 ग्राम ब्राउन शुगर भी बरामद हुआ है, जिसका बाजार मूल्य करीब 12 लाख है।

**सासाराम से रांची में होती है ब्राउन शुगर की सप्लाई**

आरपीएफ ने बताया कि यह गिरोह तीन पार्ट में ब्राउन शुगर का काम करता है। पहला रांची से बस पकड़ कर बिहार स्थित सासाराम पहुंचता है। बड़े पैमाने में ब्राउन शुगर की डिलीवरी सासाराम में होती है, फिर तस्कर सासाराम से ब्राउन शुगर खरीदते हैं और ट्रेन पकड़ कर रांची आते हैं। इसके बाद रांची में सक्रिय ड्रैग पैडलर को ब्राउन की सप्लाई करके गुप्त ठिकानों पर चले जाते हैं।

# चाइबासा में सरना धर्म में वापसी करने वाले एक परिवार का स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाईबासा।** झारखण्ड में पश्चिमी सिंहभूम जिले के घोड़ाबंधा पंचायत क्षेत्र के बाईपी टोला में लगभग दो साल पूर्व ईसाई धर्म अपनाने वाले एक परिवार सरना धर्म में वापस लौट गए और वापस नहीं आने वाले दो परिवार के सदस्यों को बैठक कर ग्रामसभा द्वारा सामाजिक बहिष्कार किया गया।ग्रामीणों ने सरना धर्म में वापस आने वाले परिवार का पारंपरिक दमा-दुमंग एवं सुसुन के साथ भव्य स्वागत किया और वापस नहीं आने वाले दो परिवार के सदस्यों को हो समाज के सभी रीति-रिवाज से बाहर कर दिया।

दरअसल मझगांव थाना क्षेत्र के बाईपी टोला में पराय हेम्ब्रम की अध्यक्षता में ग्राम सभा की बैठक हुई।जिसमें दो साल पूर्व ईसाई धर्म अपनाने वाले तीनों परिवार के सदस्यों को वापस सरना धर्म में आने के लिए सप्रेम प्रस्ताव दिया गया।बैठक में एक परिवार सरना धर्म में वापस आने के लिए राजी हुआ और दो परिवार के लोग राजी नहीं हुए। वापस सरना धर्म में आने वाले धर्मेन हेम्ब्रम के परिवार को ग्राम के दियुरी राजीव हेम्ब्रम के द्वारा बलि चढ़ाकर हल्दी-पानी-आम और तुलसी पत्ता ईत्यादि से हो समाज की प्राचीन परंपरा के मुताबिक शुद्धिकरण किया गया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना। उच्चस्तरीय लोगों से सम्पर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।

**वृष** यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति होगी।

**मिथुन** प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द की वृद्धि,आर्थिक क्षेत्र में सफलता।

**कर्क** औपचारिक सम्पर्क और सम्बन्ध बढेगा,आत्मविश्वास में वृद्धि,धन-द्रव्य का लाभ।

**सिंह** सक्रियता बनाये रखें,सभी काम देर-सबेर पूरा होगा,बेरोजगारों को रोजगार के अबसर बनेंगा।

**कन्या** आर्थिक उन्नति,पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे। पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा।

**तुला** कर्मक्षेत्र में अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी के स्रोत मिलेंगे।

**वृश्चिक** चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान।

**धनु** सुख-साधनों की वृद्धि,आत्मविश्वास में वृद्धि,विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।

**मकर** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ,हर्षदायक समाचार मिलेंगे।

**कुंभ** आरोग्यसुख, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी ।

**मीन** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे। व्यापार में लाभ। समस्याओं का निराकरण होकर नौकरी में कुछ उन्नति होने की संभावना।

# बीएसएनएल के हेड ऑफिस में लगी आग

## फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पाया काबू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बीएसएनएल के हेड ऑफिस में भीषण आग लग गयी। यह घटना रविवार की दोपहर मेसरा ओपी क्षेत्र के जुमार नदी के पास स्थित बीएसएनएल के हेड ऑफिस में हुई। आग लगने की घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। इसके बाद मौके पर मौजूद बीएसएनएल के कर्मचारियों द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां पहुंच कर आग बुझाने में जुटी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। साथ ही मेसरा ओपी प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मी भी मौके पर आग बुझाने के कार्य में जुटे रहे। आग की लपट इतनी तेज थी कि दूर से ही नजर आ रही थी। आग लगने के पीछे शॉर्ट सर्किट होने की वजह सामने आ रही है। हालांकि सही वजह सामने नहीं आयी है। इस आग लगने की घटना में कितने का नुकसान हुआ है, इसके आकलन के बाद ही पता चल पायेगा।

# भ्रष्टाचार के नाम पर डराना बंद करें प्रधानमंत्री: बंधु तिर्की

## झारखंडियों की इतनी ही चिंता है, तो केंद्र बकाया राशि का भुगतान करे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड में आयोजित चुनावी सभाओं में केवल भ्रष्टाचार का नाम लेकर झारखंड के लोगों को डराने, भड़काने और भटकाने से भाजपा को कोई चुनावी लाभ नहीं मिलनेवाला है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी ऐसी कोशिशों बंद कर देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड के साथ ही देश की जनता भी उन्हें और भाजपा को सत्ता से हटाने का मन बना चुकी है। पीएम मोदी को झारखंड के लोगों की यदि इतनी ही अधिक चिंता है और वे झारखंड के लोगों का हित चाहते हैं, तो केंद्र सरकार के पास बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये की राशि का भुगतान अविलंब कर देना चाहिए। श्री तिर्की ने कहा कि झारखंड के लोग एक बात को बहुत अच्छी तरीके से जान चुके हैं कि केंद्र सरकार एक वैसे भ्रष्टाचार पूर्ण वातावरण को प्रोत्साहन दे रही है, जहां भले ही ऊपरी तौर पर पकड़ में ना आये, लेकिन सभी लोग इस बात को जानते हैं कि मोदी सरकार की कार्यप्रणाली में केवल और केवल कुछेक लोगों को ही फायदा पहुंचाने की बात होती है। आम लोगों को महंगाई, बेरोजगारी और अन्य अनेक वैसी जटिल समस्याओं से जूझना पड़ रहा है, जिस पर ना तो प्रधानमंत्री मोदी का, न ही केंद्र सरकार और ना ही भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का ध्यान है। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है, तभी से एक ओर वन संरक्षण कानून को कमजोर किया गया। वहीं दूसरी ओर वनाधिकार कानून के मामले में भी रवैया ढीला-ढाला है। कहा कि चुनाव आते-जाते रहते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री के द्वारा किये जा रहे व्यवहार और उनकी भाषा के कारण संवैधानिक मर्यादा तार-तार हो रही है।

# बस मालिकों को आज गाड़ियों को जमा करने का निर्देश

**रांची (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए गाड़ियों की जरूरतों को देखते रांची जिला प्रशासन तैयारियों में लग गया है। रांची जिले के अंतर्गत संचालित सभी बस संचालकों को कहा है कि 6 मई की रात 8 बजे तक अपनी गाड़ियों को पुलिस लाइन रांची में जमा कर दें। किसी भी परिस्थिति में किसी बाधा के बगैर ससमय चुनाव कार्य पूरा कराना अनिवार्य है। ऐसे में वाहनों का अधिग्रहण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अंतर्गत किया गया है। वाहन जमा करने के आदेश की लापरवाही को चुनाव अपराध के तौर पर लिया जायेगा। निर्धारित प्रावधान के तहत एक वर्ष की सजा या अर्थदंड या दोनों के साथ-साथ वाहन मालिकों के खिलाफ एफआइआर भी हो सकती है। संबंधित वाहनों को ब्लैकलिस्ट भी किया जा सकता है। ऐसे में निर्धारित तिथि तक गाड़ियों को जमा करा दिया जाये।

## झामुमो ने फर्स्ट जेपीएससी नियुक्ति घोटाला मामले में दायर चार्जशीट पर भाजपा को घेरा, कहा

# पहली सरकार का काला चिट्ठा सबको पता था, अब खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** प्रथम जेपीएससी घोटाले में सीबीआइ द्वारा पूर्व जेपीएससी अध्यक्ष समेत 37 लोगों के खिलाफ चार्टशीट दाखिल करने पर झामुमो ने भाजपा पर हमला बोला है। झामुमो ने अपने एक्स हैंडल में लिखा है कि झारखंड में भाजपा की पहली ही सरकार का काला चिट्ठा सबको पता था। अब खुलासा हो गया। भाजपा बताये कि उस समय राज्य में किसकी सरकार थी। 20 साल राज कर सुनियोजित तरीके से भाजपा ने राज्य को पिछड़ा रखने का काम किया। आगे लिखा कि पिछले साढ़े चार साल से वह सत्ता से दूर है। इसलिए तिलमिलायी हुई है। भाजपा इसी षड्यंत्र में लगी हुई है कि कैसे सत्ता पायी जाये और राज्य को फिर लूटा जाये। झारखंड राज्य अलग होने के बाद जेपीएससी प्रथम और द्वितीय सिविल सेवा नियुक्ति में गड़बड़ी का मामला आया था। दोनों परीक्षाओं में धांधली का भी आरोप लगा था। कहा जा रहा था कि मंत्री से लेकर विधायक, सांसद और अफसरों ने अपने रिश्तेदारों और चहेतों को इस परीक्षा में पास करवाया था। उस समय यह मामला काफी तूल पकड़ा था। इसके बाद साल 2012 में झारखंड हाइकोर्ट ने सीबीआइ को इस मामले की जांच का आदेश दिया था। करीब 12 साल बाद अब जाकर सीबीआइ ने अपनी जांच पूरी करने के बाद विशेष कोर्ट में जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष दिलीप प्रसाद, सदस्य गोपाल प्रसाद, राधा गोविंद सिंह नागेश, शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी के अलावे अपर समाहर्ता रैंक के अधिकारी समेत 37 के खिलाफ चार्टशीट दाखिल की है।

# गांडेय विधानसभा उपचुनाव में निर्दलीय अवधेश सिंह गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह के बेंगाबाद थाना पुलिस ने गांडेय विधानसभा उचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह को रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसके शहर के झंडा मैदान के समीप आवास में धावा बोला और इसे बेंगाबाद थाना कांड संख्या 122-22 के मामले में गिरफ्तार किया है। हालांकि आरोपित अवधेश सिंह इस दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार होने के प्रयास में था। लेकिन तीन थानों की पुलिस ने इस आरोपित को फरार होने का मौका नहीं दिया और इसे इसके घर से दबोचने में सफल रही। फिलहाल आरोपित निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस बेंगाबाद थाना ले गयी।

जानकारी के अनुसार प्रखर किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आरोपी अवधेश सिंह ने दो साल पहले बेंगाबाद अंचल में घुस कर जमीन के कागजात में छेड़छाड़ की थी। उस वक्त इसके खिलाफ बेंगाबाद थाना में अंचल अधिकारी के आवेदन पर केस दर्ज किया गया था। कुछ दिन पहले इसके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद इसे पुलिस ने गिरफ्तार किया।

अवधेश सिंह के खिलाफ नगर थाना, मुफस्सिल थाना और पचंबा थाना में केस दर्ज है। हालांकि पुलिस की ओर से मुफस्सिल थाना के एक मामले में इसके जमानत होने की बात कही जा रही है। लेकिन पुलिस मुफस्सिल और पचंबा थाना मामले में इसे रिमांड पर ले सकती है। जमीन के खतियान को लेकर गांडेय के इस निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह ने कई बार आंदोलन किया था, तो कई बार जिला प्रशासन की सख्ती के बाद भी अवधेश सिंह ने गलत तरीके से धारा 144 तोड़ी थी।

## छुट्टी के दिन भी खुले रहे पोस्ट ऑफिस



**रांची (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के महापर्व को देखते रांची डाक मंडल के डाकघर आम नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के लिए रविवार को भी खुले रहे। निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गये लगभग 53000 वोटर आइडी कार्डों को डाक के माध्यम से आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए रांची जीपीओ की मदद से तैयारियां की गयी हैं। रविवार के दिन भी लोगों के घर-घर तक जाकर वोटर आइडी कार्ड का वितरण किया गया। वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदयभान सिंह ने बताया कि डाक कर्मी, डाकिया और जीडीएस की मदद से लगभग 10 हजार वोटर आइडी कार्डों का वितरण घर-घर पहुंचा कर किया गया है।

## श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति का अन्नपूर्णा भंडारा



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा का आयोजन रविवार को किया गया। पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम में आयोजित भंडारा में अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी की देखरेख में बिमला जालान, सत्यभामा देवी, संतोष देवी अग्रवाल, सरोज पोद्दार के द्वारा 1500 जरूरतमंद के बीच प्रसाद का वितरण हुआ। इसमें उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पुर्णमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, नंदकिशोर चौधरी, पवन पोद्दार, विशाल जालान, प्रभाष गोयल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, चिरंजीलाल खंडेलवाल, अंजनी अग्रवाल, चद्रदीप साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## पेसा कानून को लागू करने की मांग



**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् के आरआइ बिल्डिंग, कचहरी चौक स्थित कार्यालय में रविवार को जादो उरांव की अध्यक्षता में की गयी। इसमें आदिवासियों के रहन-सहन पर विचार विमर्श किया गया। परिषद् के महासचिव जादो उरांव ने कहा कि छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम 1908, पांचवी अनुसूची 1950 और पेसा कानून 1996 के अंतर्गत कानून व्यवस्था के रहते हुए आज आदिवासी समाज असुरक्षित महसूस कर रहा है। परिषद् के कार्यकारी अध्यक्ष बाना मुंडा ने कहा कि सीएनटी एक्ट कानून को रहते हुए आदिवासियों के घर, जमीन का लूट-खसोट जारी है। बैठक में अजय लिंडा, बाना मुंडा, बंधु कच्छप, जयराम किस्पोटा, प्रदीप लकड़ा, दीपक जयसवाल, नीरज सहाय आदि उपस्थित थे।

# ऑक्सफोर्ड स्कूल में टेबल टेनिस टूर्नामेंट का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित विद्यालय के पहले इंटर स्कूल टेबल टेनिस टूर्नामेंट का तीसरा दिन उत्साहवर्धक रहा। 3 से 5 मई तक चले इस तीन दिवसीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट की शुरुआत मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी असुंता लकड़ा, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर एसबीपी मेहता, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता ने किया। टूर्नामेंट में कुल छह छात्रों की टीम और पांच छात्राओं की टीम ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग से प्रथम विजेता सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, द्वितीय दिल्ली पब्लिक स्कूल और तृतीय स्थान पर विजेता मदर इंटरनेशनल की टीम रही। बालिका वर्ग में विजेता मदर इंटरनेशनल की टीम रही। द्वितीय विजेता फिरायालाल पब्लिक स्कूल और तृतीय विजेता डीएवी गांधीनगर की टीम रही। इस स्पर्धा में अंडर 11 बालक वर्ग में 11 बालिका वर्ग में विजेता आध्या झा(डीएवी हेहल) और उपविजेता अंकिता मलिक (मदर इंटरनेशनल) रही। अंडर 13 बालक वर्ग में विजेता अलीशद खान (सुरेंद्रनाथ नाथ), उपविजेता अरिट्रो डे (लोयोला), तृतीय स्थान पर आयुष बनर्जी (डॉन बॉस्को) रहे। बालिका वर्ग में विजेता रही निधी कुमारी (मदर इंटरनेशनल), उप-विजेता आकृति सिंह डीएवी गांधीनगर, तृतीय स्थान अर्पिता लिंडा (डीएवी गांधीनगर) की रही।

# झारखंड में मौसम होगा कूल-कूल

- भीषण गर्मी से मिलेगी राहत, पड़ेंगे ओले
- 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेगी हवा
- दो-तीन दिन में चार से छह डिग्री तक तापमान में गिरावट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में पड़ रही भीषण गर्मी से राहत की उम्मीद है। मौसम विभाग ने 6 और 7 मई को आंधी के साथ वज्रपात होने की संभावना जतायी है। 7 मई को ओले पड़ने की संभावना जतायी गयी है। रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, देवघर जिले में कहीं-कहीं ओला पड़ने की आशंका है। विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिनों में तापमान में धीरे-धीरे 4 से 6 डिग्री की गिरावट हो सकती है। 6 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी और दक्षिण पूर्वी भाग में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इसका प्रभाव देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला, सिमडेगा जिलों में पड़ने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार 7 से 9 मई तक कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है। राज्य में कुछ स्थानों पर 10 मई को भी बारिश होगी। 11 मई को राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। 6 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी और दक्षिण पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवा का झोंका चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका है। हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है।

**रांची का तापमान 39 डिग्री**


राजधानी रांची में 6 मई को अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहेगा। वहीं 7 मई को अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रहने की संभावना है। 8 और 9 मई को 34 और 23 डिग्री रहने की संभावना है। 7, 8 और 9 मई को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश और बादल छाये रहने की संभावना है।

## श्री सर्वेश्वरी समूह ने रातू में लगाया नि:शुल्क प्याऊ



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह की रांची शाखा ने रविवार को रातू ब्लॉक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास नि:शुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया। प्याऊ लगने से इस भीषण गर्मी में स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों सहित अन्य लोगों को स्वच्छ और शीतल जल मिलेगा। प्याऊ की शुरूआत से पहले विधिवत पूजन और आरती की गयी। इसके बाद लोगों को पानी देने की सेवा शुरू की गयी। बता दें कि श्री सर्वेश्वरी समूह की रांची शाखा हर साल नि:शुल्क प्याऊ की व्यवस्था करती है। साथ ही शाखा पंछी को दाना, पंछी को पानी कार्यक्रम के अंतर्गत सकोरा का वितरण और रिम्स में हाथ का पंखा भी वितरण किया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी दो महीने यानी ग्रीष्म ऋतु तक लोगों के लिए नि:शुल्क पेयजल की व्यवस्था करायी जा रही है। कार्यक्रम में समूह शाखा रांची की ओर से रणजीत सिंह, धर्मेंद्र सिंह, आशुतोष कुमार, गिरेंद्र नाथ शाहदेव, रोहित कुमार सिंह, सौरभ कुमार, समर सिंह, यदुनाथ शाहदेव, रितिका शाहदेव सहित अन्य मौजूद थे।

## कार्ल मार्क्स के विचार आज भी प्रासंगिक : अजय सिंह



**रांची (आजाद सिपाही)।** सीपीआइ के राज्य कार्यालय के सभागार में रविवार को कार्ल मार्क्स की 206वीं जयंती मनायी गयी। राज्य कार्यकारणी सह रांची जिला सचिव अजय सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में कार्ल मार्क्स की लिखी और कही बातें सत्य साबित हो रही हैं। पूंजीवादी व्यवस्था आम जनों का खून चूस रही है। वर्तमान की सरकार 80 फीसदी आबादी की बात न कर चंद पूंजीपतियों के हाथों की कठपुतली बनी हुई है। आवश्यक खाद्य और जरूरतमंद चीजें जो प्रतिदिन के इस्तेमाल में आती हैं, जो कभी भी टैक्स के दायरे में नहीं आती थीं, सरकार ने उन सभी चीजों पर टैक्स लगा दिया है। यह पूरी तरह से कॉरपोरेट को फायदा पहुंचाया जा रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW




## महत्वपूर्ण खबरें

### भाजपा प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने की रामटहल चौधरी से मुलाकात



रांची(आजाद सिपाही)। भाजपा के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने रविवार की सुबह पूर्व सांसद रामटहल चौधरी से उनके आवास पर मुलाकात की। श्री वाजपेयी भाजपा नेता डॉ प्रणव कुमार बब्बू के साथ ओरमांझी पहुंचे। यह मुलाकात लगभग एक घंटे तक चली। इस दौरान श्री वाजपेयी और श्री चौधरी ने पुरानी बातों और यादों को साझा किया।

### साइंस प्वाइंट के बच्चों ने परचम लहराया



रांची (आजाद सिपाही)। डंगरा टोली स्थित रांची का 16 वर्षों से बेहतर रिजल्ट देना वाला संस्थान साइंस प्वाइंट ने लगातार कई वर्षों से जैक -10 में टॉपर दे रहा है। इस बार भी टॉप-20 में 12 बच्चों ने अपनी जगह बनायी। झारखंड टॉपर रैंक-7 पर हर्षिता कुमारी झा उर्सलाइन इंटर कॉलेज से रैंक-11 संत जेवियर के केशव राय और झारखंड टॉपर रैंक 10 से 20 तक साइंस प्वाइंट के बच्चों ने अपनी जगह बनायी और रांची के बाहार के कॉलेज से टॉप-10 में जगह बनायी। संत जेवियर कॉलेज के रैंक -2 पर केशव राय, रैंक - 4 पर अमन कुमार महतो, रैंक -5 पर सुधांसु यादव, संत पॉल कॉलेज से रैंक -1 पर नवीन कुमार यादव, रैंक - 4 पर मनीष भाटिया, रैंक -6 पर अलताफ अंसारी, रैंक -7 पर रौनक बरहा, डोरंडा कॉलेज से रैंक -1 पर रितिक राज, रैंक - 4 पर तसलीप अंसारी, रैंक -10 पर तौहीद आलम, संत अलोइस इंटर कॉलेज में रैंक -5 पर अभिषेक कुमार राणा और संत जान्स कॉलेज से रैंक -10 पर दो बच्चे रोशन कुमार और आदर्श कुमार, गोस्नर कॉलेज से रैंक -10 पर अंकित कुमार महतो, संत अन्ना के टॉप-10 में तीन बच्चे और झारखंड के अधिकतर कॉलेज, स्कूल में साइंस प्वाइंट के बच्चों ने अपना स्थान बनाया है। संस्थान के डायरेक्टर फैयाज सर ने सभी बच्चों को शूभकामानाएं दी और उन्होंने बोला कि 11वीं कक्षा में एडमिशन शूरू हो गयी है और सभी बच्चों को स्कॉलरशिप दी जा रही है।

### मिस्टर फ्रेशर्स राज, मिस फ्रेशर्स रिया बनी




रांची(आजाद सिपाही)। इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज रांची यूनिवर्सिटी में नये बैच का फ्रेशर्स आगाज-2024 का आयोजन किया गया। इस समारोह में मिस्टर फ्रेशर्स राज सिन्हा और मिस फ्रेशर्स रिया शर्मा को चुना गया। निदेशक प्रो एसएन मिश्र, संयोजक प्रो नीतीश राज, डॉ मो जाकिर, डॉ हैप्पी भाटिया, डॉ प्रिंस पांडेय, अजय राज, अंगिका जयसवाल, रिमझिम, सुरभि, बिमल, अजीत, निशिकांत समेत अन्य उपस्थित थे।

### दो दिवसीय डीलर्स मीट का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची में इनर वियर की दो दिवसीय डीलर्स मीट का आयोजन किया गया। जिसमें दुमका, देवघर, गोड्डा, पाकुड़ से लोग आये और सैंपल्स देखे। यहां पर पहले बॉडी केयर के नाम जाना जाता था, सिर्फ लिंगरी के नाम से अब उन्होंने नाइट वेअर, स्पोर्ट्स वेअर इस साल लॉन्च किया है। जेंट्स-लेडिस में और नाइट सूट्स नाइटी सब तरह की रेंज का कंपनी के सेल्स डायरेक्ट हेमंत जायसवाल के द्वारा उद्घाटन किया गया। इस मौके पर विनय पांडे, आशीष दुबे, मनोज और राजेश धानुका उपस्थित रहे।

### राजद ने सभी लोस क्षेत्रों में चुनाव अभियान समिति का किया गठन

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राजद ने सभी लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव अभियान समिति का गठन कर दिया है। लोकसभा चुनाव अभियान समिति के संयोजक गौतम सागर राणा के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश महासचिव आबिद अली ने इससे संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार राजेश यादव को रांची लोकसभा क्षेत्र का संयोजक बनाया गया है। वहीं दुमका लोकसभा क्षेत्र से प्रवीर कुमार वर्मा, राजमहल से राजकिशोर सिंह यादव, गोड्डा से कल्पना देवी, धनबाद से तारकेश्वर यादव, गिरिडीह से मंजू साह, चतरा से डॉ मनोज कुमार, जमशेदपुर से शारदा देवी, हजारीबाग से अर्जुन यादव, खूंटी से कैलाश यादव, कोडरमा से रामधन यादव, लोहरदगा से मोहसिन अंसारी और सिंहभूम से डीएन सिंह को संयोजक बनाया गया है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस की फुलप्रूफ तैयारी

रांची(आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आइजी अभियान की अध्यक्षता में रविवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। यह बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित हुई। इसमें जिले के एसपी, रेंज के डीआइजी और जोनल आइजी शामिल हुए। इस दौरान चुनाव को लेकर क्या-क्या तैयारी की गयी है। क्या कमियां रह गयी हैं। इसे लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कई दिशा निर्देश भी दिये गये। बताया गया कि चुनाव को लेकर पुलिस की ओर से फुलप्रूफ तैयारी कर ली गयी है। बताते चलें कि झारखंड में चौथे, पांचवें, छठे और सातवें चरण में मतदान होगा। चार लोकसभा सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में 13 मई को चौथे चरण में मतदान होगा। 20 मई को चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में पांचवें चरण का मतदान होगा। गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में 25 मई को छठे चरण में मतदान होगा और राजमहल, दुमका और गोड्डा में 1 जून को सातवें चरण में मतदान होगा। झारखंड की बात करें तो यहां 14 लोकसभा सीटें हैं, जिनमें पांच सीटें एसटी और एक सीट एससी के लिए आरक्षित है। झारखंड में 2.54 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। इनमें 22 लाख मतदाता पहली बार मतदान करेंगे।

### हरमू की रहनेवाली महिला प्रेमी के साथ मिल कर चलाती थी धंधा

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची में एक मई को रांची पुलिस ने अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित सोहराई भवन के पास एक मकान में छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार में शामिल कई लड़कियों व युवकों को पकड़ा था। पकड़ी गयी लड़कियों ने बड़ा खुलासा किया है कि हरमू की रहने वाली शोभा नाम की महिला ये धंधा चलाती थी। वहीं लड़कियों को पश्चिम बंगाल से बुलाती थी। एक लड़की को प्रति दिन 2000 रुपये के हिसाब से पेमेंट किया जाता था। जब पुलिस ने शोभा के कमरे में छापेमारी की तो उसे तो पुलिस ने पकड़ लिया। लेकिन उसका ब्यायफ्रेंड मनदीप कुमार भागने में सफल रहा। मनदीप के बारे में शोभा कुमारी ने बताया कि वह डालटनगंज का रहने वाला है। उसके मोबाइल नंबर के बारे में भी शोभा ने पुलिस को जानकारी दी है। जिसको पुलिस तलाश कर रही है।

# वोट की राजनीति ही जेएमएम-कांग्रेस का उद्देश्य: सुदेश महतो

## नवीन कुमार के साथ सैकड़ों लोगों ने थामा आजसू पार्टी का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने कहा कि चुनाव और वोट की राजनीति करना ही जेएमएम-कांग्रेस का उद्देश्य रह गया है। जेएमएम-कांग्रेस की सरकार के साढ़े चार साल होने को हैं। इस दौरान राज्य ने बहुत कुछ खोया और सहा। अब वादाखिलाफी सरकार की विदाई का वक्त आया है। सुदेश कुमार महतो रविवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मैट्रिक्स क्रॉप केअर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नवीन कुमार, निदेशक सत्येंद्र कुमार नारायण समेत कई ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



सुदेश महतो ने कहा कि सरकारी संरक्षण में खनिज संपदाओं का दोहन बदस्तूर जारी है। सरकार के पास युवाओं के नियोजन, सूखे खेतों में सिंचाई का प्रबंध करने के लिए कोई प्लान नहीं है। इसका परिणाम है जनता, किसान, युवा सभी असहाय महसूस कर रहे हैं। राज्य में चौतरफा निराशा है। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले नवीन कुमार और उनके समर्थकों का स्वागत करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जीवन में एक सफल मुकाम हासिल करने के बाद वापस जमीन से जुड़कर काम करने की इच्छाशक्ति बहुत कम लोगों में होती है। नवीन के हमारे साथ जुड़ने से पार्टी में एक नवीन सोच का पदार्पण हुआ है।

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले नवीन कुमार ने कहा कि जब सामाजिक जीवन में आने का निश्चय किया, तो सबसे पहले आजसू का नाम जेहन में आया। सुदेश महतो की सोच और व्यक्तित्व से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहा हूं। पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करूंगा।

# झारखंड प्रदेश के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी



**कांग्रेस के खड़गे, सोनिया, राहुल और प्रियंका समेत कई दिग्गज पांचवें चरण के चुनाव में झारखंड में करेंगे प्रचार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुकुल वासनिक ने 20 मई को पांचवें चरण के होने वाले लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत झारखंड प्रदेश के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमेन सतीश पॉल मुंजनी ने रविवार को कहा कि स्टार प्रचारकों में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल, गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर, भुपेश बघेल, सुखविंदर सिंह सुक्खू, रेवंत रेड्डी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, तारिक अनवर, डॉ अजय कुमार, सुबोधकांत सहाय, राणा केपी सिंह, आलमगीर आलम, डॉ रामेश्वर उरांव, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, इमरान प्रतापगढ़ी, सुप्रिया श्रीनेत, दीपिका पांडेय सिंह, फुरकान अंसारी, चंद्र शेखर दुबे, डॉ प्रदीप बलमुचू, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, रामचंद्र सिंह, अंबा प्रसाद, उमाशंकर अकेला, योगेंद्र साव, ममता देवी, अशोक चौधरी, जयशंकर पाठक, अमुल्य नीरज खलखो, केदार पासवान, गुंजन सिंह और अभिजीत शामिल हैं।

# भारत को परम वैभव पर ले जाने के लिए मोदी को पीएम बनना जरूरी : संजय सेठ

**संजय सेठ ने मैकलुस्कीगंज के लपरा, हेसालौंग, नावाडीह में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** भारतीय जनता पार्टी से रांची लोकसभा उम्मीदवार संजय सेठ ने रविवार को मैकलुस्कीगंज के लपरा, हेसालौंग, नावाडीह में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान में कांके विधायक समरी लाल, जिप सदस्य सरस्वती देवी, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, महामंत्री अनिल गंझू, रामसूरत यादव, रमेश विश्वकर्मा, जितेंद्र पांडेय, प्रीतम साहू, रामविलास गोप सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। जनसंपर्क अभियान की शुरूआत लपरा स्थित ज्ञानगंगा परिसर से शुरू हुई। वहां पर आयोजित एक बैठक में नागदीप यादव और अन्य ग्रामीणों द्वारा बुके प्रदान कर संजय सेठ का अभिनंदन किया गया। बैठक का संचालन शैलेंद्र शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन प्रीतम कुमार ने किया। मौके पर सुबोध रजक, मनोज गिरि, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद सिंह, प्रदीप यादव, मनदीप यादव, जयप्रकाश प्रकाश यादव, रविंद्र वर्मा, राम लाल गंझू, भोला गंझू, सुनील गिरी, राधेश्याम गुप्ता कुलदीप साहू सहित अन्य लोग शामिल थे। लपरा में बैठक के पश्चात काफिला हेसालौंग गांव पहुंचा, जहां पर ग्रामीणों ने अपने उम्मीदवार का स्वागत किया, हेसालौंग के बाद संजय सेठ का काफिला नावाडीह गांव पहुंचा जहां पर उनका भव्य स्वागत भोला



गुप्ता एवं लपरा मुखिया पुतुल देवी सहित दर्जनों महिला-पुरुष समर्थकों द्वारा माला पहनाकर किया गया। मौके पर अनिल गुप्ता, कलिंदर ठाकुर, शिवनंदन यादव, बासुदेव ठाकुर, बिरजू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान सांसद संजय सेठ ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में पांच सबसे बड़े असंभव कार्य को संभव कर दिखाया। स्वच्छता अभियान, तीन तलाक, राम मंदिर का निर्माण, सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 समाप्त, ऐसे पांच असंभव कार्य को नरेंद्र मोदी ने संभव कर दिखाया है। जो उनकी इच्छा शक्ति का प्रतीक है। स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के चलते देश के लोगों ने साथ दिया और आज भारत के हर गांव में शौचालय, हर शहर-गांव गली और चौराहे हमें स्वच्छ नजर आते हैं।

उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हटाना जम्मू और कश्मीर की जनता 70 साल से धारा 370 की जंजीरों से जकड़ी हुई थी। उन्होंने कहा कि पांच अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने कश्मीर को अनुच्छेद 370 से मुक्ति दिला दी। लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित राज्य घोषित किया। इसमें कश्मीर पंडितों को ही नहीं, बल्कि राज्य के हर नागरिकों को अब केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं का भी फायदा मिलने लगा। इससे कई सालों तक कश्मीर के लोगों को वंचित रखा गया।

### खलारी पहाड़ी मंदिर में पूजन के साथ जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की

खलारी। जनसंपर्क की शुरूआत से पूर्व सर्वप्रथम संजय सेठ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ खलारी पहाड़ी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने विधिवत पूजन कर भगवान से जीत का आशीर्वाद मांगा।

### झामुमो के नरेश यादव ने समथकों के साथ भाजपा का दामन थामा

खलारी क्षेत्र के सबसे पुराने झामुमो कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान रखने वाले नावाडीह निवासी नरेश यादव अपने समथकों के साथ आज भाजपा में शामिल हो गए।नावाडीह में आयोजित चुनावी सभा मे भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया।मौके पर नरेश यादव ने कहा कि उन्हें नरेंद्र मोदी की नीतियां पसंद है और उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज की सेवा करनी है।

# देश को सुरक्षित और मजबूत बनाने के लिए वोट करना है : अर्जुन मुंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने रविवार को तोरपा विधानसभा के पंडरा, ओकड़ा, डोड़मा, तिरला, सोनपुर गढ़, डोड़मा, चंपाबाहा, तपकारा आदि गांवों का दौरा कर लोगों से संपर्क कर उनसे बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान की बात कही। अर्जुन मुंडा ने कहा कि देश को लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को मतदान करना है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से 13 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज मुझे ऐसे सख्श के साथ काम करने का अवसर मिला है, जो दिन रात सिर्फ देश की जनता के लिए सोचते हैं। हमारे प्रधानमंत्री देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने लिए लगातार काम कर रहे हैं, क्योंकि इससे सभी के जीवन में सुधार आयेगा। हमारा देश विकसित होगा, तो यहां की जनता भी विकसित होगी। मुंडा ने कहा कि मुझे कृषि मंत्री के तौर पर भी काम करने अवसर मिला है। इस क्षेत्र में खेती-किसानी की अपार संभावनाएं हैं और इसको लेकर हम सभी मिलकर भविष्य में काम करेंगे। साथ ही मुझे जब से कृषि मंत्रालय का कार्यभार मिला है, तब से लेकर चुनाव घोषणा होने के पहले तक खूंटी लोकसभा में कई कृषि मेले का आयोजन किया जा चुका है। जिसका लाभ यहां के किसानों को मिला है। क्षेत्र के कई किसानों को दिल्ली और बेंगलुरु में प्रशिक्षण भी दिया गया है, जिससे यहां उन्नत खेती की संभावना बढ़े। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि मोदी की गारंटी से ही देश विकसित बनेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 60 साल तक जनता से झूठे वादे करती रही। इस चुनाव में भी व लोगों से झूठे वादे कर वोट लेना चाहती है, परंतु देश झूठे वादों से नहीं चलती। देश अगर चलेगा तो मोदी की गारंटी से चलेगा। नरेंद्र मोदी गरीब का बेटा है, इसलिए वे गरीबों की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग अफवाह फैला रहे हैं कि मोदी संविधान बदल देगा। आरक्षण खत्म कर देगा। इस तरह की अफवाह फैलाकर तथा लोगों को डराकर वोट लेना ठीक नहीं हैं। अतः इस तरह के झूठ में ना पड़ें। चुनाव प्रचार के दौरान, पंडरा, डोड़मा, तपकारा, तोरपा में कई लोगों ने भाजपा का दामन थामा। दौरे में विधायक कोचे मुंडा, विधानसभा प्रभारी अरुण चंद्र गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जायसवाल, शशांक शेखर राय, भाजपा नेता परमानंद कश्यप, पुरेंद्र आदि शामिल थे।

# गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा में सजा शुक्राने का दीवान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा रविवार को दोपहर 3.30 बजे से विशेष दीवान सजाया गया। यह दीवान जत्था द्वारा तीन दिवसीय महान गुरमत समागम के सफल आयोजन के लिए वाहे गुरु का शुक्राना अदा करने के लिए सजाया गया। दीवान की शुरूआत सुखमनी साहिब के सामूहिक पाठ से हुई। इसके बाद स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुजांल ने मेरे राम हर जन की हौ बल जाई... शबद गायन किया। हुजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह और साथियों ने भक्तां दी टेक तूं संगतां दी ओट तू सच्चा सिरजनहारा... और वडे मेरे साहिबा वडी तेरी वडिआइ... और साहिब मेरा एको है एको है भई एको है... जैसे कई शबद गायन कर साध संगत को निहाल किया। मनीष मिढ़ा ने कथा वाचन किया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जीवेंदर सिंह जी ने गुरमत समागम की सफलता के लिए अरदास कर वाहेगुरु का शुक्राना अदा किया तथा गुरु का हुक्मनामा पढ़ा। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने



आयोजन को बेहद सफल बताते हुए गुरुनानक सेवक जत्था के सदस्यों से इसी तरह गुरु घर की सेवा में जुड़े रहने को कहा। सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल ने सभी दीवानों में समय पर शामिल होने के लिए साध संगत का धन्यवाद किया। प्रसाद वितरण के साथ शाम 6.30 बजे दीवान की समाप्ति हुई।

इस मौके पर संगत के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा सिख पंथ के दूसरे गुरु श्री गुरु अंगद देव जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व को मुख रखते हुए सोमवार 6 मई को सुबह 7:30 बजे से 10 बजे तक विशेष दीवान सजाया जायेगा। इस दीवान में मोगा, पंजाब से पधार रहीं बीबी हरप्रीत कौर जी (वाहेनुर) द्वारा कथावाचन होगा और लुधियाना की बीबी अमनदीप कौर जी शबद कीर्तन से साध संगत को गुरवाणी से जोड़ेंगी। दीवान समाप्ति के उपरांत सभा द्वारा गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जायेगा। दीवान में सुरेश मिढ़ा, हरगोबिंद सिंह, मोहन काठपाल, नरेश पपनेजा, जीवन मिढ़ा, महेंद्र अरोड़ा, अनूप गिरधर, बिनोद सुखीजा, हरीश मिढ़ा, रमेश पपनेजा, इंदर मिढ़ा, अश्विनी सुखीजा, रमेश गिरधर, सागर थरेजा, कमल अरोड़ा, राकेश गिरधर, सूरज झंडई, रौनक ग्रोवर, पीयूष मिढ़ा, करण अरोड़ा, जयंत मुंजाल, कशिश नागपाल, विनीत खत्री, जीत सिंह, अमन सचदेवा, इनिश काठपाल, संदीप पपनेजा, हर्षित बजाज, रौनित मुंजाल, यश घई, गीता कटारिया, मनोहरी काठपाल, बबली दुआ, शीतल मुंजाल, मनजीत कौर, बिमला मिढ़ा, रमेश गिरधर, रेशमा गिरधर, नीता मिढ़ा,ममता थरेजा, नीतू किंगर, इंदु पपनेजा, अंजु पपनेजा, रूपा मिढ़ा, दुर्गी मिढ़ा, खुशबू मिढ़ा, आशा मिढ़ा, एकता मिढ़ा, गूंज काठपाल, रश्मि मिढ़ा, उषा झंडई, कुसुम पपनेजा, पूनम मुंजाल, किरण अरोड़ा, बंसी मल्होत्रा, अमर बजाज, श्वेता मिढ़ा, अमर मुंजाल, रजनी तेहरी, गुड़िया मिढ़ा, अंजू काठपाल, रजनी कौर, उषा पपनेजा, बबीता पपनेजा, पम्मी मक्कड़, नीती थरेजा, हर्षा मिढ़ा, सुषमा गिरधर, रेखा मुंजाल, मीना गिरधर, शीतल तेहरी, रानी तलेजा, प्रेमी काठपाल, कांता मिढ़ा समेत अन्य शामिल थे।


## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 2095 Dated 20.04.2024 I. MANJEER ANSARI, Son of JALMAL, aged about- 27 years, Resident of village-Latkutta, Palihari Gurudih, Post- Gomia, P.S.- I.E.L., District- Bokaro (Jharkhand) Aadhar No. 8799 1571 4242 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-1. That, my Nationality is Indian. 2. That, my actual and correct name is MANJEER ANSARI which is mentioned in my Aadhar Card vide No. 8799 1571 4242. 3. That, in my Saving Bank Account of Bank of India Branch- Gomia, vide A/c No. 481110110007055 my name has been mentioned as MD MANJEER ANSARI. That, both names as MANJEER ANSARI and MD MANJEER 4. That, both names as MANJEER ANSARI and MD MANJEER ANSARI are of one and same person i.e. myself. 5. That, I am swearing this affidavit to rectify my name as MANJEER ANSARI in place of MD MANJEER ANSARI in my aforesaid Bank Account and to produce it before authority concern for needful purpose. 6. That, the contents made in this affidavit are true and correct, if same is found false then, I shall be liable to be punished in the eye of law

# ट्रूडो की गलती

कनाडा में एक कार्यक्रम में जिस तरह से प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तान समर्थक नारे लगाये जाते रहे, उस पर भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय ने कनाडा के डेप्युटी हाई कमिश्नर को तलब कर ठीक ही इस पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। खालसा दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में न केवल खालिस्तान समर्थक नारे लगाये गये, बल्कि ऐसे बैनर प्रदर्शित किये गये, जिनमें भारतीय नेताओं को निज्जर का हत्यारा बताया गया था। अफसोस और चिंता की बात यह रही कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की वहां मौजूदगी के बावजूद इन सबको रोकने की या इन्हें गलत बताने की कोई कोशिश नहीं दिखी। इस पूरे मामले में ट्रूडो का व्यवहार राजनयिक पैमाने पर बिल्कुल फिट नहीं बैठता। दोनों देशों के रिश्ते अगर इस मोड़ पर आ गये हैं, जहां उनके बीच भरोसे, आपसी सहयोग और संवाद की कमी है, तो यह अकारण नहीं है। पिछले साल खुद ट्रूडो ने सार्वजनिक रूप से निज्जर हत्याकांड में भारत के शामिल होने का निराधार आरोप लगाया था। भारत के मांगने के बाद भी आज तक उनकी सरकार इस आरोप के पक्ष में कोई सबूत नहीं दे पायी है। भारत बार-बार इस बात को दोहरा रहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इस तरह अलगाववादी और अतिवादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना न केवल दोनों देशों के रिश्तों के लिए बल्कि खुद कनाडा के लिए भी खतरनाक है। कनाडा में इन तत्वों को जिस तरह का खुला स्पेस दे दिया गया है, उसके पीछे वोट बैंक की राजनीति है। मगर लंबे काल में यह सबके लिए नुकसानदेह ही साबित होने वाला है। अच्छा होगा कि कनाडा अपने पड़ोसी देश अमेरिका से सबक ले। यूएस में खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर भी सवाल उठे थे, लेकिन सार्वजनिक बयानबाजी करने के बजाय इस मामले को सरकार के स्तर पर उठाया गया। स्वाभाविक ही भारत ने अमेरिकी सरकार की ओर से मुहैया कराये गये सबूतों को गंभीरता से लिया। इस मामले में एक उच्चस्तरीय जांच शुरू हुई। अच्छी बात यह भी है कि इस मामले को दोनों देशों के संबंधों के दरम्यान नहीं आने दिया गया। निश्चित रूप से कनाडा इस मामले में एक बहुत बुरे उदाहरण के रूप में सामने आया है, लेकिन खालिस्तान समर्थक तत्वों की गतिविधियां कई और देशों में मसला बनी हुई हैं। सभी संबंधित देशों को देर-सबेर यह समझना होगा कि लोकतांत्रिक स्पेस की आड़ में किसी अन्य देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा पैदा करती गतिविधियों को चलने देने की वकालत ठीक नहीं है।

**यूएस में खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को लेकर भी सवाल उठे थे, लेकिन सार्वजनिक बयानबाजी करने के बजाय इस मामले को सरकार के स्तर पर उठाया गया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**एनएचए के अनुमान बताते हैं कि जीडीपी के अनुपात के रूप में सरकारी स्वास्थ्य व्यय में 2014-15 और 2021-22 के बीच 63% की वृद्धि हुई है, जो अभूतपूर्व है। 2014-15 में जीएचइ जीडीपी के 1.13% से बढ़कर 2019-20 में 1.35% हो गया। यह क्रमशः 2020-21 में 1.60% और 2021-22 में 1.84% तक पहुंच गया। प्रति व्यक्ति के संदर्भ में, जीएचइ 2014-15 और 2019-20 के बीच 1,108 रुपये से बढ़ कर 2,014 रुपये हो गया। यह बढ़ता रुझान आगे भी जारी रहा और प्रति व्यक्ति सरकारी व्यय 2020-21 में 2,322 रुपये और 2021-22 में 3,156 रुपये तक पहुंच गया है।**

# स्वास्थ्य के लिए सार्वजनिक वित्तपोषण में वृद्धि

**विनोद के पॉल**



राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (एनएचपी) 2017 में सभी के लिए किफायती व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक सार्वभौमिक पहुंच की परिकल्पना की गई है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए, स्वास्थ्य अवसंरचना का निर्माण करने, सेवाओं में सुधार करने और स्वास्थ्य आश्वासन प्रदान करने के लिए इष्टतम सार्वजनिक व्यय की आवश्यकता है। हाल के वर्षों में स्वास्थ्य पर सार्वजनिक व्यय बढ़ाने के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता राष्ट्रीय स्वास्थ्य खातों (एनएचए) के क्रमिक आंकड़ों से स्पष्ट होती है, जिसमें 2020-21 और 2021-22 के अनंतिम अनुमान भी शामिल हैं।

एनएचए के अनुमान बताते हैं कि जीडीपी के अनुपात के रूप में सरकारी स्वास्थ्य व्यय में 2014-15 और 2021-22 के बीच 63% की वृद्धि हुई है, जो अभूतपूर्व है। 2014-15 में जीएचइ जीडीपी के 1.13% से बढ़कर 2019-20 में 1.35% हो गया। यह क्रमशः 2020-21 में 1.60% और 2021-22 में 1.84% तक पहुंच गया। प्रति व्यक्ति के संदर्भ में, जीएचइ 2014-15 और 2019-20 के बीच 1,108 रुपये से बढ़ कर 2,014 रुपये हो गया। यह बढ़ता रुझान आगे भी जारी रहा और प्रति व्यक्ति सरकारी व्यय 2020-21 में 2,322 रुपये और 2021-22 में 3,156 रुपये तक पहुंच गया है, जो अनंतिम अनुमानों के अनुसार 2014-15 के स्तर का लगभग तीन गुना है।

**स्वास्थ्य पर सरकारी व्यय बढ़ रहा है और लोगों की जेब से होने वाले खर्च में लगातार कमी आ रही है।**

एक अन्य महत्वपूर्ण रुझान यह है कि सरकारी वित्तपोषित बीमा पर व्यय 2013-14 के 4,757 करोड़ रुपये से 4.4 गुना बढ़ कर 2021-22 में 20,771 करोड़ रुपये हो गया है। यह आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाइ) और राज्य स्वास्थ्य आश्वासन/बीमा योजनाओं में बढ़ते निवेश को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, स्वास्थ्य पर सामाजिक सुरक्षा व्यय का हिस्सा कुल स्वास्थ्य व्यय (टीएचइ) के संदर्भ में 2014-15 के 5.7% से बढ़ कर 2019-20 में 9.3% हो गया है। ये रुझान स्पष्ट रूप से स्वास्थ्य सेवा में बढ़ते सरकारी निवेश और एनएचपी 2017 के लक्ष्य - स्वास्थ्य सेवा खर्च में लोगों पर कम वित्तीय बोझ - की दिशा में सकारात्मक बदलाव का संकेत देते हैं।

अच्छी खबर यह है कि टीएचइ के हिस्से के रूप में जेब से होने वाले खर्च (ओओपीइ) में लगातार गिरावट दर्ज की गयी है, जो 2014-15 के 62.6% से घट कर 2019-20 में 47.1% रह गया है। एनएचए के अनंतिम अनुमानों के अनुसार गिरावट का यह रुझान आगे भी जारी रहा है और ओओपीइ की हिस्सेदारी 2020-21 में घटकर 44.4% और 2021-22 में 39.4% रह गयी है। 2014-15 के बाद, 7 वर्षों की अवधि में ओओपीइ में 37% की हुई यह अभूतपूर्व कमी, हमारे नागरिकों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आयी है। विशेष रूप से, कोविड 19 महामारी से प्रभावित वर्षों के दौरान, ओओपीइ में गिरावट जारी रही। वायरस के भीषण प्रभाव कारण अविश्वसनीय रूप से स्वास्थ्य संबंधी देखभाल की अत्यधिक आवश्यकताओं की पृष्ठभूमि में ओओपी में कमी आना वाकई असाधारण है। यह स्वास्थ्य प्रणाली की सुदृढ़ता, सेवाओं की सुलभता और वित्तीय सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा उठाये गये विभिन्न उपायों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है।

पिछले दशक के दौरान ओओपीइ में गिरावट का एक निरंतर एवं निश्चित रूझान कई कारकों के कारण संभव हुआ है। एबी पीएमजेएवाइ के तहत स्वास्थ्य संबंधी आश्वासन के कवरेज से लोगों को भारी बचत हो रही है। यह अनुमान लगाया गया है कि अपनी शुरुआत के बाद से 6.5 करोड़ से अधिक मुफ्त अस्पताल में भर्ती होने के प्रावधान के जरिए एबी - पीएमएजेवाइ ने लोगों को ओओपीइ में 1,35,000 करोड़ की संचयी बचत प्रदान की है। लाभार्थियों को कैंसर सहित गंभीर बीमारियों के लिए शल्य चिकित्सा और चिकित्सीय उपचार का लाभ हासिल करने के लिए संपत्ति उधार लेने या बेचने की जरूरत नहीं है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (2017-18) के अनुसार, विशेष रूप से आंतरिक रोगी देखभाल और संस्थागत प्रसव के लिए सरकारी सुविधाओं के उपयोग में बढ़ोतरी हुई है। मुफ्त एम्बुलेंस सेवाओं, मजबूत सरकारी माध्यमिक व तृतीयक स्तर की सेवाओं और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम ने ओओपीइ के बोझ को रोकने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

दवाएं और डायग्नोस्टिक्स जेब से होने वाले फुटकर खर्चों के प्रमुख कारक होते हैं। कुल 1,69,000 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों सहित विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में मुफ्त दवाओं एवं निदान संबंधी सेवाओं में लगातार सुधार से आम परिवारों को बड़ी वित्तीय बचत हुई है। उपकेंद्र एएएम 105 दवाएं और 14 नैदानिक परीक्षण निःशुल्क प्रदान करते हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एएएम को 172 दवाएं और 63 नैदानिक परीक्षण मुफ्त प्रदान करने का आदेश दिया गया है। जैसा कि एएएम में अनिवार्य है, गैर-संचारी रोगों की प्रारंभिक जांच एवं मुफ्त उपचार, लोगों के स्वस्थ जीवन को लंबा करेगा और भविष्य में होने वाली जीवन के लिए घातक गंभीर जटिलताओं के इलाज पर होने वाले विनाशकारी खर्चों से बचायेगा। आज, व्यावहारिक रूप से सभी जिलों में 10,000 से अधिक जन औषधि केन्द्रों के जरिए 1,900 से अधिक गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं और लगभग 300 सर्जिकल आइटम कम कीमत पर बेचे जा रहे हैं। अनुमान बताते हैं कि 2014 से अब तक इस योजना से उपभोक्ताओं को 28,000 करोड़ रुपये की बचत हुई है। इसी तरह, कोरोनरी स्टेंट, आर्थोपेडिक घुटने के प्रत्यारोपण, कैंसर की दवाओं और अन्य आवश्यक दवाओं के मूल्य विनियमन से लोगों को प्रति वर्ष 27,000 करोड़ रुपये की बचत होती है।

क्रमबद्ध तरीके से प्रायः सभी आर्थिक सर्वेक्षणों में सरकार द्वारा स्वास्थ्य संबंधी व्यय में वृद्धि की प्रवृत्ति की भी रिपोर्ट की गयी है। सकल घरेलू उत्पाद के हिस्से के रूप में, यह वित्त वर्ष 2020-21 में 1.6 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2021-22 (संशोधित अनुमान) में 2.2 प्रतिशत था। स्वास्थ्य सेवाओं और वस्तुओं पर व्यय के अलावा, आर्थिक सर्वेक्षणों के अनुमानों में स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण सामाजिक निर्धारकों, अर्थात जल आपूर्ति और स्वच्छता पर खर्च को भी शामिल किया गया है।

सुरक्षित पेयजल और स्वच्छता का स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। 2019 में जल जीवन मिशन के शुभारंभ के समय केवल 3.23 करोड़ (कुल 19.4 करोड़ में से) ग्रामीण परिवारों (यानी 17 प्रतिशत) के पास नल के पानी की पहुंच थी। अब तक, 14.7 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों (यानी 76 प्रतिशत) के पास घरेलू नल कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार एक बार जब हर ग्रामीण घर में नल का पानी उपलब्ध हो जाता है, तो इससे 5 साल की अवधि में कुल 4 लाख लोगों की जान बच जायेगी। इसी तरह, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अनुमान लगाया है कि स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) - ग्रामीण के के तहत ग्रामीण भारत खुले में शौच से मुक्त होने से, 2014 और अक्टूबर 2019 के बीच 3,00,000 से अधिक मौतों से बचाव संभव हुआ है। सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय में वृद्धि के रुझान और आम लोगों पर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर व्यय के बोझ में लगातार कमी के साथ-साथ स्वास्थ्य सुविधाओं पर सरकारी व्यय और स्वास्थ्य सेवा पर सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की बढ़ती हिस्सेदारी, एक अधिक प्रगतिशील स्वास्थ्य प्रणाली की ओर सकारात्मक कदम का संकेत देती है। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत इंफ्रास्ट्रक्चर मिशनऔर आपातकालीन प्रत्युत्तर तथा स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी पैकेज जैसी विभिन्न योजनाओं के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर के समर्थन को लेकर मिलने वाली धनराशि से देश के स्वास्थ्य संबंधी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिल रही है। इसके अलावा, 15वें वित्त आयोग के तहत स्थानीय निकायों को स्वास्थ्य अनुदान (70,000 करोड़ रुपये की राशि) भी प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणाली में डाला जा रहा है। इन पूंजीगत व्यय के बल पर न केवल देश में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित परिसंपत्तियों का निर्माण संभव हो रहा है, बल्कि सरकार द्वारा दीर्घावधि में राजस्व व्यय में भी वृद्धि होगी। साथ ही, केंद्र और राज्यों द्वारा समग्र सरकारी स्वास्थ्य व्यय में और वृद्धि होगी। भारत की स्वास्थ्य प्रणाली निकट भविष्य में व्यापक स्वास्थ्य कवरेज को वास्तविकता बनाने के लिए, सुधार-निष्पादन-परिवर्तन के पथ पर अग्रसर है।

**(लेखक : डॉ विनोद के पॉल नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) हैं। लेख में व्यक्त किये गये विचार लेखक के निजी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### मुख्यमंत्री ने जोबा मांझी के लिए मांगा वोट

# लोकतंत्र-संविधान को बचाने के लिए वोट करें: चंपाई सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाइबासा।** लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनायें। ये बातें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहीं। वे रविवार को मझगांव विधानसभा क्षेत्र के कुमारडुंगी प्रखंड के ताड़ीसाई और पुटिसिया के लादुसाई राका मैदान में महागठबंधन की साझा प्रत्याशी जोबा मांझी के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की खनिज संपदाओं को लूटने के लिए भाजपा को वोट चाहिए। हमारे जल, जंगल, जमीन को बेचकर अडानी-अंबानी के हाथों में भाजपा सौंपना चाहती है, जिसे पूरा नहीं होने दिया जायेगा।

**जुमलाबाज पार्टी है भाजपा - बन्ना गुप्ता :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड शहीदों की धरती है। इसे लूटने नहीं दिया जायेगा। भाजपा भारतीय जुमला बाजी पार्टी बन गयी है। झारखंडी सीधी लड़ाई लड़ना जानते हैं लेकिन भाजपा पीठ पर छुरा भोकने का काम करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी जोबा माझी को भारी मतों से जीत दिलाकर महागठबंधन को मजबूत करें, ताकि क्षेत्र की समस्याओं को दिल्ली में उठाया जा सके।

**भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होने की जरूरत- जोबा मांझी :** जनसभा के दौरान महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी ने कहा कि तानाशाह वाली भाजपा सरकार को केंद्र से उखाड़ फेंकने के लिए हम सबों को एकजुट होने की आवश्यकता है। साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया गया है, लेकिन झारखंडियों के मान-सम्मान के लिए हेमंत सोरेन भाजपा के सामने नहीं झुके।

# सांसद विद्युत वरण महतो ने पोटका और पूर्वी विधानसभा में भाजपा के चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव में चुनावी तैयारियों को तेज कर दी। रविवार को पोटका विधानसभा अंतर्गत हाता चौक और पुर्वी विधानसभा के गोलमुरी में चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन जमशेदपुर के सांसद सह प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो के द्वारा किया गया।मौके पर पूर्व विधायक मेनका सरदार, जमशेदपुर लोकसभा संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पोटका विधानसभा प्रभारी गुंजन यादव, पुर्वी विधानसभा प्रभारी देवेंद्र सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे। वही सांसद बिद्युत बरण महतो ने कार्यकताओं संग बैठक कर आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए चुनावी रणनीति पर मंथन किया। सांसद सह जमशेदपुर लोकसभा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में लोगो को मतदान केंद्र पर आने के लिए कार्यकर्ताओं से रूपरेखा तय करने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क अभियान में तेजी लाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों को घर-घर ले जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा देशवासी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्प ले चुकी है। सभी को जमशेदपुर लोकसभा के चुनाव में संकल्पित होकर आगे बढ़ना है।उन्होंने कहा अपने बूथ पर मतदान के प्रतिशत को भाजपा के पक्ष में बढ़ाकर विजय प्राप्त करना लक्ष्य है। वहीं उपस्थित कार्यकताओं ने सभी बूथों पर वीजयी कमल खिलाने की संकल्प दोहराया। उन्होंने विश्वास जताया कार्यालय खुल जाने से चुनावी गतिविधियों को बल मिलेगा। लोकसभा संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद ने कहा सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रचार में जुट जाएं। उन्होंने जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को भारी मतों से जीताकर एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा मतदान के लिए अब समय कम है। ऐसे में सभी कार्यकर्ता मंडल अंतर्गत बूथों पर जनसंपर्क अभियान तेज कर जनता से सीधा संवाद करें। उन्होंने कहा बीते दस वर्षों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार व सांसद बिद्युत महतो के द्वारा जमशेदपुर क्षेत्र में किये गए विकास कार्यों व योजनाओं को प्रचार के केंद्र में रखकर जनसंपर्क अभियान सम्पन्न करें। इस अवसर पर अनिल सिंह, रामबाबू तिवारी, चंद्रशेखर मिश्रा, दिनेश कुमार, मिथिलेश सिंह यादव, कल्याणी शरण, संजीव सिंह, राजन सिंह, खेमलाल चौधरी, भूपेंद्र सिंह, पवन अग्रवाल, कुलवंत सिंह बंटी, कमलेश सिंह, मनोज राम, सूरज मंडल, धनंजय उपाध्याया, पप्पू मिश्रा, नवजोत सिंह सोहल, कंचन दत्ता, उमेश गिरी, बीरेंद्र सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### श्रीलेदर्स के प्रेरक शक्ति स्वर्गीय किरणमयी डे के 101वें जन्मदिन पर दी गयी श्रद्धांजलि


# मां के आत्मविश्वास से श्रीलेदर्स को मिली उड़ान : शेखर डे

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** श्रीलेदर्स की प्रेरक शक्ति स्व.किरणमयी डे के 101वें जन्म उत्सव बिष्टुपुर स्थित शोरूम में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। रविवार को स्वर्गीय किरणमयी डे पुत्र शेखर डे, बहू ज्योत्सना डे ने दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर शेखर डे ने नम आंखों से मां किरणमयी डे को याद करते हुए कहा श्रीलेदर्स की स्थापना से लेकर आज तक मां किरणमयी डे की प्रेरक शक्ति ही श्रीलेदर्स को देश दुनिया में एक अलग पहचान दी है। उन्होंने कहा मां आत्मविश्वास की धनी थी। उन्होंने पिता सुरेश चंद्र डे, उनके बच्चे व परिवार के लोगों के अलावा अपने करीबियों को भी हमेशा हौसला बढ़ाया करती थी। जीवन में श्रीलेदर्स परिवार में जब भी मुसीबत आया है मां चट्टान बन कर खड़ी रही। जिसके कारण आज श्रीलेदर्स एक विशाल पेड़ की तरह देश भर में अपनी पहुंच बनाने में कामयाब रही। श्री डे ने का कहा माता और पिता की विरासत को उसने आशिर्वाद से आज बेटों ने आगे बढ़ाने का काम किया। अब उनके पोतों ने इसे विस्तार करते हुए देश के कई राज्यों में एक्सक्लूसिव शोरूम की शुरूवात की। उन्होंने कहा श्रीलेदर्स हमेशा अपने प्रोडक्ट के कीमत व क्वालिटी से कोई समझौता नहीं किया। उन्होंने बताया उनके बेटे सह श्रीलेदर्स के पार्टनर सुशांतो डे ने श्रीलेदर्स शोरूम में शू प्रोडक्ट के साथ एक्सेसरीज प्रोडक्ट को जोड़ा है। वही शेखर डे खुशी जाहिर करते हुए कहा बेटा शुशांतो डे श्रीलेदर्स की कमान अपने हाथों में लेकर बेहतर कार्य कर रहे है। जन्म उत्सव समारोह के दौरान शेखर डे, ज्योत्सना डे, भास्कर मित्रा, श्यामल शिल, पी के नंदी,बरूण डे, सुब्रता मंडल, गोविंद राव सहित श्रीलेदर्स शोरूम के सभी कर्मचारी के अलावा कई गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच का संचालन मीरा शर्मा ने किया।

# पोटका विधायक ने प्रत्याशी समीर महंती के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया



**जमशेदपुर।** इंडिया गठबंधन के जमशेदपुर लोकसभा झामुमो प्रत्याशी समीर कुमार महंती के समर्थन मे पोटका विधायक संजीव सरदार ने पोटका प्रखंड के ग्वालाकाटा पंचायत अंतर्गत जोभीकोचा गांव मे जनसंपर्क अभियान चलाया। रविवार को जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री सरदार ने झामुमो प्रत्याशी समीर कुमार महंती की जीत सुनिश्चित करने के लिए जनता से अपील की। मौके पर श्री सरदार ने झांरखण्ड में बीते चार साल पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व बर्तमान में चम्पई सोरेन की सरकार में आम जनता तक पहुचाये जारहे सरकारी योजनाओं का विस्तार से जानकारी दी। विधायक श्री सरदार ने ग्रामीणों से लोकसभा चुनाव-2024 मे झामुमो प्रत्याशी समीर कुमार महंती को भारी मतों से जिताने की अपील की। इस अवसर पर मानकी सामद, विजय बोदरा, गारदी सामद, बुरगी बोदरा, बुरगी सामद, उदय सामद, बागुन बोदरा, सोमाय बोदरा, नानकी बोदरा, मोटू टुडू, राम सामद, मंगल सिंह सामद, सुनील सामद, सोमु सुंडी, दिलीप सरदार, बुचुंग सरदार, मुकेश सामद मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 06 मई, 2024
www.azadsipahi.in
07

# पलामू की जनता मोदी को तीसरी बार पीएम के रूप में देखना चाहती है : भानु

**विधायक भानुप्रताप शाही के ने सगमा में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए भारी बहुमत से जीत के लिए मंत्र भी दिया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** विधायक भानुप्रताप शाही के द्वारा सगमा में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए भारी बहुमत से जीत के लिए मंत्र भी दिया। इस अवसर पर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भारतीय जानता पार्टी विधायक भानु प्रताप शाही, भगत दायानंद यादव, भारतीय जानता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष दिलीप यादव, सांसद प्रतिनिध राजेंद्र यादव, सहित संयुक्त रूप से फीता काट कर और नारियल फोड़ कर भारतीय जानता पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। और विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी को रोकने के लिए पूरे देश में दो विचारधारा के लोग है, सामंतवादी और उग्रवादी जैसे लोग। उन्होंने कहा कि जैसे सामंतवादी में मंत्री मिथलेश ठाकुर हो गये और उग्रवादी जैसे लोग ताहिर अंसारी। जैसे पूरे देश में सामंतवादी और उग्रवादी जैसे लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रास्ता रोकना चाहते है। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा कि भवनाथपुर विधानसभा के साथ पर पलामू लोकसभा के मतदाता कमल फूल निसान पर तिसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने को लेकर 13 मई का बेसब्री के साथ समय का इंतजार कर रहे हैं।

पलामू की जनता मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार देखना चाहती है। उन्होंने इंडिया गठबंधन के लोगों से सावधान रहने की सलाह देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पुनः बीडी राम पर भरोसा करते हुए टिकट दिया है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत देश का डंका पूरे विश्व में बज रहा है, अपने दस वर्षो के शासनकाल में मोदी जी ने गरीबों के घर में रोटी, कपड़ा, मकान उपलब्ध कराया है। आज सभी के घरों में केंद्र सरकार के द्वारा दिया गया कोई न कोई योजना मिला है। इसे देखते हुए मुझे पूरा विश्वास है कि चार जून को मोदी जी तिसरीबार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इस मौके पर कोर कमिटी सदस्य राजेश जयसवाल, एसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, विधायक प्रतिनिधि धर्मजीत यादव, प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता, उप प्रमुख अर्जुन पासवान, इंद्रमनी जयसवाल, राजेश प्रताप जयसवाल, जयसवाल, बबलू ठाकुर, सखीचंद प्रजापति, रविरंजन यादव, प्रताप यादव, राजेश बैठा, दिनेश ठाकुर, अजय यादव, प्रदीप ठाकुर, आशीष यादव, विनोद प्रजापति सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने वीडी राम के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कांडी प्रखंड में जनसमपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के दौरान ईश्वर सागर ने भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। जनसंपर्क अभियान के दौरान ईश्वर सागर ने घोड़दाग, चटनियां, सुगवादामार नारायणपुर, बरडीहा, शनपुरा, लमारी, हरिगावा, गोसांग, पतीला, कुशहा, खरौंधा घठुवा, खुठेरियासहित दर्जनों गांव का दौरा किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों से रूबरू होते हुए ग्रामीणों को मोदी सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। ग्रामीणों ने भी ईश्वर सागर चंद्रवंशी को गांवों की समस्यओं से अवगत कराया। श्री चंद्रवंशी ने ग्रामीणों को हर समस्या का समाधान कराने का भरोसा भी दिलाया। जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों ने अबकी बार चार सौ पार के नारे के साथ आवाज बुलंद किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि कमल का बटन दबाना हैं और भाजपा प्रत्याशी वीडी राम को जीत दिलाकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करना है।

मौके पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामलाला दुबे, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, सोहगाडा मुखिया ललीत बैठा, कांडी मंडल अध्यक्ष श्रीकांत पांडे उर्फ पप्पू पांडे, शशिरंजन दुबे मझिआंव मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, मोती यादव, चंद्रमा यादव, मणिकांत सिंह, ललू साव, सवेंद्र पांडे, लखन चंद्रवंशी, लखन साव, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने बिलासपुर चेक पोस्ट का किया निरीक्षण



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर ने श्री बंशीधर नगर प्रखंड अंतर्गत अंतर्राज्यीय बॉर्डर बिलासपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वाहन चेकिंग से संबंधित रजिस्टर का अवलोकन किया। चेकिंग के दौरान पकड़े जाने वाले राशियों, मादक पदार्थों और अन्य सामग्रियों का संधारण रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज करने का निर्देश दिया गया। वहीं रिलीज होने वाले राशियों की भी जानकारी उक्त रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया। मौके पर तैनात दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को सघन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। मौके पर डीसीएलआर रंका-सह-स्वीप नोडल, प्रमेश कुमार कुशवाहा, भूमि सुधार उप समाहर्ता श्री बंशीधर नगर शीलवंत कुमार भट्ट, प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कांडी (आजाद सिपाही)। डेमा गांव की एक महिला खुशबू देवी पति राम प्रवेश राम ने शुक्रवार को अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आनन फानन में परिजन उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल लेकर गये। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मायके वालों ने इस मामले को लेकर सदर अस्पताल में देर रात तक हल्ला हंगामा किया। शनिवार सुबह शव का पोस्टमार्टम करके शव परिजनों को सौंप दिया गया। इधर मझिआंव थाना के पंचायत व गांव खरसोता के टोला झीना में निवासी मृतका के पिता गोविंद राम ने गढ़वा थाना में इस मामले को लेकर अपना बयान दर्ज कराया है। कहा है कि अपनी बेटी खुशबू की 2021 में डेमा के राम प्रवेश से शादी किया था। उसे दहेज के लिए बराबर प्रताड़ित किया जा रहा था। शुक्रवार को मेरी बेटी की सबने मिलकर हत्या कर फांसी पर लटका दिया है। इसमें ससुर नागेंद्र राम, सास, पति राम प्रवेश राम व ननद रविता देवी को शामिल बताते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की गयी है। जबकि उनकी मांग पर मृतका का शव उसके मायके भी ले जाया गया था। उसके बाद सतबहिनी झरना तीर्थ स्थित मुक्ति धाम में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मुखाग्नि उसके पति पिंटू राम ने दी। घटना का कारण पति पत्नी में हुए विवाद को बताया जा रहा है। घटना के समय मृतका के ससुर नागेंद्र राम और सास मौके पर मौजूद नहीं थे। जबकि पति रिपेयरिंग के लिए दिया हुआ बाइक लेने दुरान गया था। मृतका अपने पीछे दो साल की एक बेटी छोड़ गयी है।

## राजद प्रत्याशी ममता भुइयां ने किया जनसंपर्क, मांगा वोट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** लोकसभा चुनाव में राजद समर्थित इंडिया महागठबंधन के सांसद प्रत्याशी ममता भुईयां एवं गठबंधन दल के नेताओं ने रंका प्रखंड के चौदह पंचायत का दौरा कर 13 मई को दो नंबर पर चुनाव चिन्ह लालटेन छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने का आशीर्वाद मांगा। इस जनसंपर्क के दौरान ममता भुईयां ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों से भाजपा के प्रत्याशी बीडी राम को जिता कर देख चूके है। जिन्होंने कभी पलामू की जनता के बीच सक्रिय रूप से दुख सुख में शामिल नहीं रहे और न किसी व्यक्ति को पहचानते हैं। वे सिर्फ मोदी जी के नाम पर चुनाव जितते आ रहे हैं। किंतु इस बार जनता ने उनको नकार दिया है और मुझपर विश्वास किया है। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र से जुड़कर जनता के साथ सक्रिय रूप से दुख सूख में साथ रहेंगी और विकास को गति प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि यदि जनता का का आशीर्वाद उन्हें मिलता है तो विकास के मामले में क्षेत्र का कायाकल्प हो जायेगा। ममता भुईयां ने रंका शहर बाजार में रोड शो भी किया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस मौके पर राजद के जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, झामुमो युवा जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू, प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, युवा प्रखंड रंका विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सोनी, अनुमंडल अध्यक्ष जैनुल्लाह अंसारी, युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, बीस सूत्रि प्रखंड अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, बीस सूत्रि प्रखंड उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, मुखिया हासिम अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि विवेक छोटू सिंह, नितिश यादव,भंडुल पाठक, महिला प्रखंड अध्यक्ष मालती देवी, कार्यकारी अध्यक्ष शत्रुघ्न चंद्रवंशी, कांग्रेस के ब्रजेन्द्र चौधरी, बीडीसी जितेंद्र रवि सहित काफी संख्या में दौरा कार्यक्रम में लोग शामिल थे।

## भंडरिया में हुआ राजद कार्यालय का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** भंडारिया मुख्यालय स्थित बाजार रोड में रोजन अंसारी और इबरार अंसारी के घर में राष्ट्रीय जनता दल का कार्यालय 20 सूत्री अध्यक्ष राजू घासी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के अनुमंडल उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष बजरंगी यादव झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की ने संयुक्त रूप से पिता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस कार्यालय उद्घाटन के मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार ममता भुइया को जीता कर दिल्ली भेजने का काम करना है और हम लोग यहां से भारी मतों से जीता कर भंडरिया प्रखंड से भेजने का काम करेंगे। अनुमंडल उपाध्यक्ष ने कहा कि संविधान खतरे में है, यह संविधान बचाने का है और यहां से भारी मतों से जीता कर भेजना है। इस मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामलाल सिंह 20 सूत्री सदस्य सुनीत मिंस मीडिया प्रभारी प्रियंका कुमारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह साइकिलों की संख्या में इंडिया गठबंधन के लोग उपस्थित थे।

## ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में स्थानीय मेलोडी मंडप में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 27 यूनिट रक्तदान किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर के जाने-माने चिकित्सक डॉक्टर ज्वाला प्रसाद सिंह डॉक्टर मुरली प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी नंदकुमार गुप्ता, विनोद कमलापुरी मनोज केसरी विजय केसरी लायंस क्लब गढ़वा सिटी के पूर्व अध्यक्ष राजमणि प्रसाद राज नारायण प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि डॉ जेपी सिंह ने कहा कि मनुष्य के शरीर में दो तरह के मशीन काम करते हैं, जो एक रक्त बनता है और दूसरा रक्त को नष्ट भी करता है। जब हम रक्तदान करते हैं, तब 24 से 36 घंटे के अंदर उतना रक्त हमारे शरीर में बन जाता है, इसलिए एक स्वस्थ आदमी को रक्तदान करना चाहिए, ताकि किसी दूसरे व्यक्ति का जीवन बचाया जा सके। रक्त किसी फैक्ट्री या मशीन में उत्पादन नहीं किया जा सकता, यह मानव के शरीर में ही मिल सकता है, इसलिए स्वस्थ व्यक्ति को रक्त दान करने के प्रति हमेशा पद पर होने की आवश्यकता है, ताकि समाज में जरूरतमंद लोगों का भला हो सके। रक्तदान करने वालों में विकास कुमार तिवारी अंगद पासवान राकेश कुमार केसरी, दीपक वर्मा, चंदन कुमार, बशीर खान, तबारक हुसैन और दीपक कुमार सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

इस अवसर पर सौसर पर गढ़वा टेंट डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद जायसवाल दयाशंकर गुप्ता अनिल कश्यप, विनोद गुप्ता, विकास तिवारी, आकाश तिवारी, प्रदीप विश्वकर्मा, अमित गुप्ता, अनिल गुप्ता, मोहम्मद मुख्तार अंसारी, राजेश कुमार पासवान अप्पू केसरी तथा राजू राम मेहता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा, तो अनुमंडल का नाम भी रौशन होगा : शेखर जमुआर

**डीसी ने कहा कि सभी पंचायत के मुखिया मतदान केंद्र पर खराब पड़े चापानल, जल मीनार को शीघ्र दुरुस्त करायें, ताकि मतदान केंद्र में पहुंचने वाले मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो सके।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व है। चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर पंचायत के प्रतिनिधि अपने कार्यक्षेत्र में प्रभात फेरी निकालें, रात्रि चौपाल लगाकर मतदाताओं को मतदान केंद्र पर पहुंचने के लिये उन्हें प्रेरित करें। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने कही। वे रविवार को यहां प्रखंड कार्यालय के सभागार में श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के सभी मुखिया और वार्ड पार्षद के साथ बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में पंचायत प्रतिनिधियों की जिम्मेवारी अहम है। डीसी ने कहा कि सभी पंचायत के मुखिया मतदान केंद्र पर खराब पड़े चापानल, जल मीनार को शीघ्र दुरुस्त करायें। ताकि मतदान केंद्र में पहुंचने वाले मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि 13 मई की सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाना है।

डीसी ने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा तो अनुमंडल का नाम भी रौशन होगा। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत मतदान को लेकर आंगनबाड़ी सेविका, ग्राम सहिया द्वारा चुनाव पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। डीसी ने कहा कि इस महापर्व में सभी की सहभागिता जरूरी है तभी शत प्रतिशत मतदान होगा। उन्होंने कहा की मतदान केंद्र का ऐसा माहौल तैयार करें जिससे मतदाता मतदान केंद्र पहुंचे।

बैठक के दौरान डीसी ने शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों से भी राय भी ली। उन्होंने कहा कि आपके प्रयास से ही मत प्रतिशत बढ़ेगा इसके लिये आज से ही अपने अपने कार्यक्षेत्र में रंगोली, प्रभात फेरी, नुकड़ नाटक निकालकर मतदाताओं को प्रेरित करने का काम करें। डीसी ने जिला प्रशासन की ओर से मतदान केंद्र में दिये जा रहे व्यवस्था से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस बार वैसे दिव्यांग जो मतदान केंद्र में मतदान करने आने में असमर्थ है उन्हें और 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोगों को बैलेट पेपर के माध्यम से उनके घर जाकर वोट लिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में पहुंचने वाले दिव्यांग के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था के साथ साथ सभी मतदान केंद्र में बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था भी की जा रही है। बैठक में श्री बंशीधर नगर के डीसीएलआर शीलवंत भट, रंका के डीसीएलआर राम प्रवेश कुशवाहा, बीडीओ आदिती गुप्ता, सगमा प्रखंड के बीडीओ सत्यम कुमार सहित अनुमंडल के सभी प्रखंडों के मुखिया, बीडीसी और वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## शोषण मुक्त व्यवस्था का निर्माण ही मार्क्सवाद का मूल सिद्धांत : संजय

कोडरमा(आजाद सिपाही)। क्रांतिकारी विचारक, अर्थशास्त्री और महान दार्शनिक कार्ल मार्क्स की 207वीं जयंती पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने महामानव मार्क्स के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में मजदूरों का राज कायम हो, मनुष्य के द्वारा मनुष्य का शोषण न हो और एक शोषण मुक्त समाजवादी व्यवस्था का निर्माण हो यही मार्क्सवाद का मूल सिद्धांत है। 1848 में एंगेल्स के साथ मिलकर लिखे कम्युनिस्ट घोषणा पत्र के 176 वर्ष और इन दोनों की कालजयी किताब पूंजी (दास कैपिटल) को आये 157 वर्ष हो गये। मार्क्सवाद वैज्ञानिक दर्शन और विचार है।

## इग्नू की स्थापना का उद्देश्य सरल, सुगम और समग्र शिक्षा प्रदान करना है : डॉ अरुण तिवारी

**एसपीडी कॉलेज इग्नू अध्ययन केंद्र में अभिप्रेरणा बैठक आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** स्थानीय सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज स्थित इग्नु अध्ययन केन्द्र में रविवार को सत्र जनवरी 2024 के शिक्षार्थियों के लिए इग्नु की अभिप्रेरणा बैठक आयोजित की गयी। इस मौके पर उपस्थित शिक्षार्थियों को इग्नु और उसके पाठ्यक्रम के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। इस अवसर पर इग्नु अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. अरुण कुमार तिवारी ने कहा कि इग्नु (इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी) की स्थापना के उद्देश्य सरल, सुगम और समग्र शिक्षा प्रदान करना है। इसकी स्थापना संसद में एक अधिनियम के द्वारा 1985 में की गयी। उन्होने इग्नु के गुणवत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही इग्नु के प्रत्येक कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी देते हुए बताया कि इग्नु ही एक ऐसी संस्था है, जो वर्ष में दो सत्र जनवरी तथा जुलाई में नामांकन की सुविधा उपलब्ध कराती है। साथ ही पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार परीक्षा लेती है तथा उसके परीक्षाफल जारी करती है। दोनों ही सत्र नियमित चलते हैं। उन्होंने कहा कि इग्नु के द्वारा कयी नये कार्यक्रम चलाये जाते हैं, जो रोजगारोन्मुखी और राष्ट्र को समग्र विकास की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने इग्नु के कार्य का मूल्यांकन तथा सत्रावधि परीक्षा के मूल्यांकन प्रतिशत के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने कहा कि महाविद्यालय में संचालित इग्नु अध्ययन केंद्र पर जो भी शिक्षार्थी नामांकित है, उनके लिए अध्ययन, अध्यापन की पुरी सुविधा प्रदान की जाती है। समय-समय पर कक्षा संचालन के लिए उन्हे सूचनाएं प्रेषित की जायेगी। रुटीन के अनुसार कक्षायें रविवार को संचालित होती है। इस अवसर पर प्रो. अर्जुन प्रसाद, डा. उमेश सहाय, प्रो. भरत उपाध्याय, प्रो. संजय केशरी आदि ने इग्नु के असाइनमेंट, ऑनलाईन जानकारी हाशिल करने आदि के संबंध में विस्तृत रुप से जानकारी रखी। कार्यक्रम का संचालन इग्नु के सहायक समन्वयक प्रो. विवेकानंद उपाध्याय और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. कमलेश सिन्हा ने किया। इस मौके पर सहायक अखिलेश कुमार तिवारी समेंत मनोहर राम, चन्द्रकांत सिंह व शिक्षार्थी उपस्थित थे।

## विजय हांसदा 10 मई को करेंगे नॉमिनेशन

कार्तिक कुमार



**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** राजमहल संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी विजय हांसदा 10 मई को अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। नामांकन की तैयारी और पार्टी कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियां को गिनाने का संदेश देने के बाद रविवार को पाकुड़ में पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। मीडिया से बात करते हुए कहा कि नामांकन के दिन इंडी गठबंधन के तमाम बड़े नेता और भारी तादाद में कार्यकर्ता साहिबगंज में जुटेंगे। उन्होंने कहा कि आज एक लहर है, चुनाव किस ओर जा रहा है। एक पक्ष देश के संविधान को मिटाने की बात कर रहा है, तो हमारा गठबंधन संविधान को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहा है। विजय हांसदा ने कहा कि हेमंत सोरेन के द्वारा किये गये विकास कार्यों को चंपाई सोरेन लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। लोगों को तमाम जन सुविधाएं मिल रही हैं। आज बिजली, पानी, आवास जैसी सुविधाएं लोगों को मिल रही हैं। देश के पैमाने पर देखें तो झारखंड प्रदेश को अनदेखी की गयी, बीजेपी के नेता आज मंगलसूत्र और पाकिस्तान की बात कर रहे हैं। उनके पास कोई विकास की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में मेरे प्रयास से तीन सौ से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें बनायी गयी हैं, सैकड़ों बड़े-बड़े पुल का निर्माण हुआ है। एक सवाल पर विजय हांसदा ने लोबिन हेंब्रम के निर्दलीय चुनाव लड़ने की बात पर कहा कि बहुत जल्द पार्टी उनके मुद्दे पर निर्णय लेगी। केंद्रीय कमेटी में इस बात की चर्चा चल रही है। मौके पर जिलाध्यक्ष श्याम यादव, जिला सचिव सुलेमान बास्की सहित पार्टी के तमाम बड़े नेता और पदाधिकारी मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 06 मई, 2024
www.azadsipahi.in


# विकसित भारत बनाने के लिए भाजपा को विजयी बनायें : अर्जुन

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** भाजपा देश में सरकार बनाने और विकसित भारत बनाने के लिए चुनाव लड़ रही है, जबकि अनय दल सिर्फ सांसद बनने के लिए चुनाव मैदान में हैं। ये बातें केंद्रीय मंत्री और खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने कही। मुंडा रविवार शाम तोरपा के विधायक और खूंटी लोकसभा प्रभारी कोचे मुंडा के आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रबुद्ध जनों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता तो अक्सर बैठकों में भाग लेते रहते हैं, पर आज ऐसे लोगों की बैठक बुलाई गयी, जिनके दिलों में भाजपा बसती है और उनके ही वोटों के बल पर सरकार बनती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कें नेतृत्व में देश लगातार विकास की ओर अग्रसर है। आज हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़र अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। अर्जुन मुंडा नें कहा कि अधिकतर बीमारियां दूषित पानी के कारण होती है। इसकें लिए प्रधानमंत्री ने लोगों के घरों तक स्वच्छ पानी पहुंचाया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नें चुनौतियों को संभावना में बदला। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में भाजपा की विश्वसनीयता बढ़ी है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि विपक्ष लोगों के बीच भ्रम फैला रहा है कि भाजपा की सरकार बनी, तो संविधान कों बदल देगी, आरक्षण को खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि जिस संविधान कों अंगीबार कर चुके हैं और आत्मसात कर चुके हैं, उसे भला कैसे बदला जा सकता है। अर्जुन मुंडा ने प्रबुद्ध जनों से कहा कि आप समाज कों सही दिशा दे सकते हैं। इसलिएए ग्रामीणों को ऐसी अफवाहों से बचायें और विकसित भारत, विकसित परिवार के लिए 13 मई को भाजपा कें पक्ष में मतदान करनें के लिए लोगों को प्रेरित करें। कार्यक्रम को लोकसभा प्रभारी रविद्र राय विधायक कोचे मुंडा, सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप शर्मा, शिव शंकर मिश्र, सेंवानिवृत्त शिक्षक तारा प्रासद सिंह आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर काफी संख्या में समर्थक उपस्थित थे।

# खूंटी से कमल खिलाकर दिल्ली भेजें : नीलकंठ सिंह मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने रविवार को कर्रा में भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर भाजपा के लोकसभा प्रभारी रविंद्र राय, जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कैलाश महतो, जिला परिषद की उपाध्यक्ष मंजू देवी आदि उपस्थित थे। बाद में नीलकंठ सिंह मुंडा ने जुरदाग गांव में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव देश के विकास और हर परिवार के विकास के लिए है। उन्होंने कहा कि प्रधाानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरककार ने पिछले दस वर्षों में जितना काम किया, उतना काम साठ वर्षों के कांग्रेस के कार्यकाल में भी नहीं हुआ। विधायक ने लोगों से अपील की कि वे खूंटी से एक कमल खिलाकर दिल्ली भेजें, ताकि हम तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बना सकें। उन्होंने लोगों से अपील की कि 13 मई को भाजपा के कमल फूल छाप पर बटन दबाकर अर्जुन मुंडा को भारी मतों से विलयी बनायें।

# जल संचयन के लिए श्रमदान कर ग्रामीणों ने बनाया बोरी बांध

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** प्रचंड गर्मी के इस मौसम में ग्रामीणों को जल संकट का सामना ना करना पड़े इसे लेकर मुरहू प्रखंड के ग्राम मडगांव के ग्रामीणों ने रविवार को गांव के किनारे से बहने वाली बनई नदी में जल संचयन के लिए श्रमदान से बोरी बांध का निर्माण किया। मड़गांव के ग्रामप्रधान जुनास ढ़ोढ़राय ने बताया कि बालू के अवैध उठाव और प्रचंड गर्मी के कारण नदी की धारा सूखने लगी थी। स्थिति यह हो गयी थी कि सप्ताह भर के अंदर नदी का पानी सूख जाता और गांव के लोगों को इस प्रचंड गर्मी में घोर जल संकट का सामना करना पड़ता। आसन्न जल संकट की इस समस्या के समाधान के लिए गत गुरुवार को ग्रामसभा की बैठक में बोरीबांध बनाने का निर्णय लिया गया। इसी निर्णय के तहत सेवा वेलफेयर सोसाईटी से नामक संस्था के सहयोग से रविवार को नदी में बोरी बांध बनाया गया जिसमें गांव के अधिकांश लोगों ने श्रमदान किया। उन्होंने बताया कि बोरी बांध बनने के बाद नदी में तेजी से जल संचयन होने लगा है। नदी में जल संचयन होने से अब गांव के लोगों को इस गर्मी में पानी के संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि ग्रामसभा की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि गांव के सीमन से अब बालू का अवैध उठाव नहीं होने दिया जायेगा। जुनास ढ़ोढ़राय ने बताया कि अगले रविवार को नदी पर एक और बोरीबांध का निर्माण किया जायेगा।

## चतरा जिला वुशू संघ ने किया सलेक्शन ट्रायल का आयोजन

# 50 जूनियर और सीनियर खिलाड़ियों का चयन

आजाद सिपाही संवाददाता




**खलारी।** चतरा जिला वुशू संघ ने डकरा केन्द्रीय विद्यालय प्रांगण में एक सलेक्शन ट्रायल का आयोजन किया। सलेक्शन ट्रायल में जिले के 50 जुनियर और सीनियर खिलाड़ियों ने अपना ट्रायल देकर चतरा जिला वुशू जूनियर एवं सीनियर टीम में स्थान निश्चित किया। चयनित होने वालों में ताऊलू स्पर्धा में उज्ज्वल पाल, विक्रम गंझू, रौशनी कुमारी, सुमो कुमारी, अविनाश कुमार गंझू, जेठु गंझू, भास्कर ठाकुर, अंकित कुमार, शिवम उरांव, ललन यादव, पिन्टु महतो, रोहित कुमार गंझू, हिमांशु सागर, आयुष साव, कुसुम कुमारी, डॉली कुमारी, शीतल कुमारी, तनु कुमारी और सनसाऊ (फाईट) में अर्पित श्रीवास्तव, आशुतोष कुमार, कृष्णा गंझू, नेहाल श्रीवास्तव, मो. आरिफ, राजकुमार सिंह, अनुज कुमार, इन्द्रजीत सिंह, पवन कुमार, बंधु यादव, रुपलाल महतो षामिल है। मालुम हो कि सभी चयनित सभी खिलाड़ी रांची मे 12 से 13 मई 2024 को 20वां जुनियर स्टेट वुशू चैम्पियनशिप और 2 से 3 जून को लॉन बॉल स्टेडियम नामकुम में 20वां सीनियर स्टेट चैम्पियनशिप का आयोजन मे भाग लेगें।

यह सम्पूर्ण ट्रायल राष्ट्रीय वुशू निर्णायक रजी अहमद के दिशा निर्देश में संचालित हुआ और इनका सहयोग राष्ट्रीय पदक विजेता वुशू खिलाड़ी अविनाश कुमार कर रहे थे।

## भाजपा ने किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** चांडिल डेम रोड के अन्नपूर्णा बैंक्वीट हॉल में भाजपा के चांडिल मध्य मंडल का चुनावी कार्यालय का फीता काट कर उद्घाटन किया। ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह, रांची लोकसभा के संयोजक संजीव विजयवर्गीय, ईचागढ़ विधानसभा संयोजक मधु गोराई और सह संयोजक सारथी महतो ने संयुक्त रुप से विधिवत रूप से किया। साथ ही ईचागढ़ विधानसभा कोर कमेटी की बैठक की गयी।

## ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की मौत

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सोनाहातू थाना क्षेत्र के जिंतु पंचायत के मिटकुटोली के सामने रविवार सुबह पांच बजे एक बालू लदा ट्रैक्टर पलटने से चालक 22 वर्षीय युवक सत्यानारायण सिंह मुंडा का मौत हो गया है। घटना की सूचना पर सोनाहातू पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए रिम्स भेज दिया है। घटना के संबध में स्थानीय लोगों ने बताया कि चोरी छिपे बालू लेकर ट्रैक्टर जा रहा था। हड़बड़ी मैं संतुलन बिगड़ जाने से ट्रैक्टर पलट गया जिससे चालक का मौत हुआ है। मृतक सोनाहातू थाना क्षेत्र के गोमियाडीह गांव का रहने वाला था। मृतक के माता पिता नही है। एक वर्ष पूर्व ही शादी किया था।

## अर्जुन मुंडा के पक्ष में वोट देने की अपील की



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बाइक रैली निकाल कर लोगों से जनसंपर्क के माध्यम से अर्जुन मुंडा के पक्ष में वोट देने की अपील की गयी। दिलवर हंस एवं प्रकाश सिंह मुंडा के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस बाइक रैली को जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा, गणेश सोलंकी तथा सुखलाल सिंह मुंडा ने भाजपा एवं आजसू का झंडा दिखाकर रवाना किया। तमाड़, पुंडीदीरी,सरलोंगा, झरगांव, जाहिर टीकर, झटगांव, देगादाड़ी, कुंदला, परासी, लोंडरा मानकीडीह, उलीडीह आदि गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा को कमल फूल छाप में वोट देकर विजयी बनाने की अपील की गयी। रैली में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए एवं भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी ज़िंदाबाद, अर्जुन मुंडा जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे।

# कांग्रेस के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के तपकरा में रविवार को कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता, दयामनी बारला, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के खूंटी लोकाभा को आर्डिनेटर वैभव शुक्ला और सुमैर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर दयामनी बारला ने लोकसभा प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लेने की अपील कार्यकर्ताओं से की। मौके पर जिला प्रवक्ता रविकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष तैयब अंसारी, इमरान खान, पवन साहू, अख्तरी अहमद, नमन तोपनो, सलीम तोपनो आदि उपस्थित थे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने की कालीचरा मुंडा को विजयी बनाने की अपील कांग्रेस के खूंटी जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने रविवार को अड़की प्रखंड की नौढी पंचायत के कुजीयांबा ग्राम में चुनावी सभा को संबोधित किया और कांग्रेस पार्टी की उपलब्धियों और पार्टी के शीर्ष नेताओं की कुर्बानियों की जानकारी दी और और इंडी गठबंधन के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। मौके पर ग्राम प्रधान गोपाल पुरान, जिला सचिव संजय साहू, जिला उपाध्यक्ष तिब्रनाथ सिंह मुंडा, प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, अनमोल होरो, गणेश पुराण, गाजी महली, सतोष पुराण, प्रहलाद पुराण, जगदीश मुंडा आदि उपस्थित थे।

# राजद नेता गणेश यादव का निधन, शोक

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** 1990 से 2000 के बीच जनता दल और राष्ट्रीय जनता दल के मजबूत नेता के रूप में पटना और रांची की राजनीति में पकड़ रखने वाले गणेश यादव का रविवार को सुबह रांची के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उन्हें शनिवार शाम को बुढ़मू प्रखंड के ओझासाड़म गांव में ब्रेन हेमरेज आघात के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वे मूल रूप से ओझा साड़म गांव के रहने वाले थे लेकिन व्यवसायिक कारणों से खलारी के केडी में रहते थे। पैतृक गांव के शमसान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें खलारी और बुढ़मू के कई जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। वे अपने पीछे पत्नी सहित चार बच्चे छोड़ गए हैं। सीसीएल जेसीएससी सदस्य कमलेश कुमार सिंह, गोल्टेन प्रसाद यादव, राजद खलारी अध्यक्ष इस्माइल अंसारी, सागर राम और विभिन्न राजनीतिक दलों और श्रमिक संगठन के लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। इधर डॉ अंबेडकर विचार मंच खलारी एनके पिपरवार ने भी सामाजिक नेता स्वर्गीय गणेष यादव के निधन पर शोक सवेंदना व्यक्त किया है। मंच के संरक्षक मनोज भुईयां ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि स्वर्गीय गणेष यादव ने समाज में असहाय और दुखी लोगों की मदद के लिए हमेषा तत्पर रहते थे। उनके असमय दुनिया से जाना समाज को बहुत क्षति हुई है। वहीं षोक प्रकट करने वालों में शंभूनाथ गंझू, ष्यामजी महतो, अषोक महतो, रवींद्र पासवान, गणेश भुईयां, शशिकांत, रवीन्द्रनाथ चैधरी, सुरेन्द्र राम, बुधराम मुंडा, अनिता एक्का, सरोज चैधरी, रमेश गंझू, सुनील पासवान, देवा मुंडा, माया देवी, पूजा देवी, चमन तुरी, बिनोद तुरी, विजय गंझू सहित अन्य शामिल है।

## भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**अड़की (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी अड़की मंडल के बिरबांकी में चुनाव कार्यालय का विधिवत फीता काटकर अनुसूचित जनजाति मोर्चा खूंटी जिला अध्यक्ष संजय मुंडा, मंडल अध्यक्ष मोती पातर, लुकिंन मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें मुख्य रूप से तमाड़ विधानसभा प्रभारी विनोद सिंह, संतोष साहू उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में एतवा पूर्ति, मांड़की मुंडा, सनिका मुंडा, सोमा मुंडा, घासू मुंडा, माड़की पूर्ती आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संडे ड्यूटी को लेकर सभी बिंदुओं को स्पष्ट करें एनके महाप्रबंधक : बीएन पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** आरसीएमएस के एनके एरिया अध्यक्ष सह सदस्य सीसीएल जनकल्याण समिति बीएन पांडेय ने सीसीएल एनके महाप्रबंधक को पत्र देकर संडे डिउटी के सभी बिंदुओं को स्पष्ट करने कहा है। पांडेय ने कहा है कि संडे डिउटी को लेकर अभी भी मजदूर, आरसीएमएस यूनियन और प्रबंधन के बीच कई बिन्दुओं पर गतिरोध बना हुआ है। महाप्रबंधक से कहा है कि संबंधित सभी बिन्दुओं पर एक सप्ताह के अंदर स्थिति स्पष्ट करें, ताकि मजदूर और यूनियन को वस्तुस्थिति की जानकारी हो सके। मालूम हो कि संडे ड्यूटी को लेकर केडीएच परियोजना सहित अन्य परियोजना में मजदूरों ने एक रविवार को काम बंद रखा तथा बहिष्कार किया। जिसे लेकर 20 से 21 अप्रैल तक मजदूर, आरसीएमएस संगठन व प्रबंधन के बीच संडे मुद्दा को लेकर कई तरह की परिस्थितियां उत्पन्न हुई। उत्पन्न परिस्थिति और मजदूरों के आक्रोश को देखते हुए एनके महाप्रबंधक ने 21 अप्रैल को सुबह 10 बजे आरसीएमएस संगठन के साथ बैठक कर पूर्व की तरह संडे चलाने की बात कही। तब जाकर संगठन नेता माने और मजदूर वापस काम पर लौटे। बीएन पांडेय ने बताया कि आरसीएमएस के बड़े नेताओं ने भी सभी मामले को लेकर कड़ा एतराज जताते हुए प्रबंधन से वस्तुस्थिति स्पष्ट करने कहा है। कोयला मजदूरों के लिए आरसीएमएस एक विष्वसनीय संगठन है।

## कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रखंड प्रभारी बनायी गयीं अनिता पासवान

# यशस्विनी सहाय के नामांकन में आज शामिल होंगे इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी कांग्रेस पार्टी की बैठक रविवार को मोहननगर में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी ने किया। बैठक में सोमवार को इंडिया गठबंधन की प्रत्याषी यशस्विनी सहाय के नामांकन में खलारी प्रखण्ड क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने भाग लेने का निर्णय लिया गया। वहीं बैठक के दौरान अनिता पासवान को खलारी प्रखंड कांग्रेस अनुसूचित जाति का प्रखंड प्रभारी बनाया गया। साथ ही पंचायत चुरी मध्य पंचायत का अध्यक्ष दिनेश चैहान को तथा कमलेश राय को पंचायत महासचिव बनाया गया।

तीनो लोगों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर अब्दुल्लाह अंसारी, इंदिरा देवी, रमेश चैहान, धर्मेंद्र चैहान, भानु प्रताप, दिनेश चैहान, शेरा चैहान, प्रदीप भुईया, सुनील चैहान, प्रमोद आपट, राकेश चैहान, सुधा झा, उपस्थित थे।

## अर्जुन मुंडा के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने वोट मांगा



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बीजेपी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुंडू प्रखंड के नगर एवं विभिन्न गांव में दौरा कर घर –घर जाकर वोट मांगे। इसके अलावा दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर जय श्री राम और नरेंद्र मोदी का नारा लगाते हुए पुन: केंद्र में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुंडू प्रखंड के नगर में सुभाष चौक, महावीर मंदिर चौक, थाना रोड से बिरसा चौक,बस स्टैंड, टांगर टोली, नवरात्रि टोली, कोचा टोली, निलगिरी टोली,कान्हु होटल से बाजार टांड से मछुवा टोली काली मंदिर से कुम्हार टोली तक एवं बुंडू प्रखंड के विभिन्न गांवों बालाडिंग, मधुकमा, बारुहातु, हुमटा, गीतलदीह, जड़ेया, भोरंगाडीह, ताऊ इत्यादि गांवों में दौरा कर वोट मांगे। इस मौके पर आलोक दास, सुबोध मुखर्जी, रंजीत लाहेरी, विवेक आनंद जायसवाल कपिल महतो, धीरेन राम महतो, बजरंग गोंझ, आदि मौजूद थे।

# पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं बुंडू के आराडीह गांव के ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता





**बुंडू।** बुंडू प्रखंड के आराडीह गांव में पेयजल और स्वच्छता विभाग से कुल 6 सोलरयुक्त जल टंकियों का निर्माण कराया गया है। जिसमें दो टंकी से जल सप्लाई हो रही है। अन्य चार अधूरा है। आराडीह में कुल 310 घर है गांव में 17 चापाकल है अधिकांश खराब पड़ा है ग्रामीण कयी समस्याओं से जूझ रहे हैं ग्रामीण के पास रहने के लिए पक्के मकान नहीं है ग्रामीण मिट्टी के कच्चे घरों में रहने के लिए मजबूर हैं ग्रामीणों का कहना है कि 310 घरों में से मात्र एक परिवार को अबुआ आवास पारित हुआ है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आज तक इस गांव के प्रति संज्ञान लेना उचित नहीं समझा है लोगों को सरकारी राशन लाने के लिए सात किलोमीटर की दूरी तय कर जाना पड़ता है। पेयजल की व्यवस्था को लेकर गांव में छोटे-बड़े 6 जलमिनर लगाये गये हैं लेकिन इन जल मीनारों को संवेदक द्वारा अधूरा छोड़ दिए जाने से उन्हें पानी की जुगाड़ के लिए परेशान होना पड़ता है। एक जलमीनार में तो संवेदक द्वारा नल की फिटिंग ही नहीं किया है अधूरा छोड़ दिया है किसी भी पानी टंकी के ऊपर ढक्कन भी नहीं लगाया है। ग्रामीण नट वोल्ट कसने वाला रेंच को साथ में लाकर पाइप को खोलते हैं और पानी लेते हैं इसके अलावा प्रत्येक घरों में नल लगाया गया है लेकिन नल में पानी नहीं पहुंचती है, आधा अधूरा कार्य कर छोड़ दिया गया है.ग्राम प्रधान की माने तो उन्होंने इस संदर्भ में विभाग तथा मुखिया को कई बार सूचना दी है पीएचडी विभाग को कई दफा कहा गया है लेकिन संवेदक को कोई निर्देश नहीं दिया गया है अब परेशानी ग्रामीणों को झेलना पड़ रहा है। इन परेशानियों को देखते हुए यहां के गांव वाले वोट बहिष्कार की मन बना रहे हैं।

## 500 परिवारों को फ्री कनेक्शन देने का निर्णय

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी रांची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा के नेतृत्व में आजसू पार्टी द्वारा दिये गये ज्ञापन पर बुंडू नगर पंचायत प्रशासक ने संज्ञान में लेकर पेयजल आपूर्ति के नये फ्री कनेक्शन में लाल कार्ड धारकों में फिलहाल 500 परिवारों को फ्री कनेक्सन देने का निर्णय किया है। बुंडू नगर पंचायत क्षेत्र के लाभुक अपने लाल कार्ड धारक परिवार बुंडु नगर पंचायत कार्यालय में जाकर पेयजल आपूर्ति की फ्री कनेक्सन के लिए अप्लाई करें। नये पेयजल आपूर्ति फ्री नये कनेक्शन हेतु कागजात फोटो कापी में बैंक पासबुक, लाल कार्ड, होल्डिंग टैक्स आधार कार्ड, एक पासपोर्ट साइज से लाभ ले सकते हैं।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 06 मई, 2024
www.azadsipahi.in
09

## रांची में विकास चाहिए तो आइएनडीआइए गठबंधन को वोट देकर दिल्ली में सत्ता परिवर्तन करना होगा : राजेश कच्छप

# जीती तो बेरोजगारी, शिक्षा व सामाजिक न्याय पहली प्राथमिकता में रखूंगी: यशस्विनी सहाय

## खिजरी से पुराना लगाव, विश्वास है खिजरी की जनता मेरी बेटी को आशीर्वाद देगी : सुबोधकांत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्यासी यशस्विनी सहाय ने रविवार को क्षेत्र में धुंआधार चुनाव प्रचार किया। दुर्गा सोरेन चौक स्थित हाईटेंशन मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए यशस्विनी सहाय ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में ही मोदी सरकार में महिलाओं पर जितने अत्याचार हुए उतना पिछली सरकारों से 20 से 25 प्रतिशत ज्यादा है। केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार थी तो 2013 में महिलाओं के लिए ऐसा कानून लाया गया, जिसमें किसी भी महिला के साथ अन्याय होने पर दोषी को उम्रकैद या फांसी की सजा दी जाती थी। बेटी को अपने मां-बाप की संपत्ति में हक कांग्रेस ने दिया है। कांग्रेस बेटियों और महिलाओं के लिए खड़ी रहती है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें पहली बार चुनाव लड़ने का मौका मिला है। ऐसे में युवा वर्ग को आगे आने की जरूरत है। वह पेशे से एक वकील है। लोगों का आशीर्वाद मिला तो मानवधिकार पर काम करेंगीं। चाहे बेरोजगारी, विस्थापन, सामाजिक न्याय का मामला हो, इस पर विशेष ध्यान देंगीं। उन्होंने कहा कि शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार दिलाना, क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी व बिजली की समुचित व्यवस्था करना पहली प्राथमिकता होगी। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र में पार्टी पहली बार युवा महिला को उम्मीदवार बनाकर महिलाओं को सम्मान दिया है। इससे महिलाओं में खासा उत्साह है। उन्होंने कहा कि खिजरी से मेरा काफी लगाव है। मुझे विश्वास है मेरी बेटी आप सभी की बेटी के रूप में उम्मीदों पर खरा उतरेगी। यहां की जनता निश्चित रुप से बेटी को आशीर्वाद देगी। वहीं, खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि मोदी सरकार सिर्फ धर्म की राजनीति करती है। समाज और विकास की कभी राजनीति नहीं करती। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार उसके खिलाफ आवाज उठाने पर विपक्षी पार्टियों के नेताओं का कंठरोध करना चाह रही है। लेकिन आइएनडीआइए गठबंधन के सांसद और विधायक जेल जाने से डरते नहीं है। हम उस जेल में रहते है, जहां की जनता फैसला करती है। उन्होंने कहा कि लड़ाई तो हम लड़ते रहेंगे। अगर आने-वाले दिनों में केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनती है तो महिलाएं सुरक्षित एवं शांति से रहेंगी। अन्यथा मोदी सरकार में वोट देने का अधिकार भी नही रहेंगा। कहा कि रांची में अगर विकास की धारा बहाना है तो इस बार आइएनडीआइए गठबंधन को वोट देकर दिल्ली में सत्ता परिवर्तन करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता व मंच संचालन विधायक प्रतिनिधि रंजीत बड़ाईक ने किया। वहीं, कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला अध्यक्ष रीना सांगा, वार्ड 12 के पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग, कांग्रेसी नेता रमेश पांडेय, झामुमो रांची जिला उपाध्यक्ष वीरू साहू, युवा समाजसेवी सोनल कच्छप, ज्ञानी मुंडा, रंजन मुंडा, चमन रजक, दीपक राणा, मंटू लाला, विश्वनाथ मुंडा, अमर मुंडा, अजय मुंडा का अहम योगदान रहा।



खिजरी के दुर्गा सोरेन चौक स्थित हाइटेंशन मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करती प्रत्याशी यशस्विनी सहाय।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बेड़ो में विद्यार्थियों के बीच अध्ययन सामग्री वितरित

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के अध्ययन केंद्र इंडियन टैलेंट इंटरनेशनल स्कूल के परिसर में रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर अध्ययन सामग्री वितरित किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नगड़ी सेक्रेड मिशन स्कूल के निदेशक सुरेश्वरी महतो भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विद्यार्थियों के कल्याण के लिए साधारण शिक्षा के साथ ही रोजगारपरक शिक्षा आवश्यक है। वहीं, अध्ययन केंद्र के कोऑर्डिनेटर प्रीतम कुमार ने कहा कि अध्ययनरत छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति मिलेगी। साथ ही सेकेंड बैच का नामांकन डिप्लोमा इन रूरल डेवलपमेंट, पीजी डिप्लोमा इन रूरल डेवलपमेंट, डिप्लोमा इन मैनेजमेंट आदि कोर्स में छात्रवृत्ति के साथ नामांकन जारी है। कार्यक्रम में नर्सरी टीचर ट्रेनिंग कर रहे छात्राओं के बीच अध्ययन सामग्री वितरण किया गया। मौके पर सुरेश्वरी महतो, विजय कुजूर, आशीष प्रमाणिक कल्याणी कुमारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे। वहीं, कार्यक्रम का संचालन प्रीतम कुमार ने किया।

### नवनिर्मित शिव-हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा आज से

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया नहर टोली गांव में ग्रामीणों द्वारा नव निर्मित शिव हनुमान मंदिर का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह भागवत कथा का आयोजन सोमवार से होगा। इस दौरान भव्य कलश यात्रा व धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 10 मई तक चलेगा। वहीं कार्यक्रम के दौरान वृंदावन के कथा व्यास निकुंज लाडली द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठान में हवन आरती, रामायण पाठ, हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। साथ ही पांच दिनों तक श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। इधर पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में प्रखंड व गांव के युवा, समाजसेवी व बुद्धिजीवी सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

### 72 वर्षीय महिला लापता, थाना में सनहा दर्ज



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया लोहड़िया टोला निवासी गंगा साहू की मां बालो देवी (72) विगत एक मई की सुबह से ही लापता है। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। स्वजनों ने उन्हें ढूंढने की पूरी कोशिश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। स्वजनों ने इस बाबत पिठोरिया थाना में गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया है। बताया गया कि महिला नारंगी रंग की साड़ी पहनी हुई है। लोगों से अपील की गई है कि यदि इस महिला के बारे में किसी को कोई जानकारी होने पर 6203373098 या 6299535254 पर सूचना दे सकते हैं।

### हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया गया



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शासनबेड़ा गांव में रविवार को जय हो वीर हनुमान मंदिर का तृतीय वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने किया. गांव की 251 महिलाओं ने गांव से चमघाटी नदी और वहां से मंदिर तक कलश यात्रा निकाली। मौके पर यज्ञ, हवन, कीर्तन, नगर भ्रमण, महाआरती व भंडारा आयोजित किया गया। पूरा क्षेत्र राममय था, कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह था। अनुष्ठान में मुखिया सीमा देवी, पंस सदस्य जानकी देवी, राजेश महतो सहित मुख्य यजमान शिवचरण महतो, मंदिर समिति की अध्यक्ष सुलेखा देवी, सचिव आशापति देवी, कोषाध्यक्ष बसन्ती देवी, दूती महतो, लोकनाथ महतो, सुकनाथ महतो, जुगल महतो, दिलीप, मुगल आदि मौजूद थे।

### जैलेंद्र ने श्राद्धकर्म के लिए आर्थिक एवं खाद्य सामग्री दी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा के राजाडेरा निवासी सोनू महतो एवं गेतलसूद निवासी शालिक राम मुंडा दोनों की माता का निधन पिछले दिनों हो गया था। संपर्क करने पर रविवार को उनके घर जाकर श्राद्धकर्म के लिए आर्थिक एवं खाद्य सामग्री समाजसेवी जसपुरिया सेवा केंद्र के प्रमुख जैलेंद्र कुमार ने दी। साथ ही ईश्वर से मृत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की।

## इटकी का सात दिनी मंडा पूजा महोत्सव शुरू



**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी बाजार टाड स्थित शिव मंदिर में एतिहासिक सात दिनी मण्डा पूजा अनुष्ठान पारंपरित तरीके से शुरू हो गया। पंडित पंचम दास के नेतृत्व में प्रति दिन सुबह-शाम शिव उपासक पटभोक्ता छोटू लोहरा सहित अन्य भक्ता गाजे बाजे के साथ बनिया टोली स्थित तलाब में स्नान ध्यान के लिए पहुंचते है और स्नान के बाद पुनः मुख्य शिव मंदिर पहुंच कर पंडित पंचम दास द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आदिशक्ति माता पार्वती और भोले नाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना कर अराधना करते है। यह अनुष्ठान लगातार सात दिनों तक चलेगी। आगामी नौ मई को शिव भोक्ता कई कठिन परीक्षाओं को पार कर रात में फुल खुन्दी रश्म को पूरा करेगे। 10 मई को दर्जणों भोक्ता झुला झूलन कार्यक्रम कर सैकड़ों श्रदालुओं के भीड के उपर लोक कल्याण का फुल बरसायें। इसके साथ मंडा पूजा महोत्सव की समापन होगी।

## लापुंग के डरहा विरमकेल में डॉ परमेश्वर की मदद से लगा नया ट्रांसफार्मर, हर्ष



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत डरहा विरमकेल में पिछले 8 महीनो से ट्रांसफार्मर खराब थी। जिसकी शिकायत लिखित तौर पर स्थानीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि को दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मायूस होकर ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल पिछले सप्ताह पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत से मिला और सभी समस्याओं से अवगत कराया। डॉ परमेश्वर भगत ने तत्कालीन कार्रवाई करते हुए विभाग के वरीय पदाधिकारी से मिलकर ट्रांसफार्मर जल्द लगे इस पर बात की। इसके बाद रविवार को नया ट्रांफरमर लगाया गया, जिसका उद्घाटन उक्त गांव में डॉ परमेश्वर भगत द्वारा फीता काट कर किया गया। उपरोक्त गांव के ग्रामीणों ने पीसीसी सड़क, पेयजल हेतु जलमिनार एवं विद्यालय में शिक्षक की कमी की पूर्ति के लिए भी डॉ परमेश्वर भगत से अपील की जिस पर उन्होंने समस्याओं पर ठोस कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने परमेश्वर भगत का तहे दिल से आभार एवं धन्यवाद दिया। डॉ भगत ने भी इस काम को प्राथमिकता एवं गंभीरता देने के लिए संबंधित विभाग के सभी पदाधिकारियों काआभार व्यक्त किया।

# मतदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है : मुकेश सिन्हा

**बेड़ो में महिला समूहों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान, दिलायी गई मतदान की शपथ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** जेएसएलपीएस में महिला समूहों से जुड़ी दीदियों और स्टाफों ने रविवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें रंगोली के माध्यम से प्रखंड कार्यालय प्रबंधक मुकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि वोट देना सभी का अधिकार है। इस अधिकार से किसी को वंचित नहीं होना है। साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी बिना प्रलोभन में आकर वोट करने का निर्देश दिया। साथ ही आगामी 13 मई को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने व मतदान करने की अपील की। जिससे कोई भी मतदान से वंचित न रह जाए। उन्होंने पारंपरिक विधि से मतदान की अपील करते हुए मतदान के लिए प्रेरित किया। साथ ही अपने आसपास के मतदाता को भी जागरूक करने की बात कही। पहले मतदान फिर जलपान करने की बात पर जोर दिया। वहीं डमी ईवीएम मशीन दिखाकर वोटिंग की प्रक्रिया को समझाया। इस मौके पर जेएसएलपीएस प्रबंधक मुकेश सिन्हा, पंकज, पवन, कृपाशंकर, शिवसागर, बिजल, सावित्री, बबली, रितु, कामराज, कालेशवर, शोभना, सुमन, प्रतिमा, प्रखंड के कर्मियों व समूह की दीदीयों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

# पंचतत्व में विलीन हुई जिप सदस्य पार्वती कुमारी

## लोहरदगा प्रत्याशी समीर उरांव, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व सन्नी टोप्पो ने जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** नगड़ी थाना क्षेत्र रांची-लोहरदगा रेलवे लाइन पर शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से जिप सदस्य पार्वती की की हुई मौत से परिजन अभी भी सदमे में हैं। वहीं, पार्वती कुमारी की शवयात्रा रविवार को उनके पैतृक निवास स्थान बेड़ो स्थित गुमला रोड से निकाली, जो बेड़ो बाजार टांड़ स्थित मसना पहुंची। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। पति जगरनाथ भगत ने मुखाग्नि दी। वहां बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने श्रद्धांजलि दी। दूसरी ओर, पार्वती कुमारी की मौत की खबर मिलते ही भाजपा के लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, लोहरदगा लोस संयोजक सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, शिव शंकर उरांव, सह संयोजक सन्नी टोप्पो, रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, जिला परिषद पूनम देवी, हिंदिया टोप्पो, सुषमा देवी, आशुतोष तिवारी, परमेश्वर भगत, बेरोनिका उरांव, वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री रमेश बाबू, प्रांत मंत्री सुशील मरांडी, संदीप उरांव, मेघा उरांव, सन्नी उरांव, राजू उरांव, जय मंत्री उरांव, रांची जिला मुखिया अध्यक्ष सोमा उरांव, मुखिया सुशांति भगत, लक्ष्मी कोया, नीरज कुजूर, पंसस राखी भगत, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, सुखदेव कच्छप, आदि पहुंचे और शोक प्रकट किया गया। बतातें चलें कि निधन के बाद रविवार की दोपहर में शव स्वजनों को सौंपा गया। शव घर पहुंचते ही रिश्तेदारों में चीख-पुकार मच गई। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों व पार्टी कार्यकर्ता भी पहुंचकर दिवंगत जिप सदस्य को श्रद्धांजलि दी।

### महिलाओं को स्वावलंबी बनने की राह दिखा गयीं जिप सदस्य पार्वती

**सशक्त नारी, खुद के साथ दूसरों का भी जीवन बदलती है। ऐसी ही थीं बेड़ो पूर्वी की जिप सदस्य पार्वती कुमारी। जिन्होंने खुद आत्मनिर्भर होकर दूसरों को भी समृद्ध व सशक्त बनाया। उन्होंने लगभग 25 वर्ष पूर्व महिलाओं के उत्थान के लिए दुर्गा महिला मंडल बनाया था। बचत के 10-10 रुपये जमा कर किया। समूह के जमा पैसे से एक-दूसरे की मदद होती है। उन्होंने गांव की महिलाओं का जीवन स्तर भी करीब से देखा था। जो अपनी आजीविका चलाने के लिए संसाधनों की मोहताज थीं। इसीलिए गरीब महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का बीड़ा उठाया। उन्होंने उन्हें बचत करना सिखाया। जिससे उन्हें जीवन जीने की नई प्रेरणा मिली। गांव की घरेलू महिलाओं के बीच से ही निकली यह महिला उनके सुख-दुख में सहभागी होकर उनके जीवन में खुशियां बरसाकर चली गईं। वहीं रविवार को पूरे दिन गुमला रोड में मातम का माहौल बना रहा। पोस्टमार्टम के बाद जब शव पैतृक निवास स्थान गुमला रोड पहुंचा तो ग्रामीणों, दुकानदारों व युवकों ने पहुंचकर दिवंगत पार्वती कुमारी को श्रद्धांजलि दी।**

## बेड़ो के चचकोपी गांव में झूलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शिव मंडा पूजा संपन्न

# मंडा पूजा से हमारी संस्कृति व परंपरा जुड़ी है: सन्नी टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के चचकोपी गांव में शिव मंडा पूजा समिति के तत्वाधान में मंडा पूजा का आयोजन किया किया। जिसमें शनिवार को फुलखुंदी पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना की गई। देर रात भोक्ताओं ने आग के ऊपर नंगे पांव चलकर भक्ति और शक्ति का परिचय दिया। इसमें दर्जनों भोक्ता शामिल हुए। सर्वप्रथम भोक्ता तालाब पर स्थित घाट पहुंचे। इस अनुष्ठान के बाद सभी भोक्ता नगर भ्रमण पर निकल पड़े। शाम में फूलखुंदी के लिए भोक्ता महादेव मंडा पहुंचे। लोटन सेवा अनुष्ठान के बाद सभी भक्त एक-दूसरे को आपसी भाईचारा का परिचय देते हुए 21 बार गले मिले। इसके बाद मंदिर में बाबा भोलेनाथ की श्रृंगार पूजा बले शिवा मनी महेश काशी बैजनाथ उड़ीसा जगन्नाथ गजा गजाधर आधव माधव गौरी शकर महेश दाता दिगम महेश बले शिवा मनी महेश के जयकारे के साथ हुई। अंतिम अनुष्ठान में भोक्ताओं ने अंगारों के ऊपर नंगे पाव चल कर अपनी भक्ति और शक्ति का परिचय दिया। वहीं रविवार को झूलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्धघाटन भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने किया। उन्होंने कहा कि मंडा पर्व आस्था का बड़ा महापर्व है। कहा कि मंडा पूजा से हमारी संस्कृति व परंपरा जुड़ी है। यह आस्था और भक्ति का प्रतीक है। जलते अंगारों में चलकर लोग अपने अटूट आस्था का परिचय देते हैं। मंडा पूजा कर लोग गांव की खुशहाली और परिवार की समृद्धि की कामना करते हैं।

वहीं शाम से रात भर रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर सभी ग्राम वासियों को झुमाया। कार्यक्रम में आए अतिथि पवन साहू, महादेव कुजूर, रंजन गुप्ता आदि। मंडा पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष नारायण महली, उपाध्यक्ष मंगरा भगत व राजेश महतो, दशरथ बड़ाईक, विनय उरांव, बैजनाथ बड़ाईक, गणेश साहू, धनेश्वर बैठा, प्रकाश केरकेट्टा, महेश बैठा, सोना राम साहू, बिंदेश्वरी राम, ब्रजेश गोप, लक्ष्मण उरांव, सुलेन्द्र साहू और अरुण साहू सहित समस्त ग्राम वासी।

# इटकी के गड़गांव में सड़क शिलान्यास के छह महीने गुजर जाने के बाद भी शुरू नहीं हो सका निर्माण कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा कई गांवों के ग्रामीण को भुगतना पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग के रांची-गुमला मुख्य मार्ग से गड़गांव बस्ती से इटकी तक सड़क निर्माण कार्य का शिलन्यास हुए छह महीना गुजर जाने के बाद भी अबतक कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। ग्रामीणों द्वारा जल्द सड़क निर्माण की मांग के बाद सवेदक द्वारा फरवरी माह में सड़क पर एक जगह पुलिया निर्माण के लिए गढ्ढा खोदा गया, लेकिन वह भी अब तक यथावत पड़ा है। जिससे राहगिरों को अवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतरने की तैयारी कर रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य जल्द शुरू नहीं किया गया तो आंदोलन शुरू किया जायेगा। सांसद सुदर्शन भगत द्वारा पिछले वर्ष नौ अक्टूबर को उक्त सड़क निर्माण कार्य का शिलन्यास किया गया था। ग्रामीण कार्य विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत करीब पांच करोड़ रुपये की लागत से 5.11 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाना है। विभाग ने निविदा की प्रक्रिया को पूरा कर संवेदक को सड़क निर्माण कार्य का जिम्मा सौंपा दिया गया हैं। लेकिन सड़क निर्माण कार्य आज भी शुरू नहीं किया जा सका है। बता दें कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण आंदोलनरत थे। कई बार सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों द्वारा आंदोलन किया जा चुका है। बरसात के दिनों में सड़क और तालाब में कोई अंतर नजर नहीं आता है। यह सड़क मुख्य मार्ग के साथ पलमा, तरगड़ी, चचगुरा, गड़गांव, भंडरा, इटकी सहित कई अन्य गांव को जोड़ता है। इस मार्ग पर रांची गुमला की कई गाड़ियों की परमिट भी बनी है। पर सड़क जाम होने पर उक्त रास्ते से बड़ी गाड़ियों का निकलना आसान होता है।

## मतदाता जागरूकता को लेकर संध्या चौपाल का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्वीप कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद शहर के टाउन हॉल में रविवार की शाम संध्या चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा जेएस एलपीएस के सखी मंडल की दीदियों व स्थानीय मतदाता शामिल हुए। इस दौरान मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता जागरूकता अभियान का प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही सभी को शपथ भी दिलायी गयी। इस बाबत एलआरडीसी गौरांग महतो ने कहा कि 13 मई को सभी लोग लोकतंत्र के महापर्व में अवश्य भाग लें व मतदान करें। देश के मजबूत लोकतंत्र के लिए अवश्य वोट दें। आपका एक मत क्षेत्र के विकास के लिए अहम है। उन्होंने उपस्थित सखी दीदियों से कहा कि मतदान की जानकारी अपने तक सीमित न रखकर अपने आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी दें और मतदान के दिन अपने साथ पड़ोसियों को भी मतदान के लिए ले जाये। उन्होंने कहा कि वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को और मजबूत बनाना चाहिए। मतदान प्रतिशत में कमी नहीं रहनी चाहिए। जिन्हें मतदान का अधिकार है उन्हें बूथ तक पहुंच कर अवश्य मतदान करना चाहिए। मौके पर सीओ पंकज कुमार, ब्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, सीआई अशफाक खान, जेएसएलपीएस के बीपीएम अंजनी कुमार, बीइओ राम नरेश राम, सुदर्शन सिंह आदि उपस्थित थे।

## शिवाजी मैदान में स्वीप कार्यक्रम के तहत एलेक्शन फूड फेस्टिवल का आयोजन




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू लोकसभा चुनाव 2024 अंतर्गत जिले में शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से जिले में कई तरह के स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार की शाम 7 बजे स्थानीय शिवाजी मैदान में भव्य इलेक्शन फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन की तरफ से उप विकास आयुक्त रवि आनंद, मेदिनीनगर नगर आयुक्त सह स्वीप के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा व जेएसएलपीएस डीपीएम शांति मार्डी उपस्थित रहे। शिवाजी मैदान के दोनों तरफ अलग-अलग प्रकार के कुल 34 विभिन्न व्यंजनों के फूड स्टॉल लगाये गये थे। सभी स्टॉल से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा था। सभी पदाधिकारियों ने भी विभिन्न स्टॉल पहुंचकर विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में आगंतुक भी पहुंच रहे थे, जिन्हें वीएचए एप के जरिये फ्री में एंट्री करायी जा रही थी। शिवाजी मैदान में दो बड़े स्क्रीन भी लगाये गये थे। एक में आइपीएल तो दूसरे में मतदाता जागरूकता से संबंधित विडिओ का प्रसारण किया जा रहा था। इलेक्शन आधारित इस फूड फेस्टिवल में विभिन्न स्कूली बच्चों बीच क्विज, स्पीच व नुक्कड़ नाटक कभी आयोजन किया गया। इसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। मौजूद सभी लोगों से जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने एक सुर में आगामी 13 और 20 मई को मतदान करने की अपील की।

### आइएनडीआइए गठबंधन की प्रत्याशी ने विश्रामपुर के दर्जनों गांवों का किया तूफानी दौरा

# राजनीतिक बदलाव का मन बना चुकी है पलामू की जनता : ममता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/पलामू।** आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्यासी ममता भुइंया ने रविवार को विश्रामपुर प्रखंड के दर्जनों गांवों का तूफानी दौरा किया। कई जगहों पर राजद द्वारा आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस क्रम में उन्होंने आम लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। जगह-जगह गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत भी किया। ममता भुइंया ने कहा कि पलामू के पूर्ण विकास के लिए राजनीतिक परिवर्तन बेहद जरूरी है। इस बार पलामू की जनता बदलाव का मन भी बना चुकी है। वरीय राजद नेता सह अधिवक्ता पप्पू सिंह ने कहा कि आम लोग भाजपा के जुमले बाजी से ऊब चुके हैं। विकल्प के रूप में राजद की ओर देख रहे हैं। श्यामदास सिंह यादव ने कहा कि जात धर्म की राजनीत कर समाज को बांटने वाली भाजपा को पलामू की जनता नकारेगी। उन्होंने दावा किया कि आइएनडीआइए गठबंधन प्रत्यासी ममता भुइंया को अपार समर्थन मिल रहा है। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, नगर अध्यक्ष सिराजुदीन अंसारी, सूर्यदेव यादव, राघवेंद्र चौबे, सुमित चौबे, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू आदि थे।



जन संपर्क के दौरान लोगों के बीच प्रत्यासी ममता भुइंया।

## जनता से मौका दिया तो करूंगा पलामू का संपूर्ण विकास : कामेश्वर बैठा

**बसपा प्रत्यासी ने जनसंपर्क कर की मतदान की अपील**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/पलामू।** पूर्व सांसद सह बसपा प्रत्यासी कामेश्वर बैठा ने रविवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के कई इलाकों में अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क चलाया। इस दौरान उन्होंने आम लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। कामेश्वर बैठा ने कहा कि अपनी पूरी जिंदगी अन्याय के खिलाफ लड़ने में गुजारी है। आगे भी अन्याय के खिलाफ हर मोर्चा पर लड़ते रहूंगा। दबे कुचले गरीबों की आवाज को बुलंद करता रहूंगा। चाहे इसकी जो भी कीमत चुकानी पड़े। उन्होंने कहा कि जब पलामू की जनता ने अपार समर्थन के साथ सांसद चुना था। तब वर्तमान सरकार ने मुझे षड्यंत्र के तहत जेल में बंद रखा गया। संघर्ष के बदौलत मात्र तीन साल बाद जेल से छूटा। बचे दो वर्षों में जो भी विकाश कार्य संभव था उसे किया। लेकिन इस बार जनता ने मौका दिया तो पलामू लोक सभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास करूंगा। वहीं, जनसंपर्क के दौरान कामेश्वर बैठा का बसपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया।



## हम अपना वोट देकर केवल सरकार या प्रतिनिधि नहीं, बल्कि भारत की दिशा तय करते हैं : राजीव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की ओर से पलामू जिला अंतर्गत मेदिनीनगर में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नितीश दूबे की अध्यक्षता में जिले के मतदाता जागरूकता अभियान के निमित बैठक की गई। जिसमें झारखंड के प्रदेश संगठन मंत्री राजीव रंजन उपस्थित थे। सर्वप्रथम बैठक की शुरूआत मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प गूच्छ अर्पण कर और दीपक प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद बैठक में झारखंड प्रदेश के प्रदेश संगठन मंत्री राजीव रंजन की ओर से छात्रों को परिषद के कार्य प्रणाली के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई। परिषद की ओर से पूरे पलामू जिले में मतदाता जागरूकता अभियान का सर्वेक्षण किया गया एवं आगे की योजना बनाई गई। उक्त अवसर पर राजीव रंजन ने कहा कि भारत के चुनाव प्रक्रिया में ही हमें और मजबूती देगी। हम अपना वोट डालकर केवल सरकार या प्रतिनिधि नहीं, बल्कि भारत की दिशा तय करते हैं। हम सब अपना मत का प्रयोग करते हुए सशक्त सरकार के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेंगे। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय सहसंयोजक विनीत पांडे ने कहा कि पूरे जिले में परिषद के कार्यकर्ता मतदाता जागरूकता अभियान के निमित सत प्रतिशत मतदान के लिए निरंतर गांव एवं शहरी क्षेत्र में लगे हुए हैं। अभाविप के कार्यकर्ताओं का एक ही ध्येये है अधिक से अधिक मतदान हो। इस मौके पर परिषद के विभाग संयोजक गोविंद मेहता, रत्नेश त्यागी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजन कश्यप, अभय वर्मा, नितीश दूबे, अभिषेक रवि, कॉलेज अध्यक्ष विपिन यादव, आकाश वर्मा, अभिषेक तिवारी, अभय कुमार, राहुल तिवारी, कौशल कुमार मिश्रा, नीतीश लाल, उत्कर्ष तिवारी, सौरभ तिवारी, सूरज लाल, रोशन पांडे, प्रभात दूबे, आकाश कुमार रवि, राहुल कुमार चेरों, हिमांशु कौशल सोनी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## चुनाव में लगे कर्मियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशिरंजन के आदेश पर मेदिनीनगर हेरिटेज स्कूल में मतदानकर्मियों का तृतीय चरण का प्रशिक्षण जारी है। अब तक 5200 मतदानकर्मियों को अर्थात 1300 पोलिंग पार्टी को चुनाव का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण के तीसरे दिन 40-40 के समूह में 2080 मतदानकर्मियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण को सुलभ बनाने के लिए पीपीटी का सहारा लिया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने गुणवत्ता युक्त चुनाव प्रशिक्षण के लिए सख्त निर्देश दिये हैं। वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी रवि आनंद ने सफल प्रशिक्षण के लिए समुचित प्रबंधन किया है। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अमरेन्द्र पाठक व अशोक सिंह, प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम आदि ने कमरों में घूम-घूम कर शंकाओं का समाधान किया।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## छह मुहान से समाहरणालय तक दिव्यांगों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत रविवार को दिव्यांगों के संगठन की ओर से शहर के छह मुहान से समाहरणालय परिसर तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। जिसमें बड़ी संख्या में जिले के विभिन्न दिव्यांगजन शामिल हुए। रैली को छह मुहान से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल सभी दिव्यांगों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न नारों को बुलंद किया और लोगों से 13 मई को मतदान करने की अपील की। इस दौरान आम लोगों के बीच स्वीप पम्पलेट का भी वितरण किया गया। रैली के बाद समाहरणालय परिसर में जिला समाज कल्याण मंत्री पदाधिकारी सेवाराम साहू ने सभी को मतदान के लिए शपथ दिलाया।

## मनातू में नल-जल योजना फेल, पानी को तरसे ग्रामीण



**मनातू/पलामू (आजाद सिपाही)।** मनातू प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके इसे लेकर केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन का विस्तार कर पानी टंकी का निर्माण कराए जा रहे हैं। पर हैरानी की बात यह है कि मनातू प्रखंड के मंझौली, डुमरी, पदमा, रंगेया क्षेत्र में कार्य प्रारंभ किया गया पर नल कनेक्शन का विस्तार व पानी टंकी निर्माण गुणवत्ताहीन होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ऐसे में अधिकारियों की उदासीन रवैया के कारण न सिर्फ ठेकेदार के हौसले बुलंद है, बल्कि मनमानी से निर्माण कार्य किया जा रहा है। इधर, निर्माण कार्य शुरू हुए कई दिन बीत चुके हैं बावजूद इसके आज तक संबंधित विभाग के न अधिकारी और न ही कोई कर्मचारी निर्माण कार्य स्थल का जायजा लिया। गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य की शिकायत अब क्षेत्र के ग्रामीण प्रशासन से करने की तैयारी में हैं। विभाग के माध्यम से ठेकेदारी प्रथा से सभी ग्राम पंचायतों में नल जल का पाइप लाइन एवं पानी टंकी प्लेटफार्म बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत आदिवासी सुदूर क्षेत्र के सभी घर तक पीने हेतु शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। बतातें चलें कि ग्राम पंचायत डुमरी और रंगेया में गुणवत्ताविहीन पानी टंकी प्लेटफार्म का ढलाई कार्य करवाया जा रहा है। अभी नल से जल मिला भी नहीं है कई जगह हल्के आंधी में सोलर प्लेट गायब हो गया। इस प्रकार की स्थित लगभग सभी ग्राम पंचायतों का हाल है। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल के लिए लाखों रुपए खर्च किया जा रहा है पर ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण करने से बाज नहीं आ रहे है। ग्रामीणों के घरों तक नल लगाने के लिए पाइप लाइन विस्तार में घटिया सामान का उपयोग किया जा रहा है तो वहीं पानी टंकी प्लेटफार्म ढलाई का कार्य काफी घटिया स्तर का कम सरिया डाल कर किया जा रहा है। वहीं ढलाई के लिए 4-1 की जगह 10-1 के सीमेंट कंक्रीट मसाला डाल कर प्लेटफार्म ढलाई का कार्य ठेकेदार द्वारा करवाया जा रहा है। लगभग सभी ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन विस्तार सहित प्लेटफार्म का ढलाई का कार्य ठेकेदार द्वारा करवाया जा रहा है। निर्माण कार्य शुरू होने के बावजूद आज तक संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और न ही कनीय अभियंता कार्यस्थल का जायजा लेना मुनासिब समझ रहे हैं। ऐसे में एचबी ठेकेदार मनमानी तरीके से घटिया सामग्री से निर्माण कराकर सिर्फ खानापूर्ति करने में लगे हैं। ग्रामीणों ने पलामू डीसी से जांच कराकर पेयजल मुहैया करने की मांग की है।

## बराही धाम महोत्सव की तैयारी पूरी, कार्यक्रम आज से

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से हुसैनाबाद क्षेत्र का चर्चित बराही धाम परिसर में हनुमान जी की प्रतिमा स्थापना के दो वर्ष पूरे हो गए। इसको लेकर सोमवार से दो दिवसीय वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा। तैयारी पूरी कर ली गई है। वहीं दक्षिणमुखी हनुमान जी की 105 फिट प्रतिमा को रंगीन बल्ब से सजाया गया है।

# स्पोर्ट्स



आइसीसी ने इस साल बांग्लादेश में तीन से 20 अक्टूबर तक होने वाली विमेंस क्रिकेट टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। वर्ल्ड कम में 10 टीमें भाग लेंगीं।

### छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, इंडिया और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में

# विमेंस क्रिकेट टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का शेड्यूल घोषित, भारत-पाक के बीच 6 अक्टूबर को मुकाबला

**एजेंसी**

**ढाका।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) ने इस साल बांग्लादेश में तीन से 20 अक्टूबर तक होने वाली विमेंस क्रिकेट टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। इस वर्ल्ड कप में 10 टीमें भाग लेंगी। 18 दिनों में 23 मैच आयोजित किए जाएंगे। रविवार को बांग्लादेश के ढाका में हुए एक कार्यक्रम में विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का शेड्यूल जारी किया गया। इस अवसर पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन, आइसीसी के सीइओ ज्योफ एलार्डिस, भारतीय टीम की कप्तान हरमप्रीत कौर और बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना ने हिस्सा लिया। भारत ग्रुप ए में 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के साथ है। इसके अलावा इस ग्रुप में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और क्वालिफायर से आई एक टीम शामिल है। वहीं मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और क्वालिफायर-2 टीम ग्रुप बी में है। इस ग्रुप के सभी मैच ढाका में खेले जाएंगे।



### भारत-पाक के बीच 6 अक्टूबर को भिड़ंत

भारतीय टीम वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरूआत 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। वहीं 6 अक्टूबर को पाकिस्तान के साथ भिड़ेगी। जबकि ऑस्ट्रेलिया 4 अक्टूबर को ही क्वालिफायर-1 टीम के खिलाफ शुभारंभ करेगी।

### विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में भारत के मुकाबले

| कब | टीम-1 | टीम-2 | कहां |
|---|---|---|---|
| 4 अक्टूबर- | भारत | न्यूजीलैंड | सिलहट |
| 6 अक्टूबर | भारत | पाकिस्तान | सिलहट |
| 9 अक्टूबर | भारत | क्वालिफायर-1 | सिलहट |
| 13 अक्टूबर | भारत | आस्ट्रेलिया | सिलहट |

### दोनों ग्रुप से टॉप 2 टीमें पहुंचेंगी सेमीफाइनल में

सेमीफाइनल में दोनों ग्रुप की टॉप दो टीमें पहुंचेगी। पहला सेमीफाइनल 17 अक्टूबर को सिलहट में और दूसरा सेमीफाइनल 18 अक्टूबर को ढाका में खेला जाएगा। वहीं 20 अक्टूबर को फाइनल ढाका में ही खेल जाएगा।

### क्वालिफायर-1 और 2 का फैसला 7 मई को

वहीं वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफायर-1 और क्वालिफायर-2 का फैसला 7 मई को आइसीसी विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर के होने वाले फाइनल से होगा। 27 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच ढाका में 10 प्रैक्टिस मैच खेले जाएंगे।

# पंजाब से लगातार पांच हार के बाद जीती चेन्नई सुपर किंग्स

## जडेजा ने बनाये 43 रन, तीन विकेट भी झटके

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आइपीएल-2024 के प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत कर ली है। टीम ने मौजूदा सीजन के 53वें मुकाबले में रविवार को पंजाब किंग्स को 28 रन से हरा दिया। चेन्नई की पंजाब के खिलाफ लगातार पांच हार के बाद यह पहली जीत है। इस जीत से सीएसके पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर आ गई है। चेन्नई के पास 11 मैचों के बाद 12 अंक हैं। धर्मशाला मैदान पर रविवार को पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। चेन्नई ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 167 रन बनाए। जवाब में पंजाब 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 139 रन बना सकी। रवींद्र जडेजा ने दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने 26 बॉल पर 43 रन की पारी खेली। इतना ही नहीं, 3 विकेट भी हासिल किए। जडेजा को इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



### धोनी पहली ही बॉल पर बोल्ड हुए

चेन्नई की तरफ से सबसे ज्यादा 43 रन रवींद्र जडेजा ने बनाए। सीएसके के पूर्व कप्तान एमएस धोनी पहली ही बॉल पर बोल्ड हो गए। उन्हें हर्षल पटेल ने आउट किया। ऋतुराज गायकवाड ने 32 और डेरिल मिचेल ने 30 रन की पारी खेली। मोईन अली और शार्दूल ठाकुर ने 17-17 रन का योगदान दिया। पंजाब की ओर से राहुल चाहर और हर्षल पटेल ने 3-3 विकेट लिए। वहीं लक्ष्य का पीछा कर रही पंजाब की तरफ से ओपनर प्रभसिमरन सिंह ने सबसे ज्यादा 30 रन बनाए। उनके अलावा शशांक सिंह ने 27 रन की पारी खेली। चेन्नई की ओर से रवींद्र जडेजा ने 3 विकेट झटके। तुषार देशपांडे और सिमरजीत सिंह ने 2-2 विकेट लिए। शार्दूल ठाकुर और मिचेल सैंटनर को 1-1 विकेट मिला।

# जमशेदपुर टाटानगर में धनबाद-गोविंदपुर के युवकों से बंधुआ मजदूरी

## धनबाद व जमशेदपुर प्रशासन से हस्तक्षेप कर उनकी घर वापसी की लगायी गुहार

**ना वतन दिया जा रहा, ना ही घर जाने की इजाजत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत बरवाअड्डा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के पढ़े लिखे शिक्षित बेरोजगारों को ठिकेदार द्वारा बिचौलियों की मदद से बंधुआ मजदूर बनाने की खबरें आते रहती हैं। इसी तरह का एक ताजा मामला प्रकाश में आया है, जिसमें धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के खरनी पंचायत के साधोबाद निवासी रुपलाल महतो (24) और उसके साथ आसपास के कई बेरोजगार युवाओं को ठिकेदार बिचौलियों द्वारा अच्छे वेतन का प्रलोभन देकर टाटानगर जमशेदपुर के घाटशिला क्षेत्र मेसर्स रीया इंटरप्राइजेज एवं रोयल हेल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नामक नन बैंकिंग नेटवर्किंग कंपनी में ले जाया गया। ज्योनिंग के नाम पर 15 हजार रुपये सभी से लिया गया और अब उनसे बंधुआ मजदूर के रूप में काम करवाया जा रहा है। पीड़ित के पिता शनिचर महतो और उसकी मां ने बताया कि उनके बेटे रूपलाल महतो के साथ ही आसपास के कई युवाओं को बंधक बना लिया गया है। उन्हें घर भी आने नहीं दिया जा रहा है, न ही वेतन दिया जा रहा है। वहीं बंधुआ मजदूर साधोबाद की एक लड़की किसी तरह भाग कर गांव पहुंची और परिजनों को आप बीती बतायी। इसके बाद ग्रामीणों से सूचना मिलते ही झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो साधोबाद जाकर परीजनों से मिले और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही त्वरित धनबाद जिला प्रशासन, धनबाद जिला प्रवासी नियंत्रण कक्ष, श्रम अधिक्षक और जमशेदपुर जिला प्रशासन को सूचना देकर साधोबाद गांव के बंधुआ मजदूरों को अतिशीघ्र सकुशल घर वापसी के लिए आग्रह किया है।



# आदिवासी बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या



**शव घर से कुछ दूरी पर स्थित झाड़ियों से बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** बेरमो अनुमंडल में आठ साल की एक आदिवासी बच्ची के साथ कथित रूप से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उसका शव घर से कुछ दूरी पर स्थित झाड़ियों से बरामद हुआ है। घटना पेटरवार थाना क्षेत्र के ओरदाना पंचायत क्षेत्र स्थित एक गांव की बताई जा रही है। उधर, शव का पोस्टमार्टम करने के बाद बच्ची के साथ दुष्कर्म होने और गला दबाकर उसकी हत्या कर देने की पुष्टि की गई है। परिजनों ने बताया कि बच्ची अपनी दादी के मायके में एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंची थी। वहां से वापस घर लौटने की तैयारी कर रहे थे। तभी बच्ची अचानक से गायब हो गई। घर के सदस्यों ने उसकी काफी खोजबीन की पर कोई पता नहीं चल सका। इस बीच रविवार की सुबह घर के बगल में स्थित सुनसान झाड़ियों से खून से लथपथ उसका शव बरामद हुआ। इसकी सूचना मिलते ही पेटरवार पुलिस मौके पर पहुंच गई। बेरमो एसडीपीओ विशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया कि बच्ची के साथ दुष्कर्म किये जाने की संभावना के बाद हत्या का मामला लग रहा है। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर तेनुघाट अनुमंडल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस घटना की हर बिंदुओ की जांच कर रही है।

# भाजपा जीती को धनबाद भय भूख व भ्रष्टाचार के आगोश में चला जायेगा : अनुपमा सिंह



**किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी किन्नर से उनके आवास में मिलकर पूछा हालचाल, लिया आशीर्वाद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आइएनडीआइए महागठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने रविवार को जामाडोबा स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के रीजनल ऑफिस के जोड़ापोखर आवासीय कार्यालय में बैठक की। इस दौरान सहयोगी दलों के नेताओं कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों आदि से मिलकर चुनावी रणनीति पर चर्चा की। इसके बाद झारखंड किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी किन्नर से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की और हालचाल जानकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद धनबाद विधानसभा अंतर्गत बारामुड़ी नवाडीह में बिरसा मुंडा पार्क के पास चर्च जाकर वहां श्रद्धालुओं से मिलकर आशीर्वाद लिया। बाद में आइएनडीआइए के सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिला कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक में शामिल हुई और सहयोगियों, क्षेत्रीय नेताओं-कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अपने धुआंधार जनसंमपर्क के दौरान धनबाद लोकसभा क्षेत्र में दर्जनों सभाएं की। निरसा विधानसभा क्षेत्र के निरसा प्रखंड के बरबिंदया में आइएनडीआइए महागठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ उपचिड़िया गांव, भागाबॉध रंगामटिया गांव, चरघरा गांव, बेनागोरिया गांव, गुनडवा मोड, पॉडराबेजड़ा गांव में सभा की। विद्यापति भवन नियर लॉ कॉलेज धनबाद में विद्यापति समिति के साथ बैठक, बलियापुर प्रखंड के बेलगड़िया टेंपो स्टैंड के समीप जनसंपर्क, बेलगड़िया फेस वन नंबर में जनसंपर्क, बेलगाड़ीया फेस 3 नंबर में जनसंपर्क कर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान की अपील की। अनुपमा सिंह ने कहा कि बाघमारा में ढुल्लू महतो का आतंक है। पर उनके डर से कोई मुंह नहीं खोलना चाहता है। कहा कि ढुल्लू महतो के खिलाफ बोलने वाले विरोधियों के लिए ऐसा ग्रुप है जिसकी मदद से वे उन लोगों के खिलाफ फर्जी यौन उत्पीड़न, एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवा देते हैं। इस डर से कोई कु भी बोलना नहीं चाहता है। ऐसा ही मामला पूर्व सांसद गिरिडीह के रविंद्र पांडे पर किया गया था। उसके बाद सामाजिकगण एवं बियाड़ा के पूर्व अध्यक्ष विजय झा के बेटे के खिलाफ विनय सिंह पर आरोप लगाया गया था। ढुल्लू महतो के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा सोमनाथ चटर्जी ने जब रांची हाई कोर्ट में किया तो उन पर भी फर्जी मुकदमा दर्ज कर भयादोहन किया गया। कहा कि हमारी लड़ाई सजायाफ्ता ढुल्लू महतो से है जिसे प्रशासन से लेकर के चुनाव आयोग को भी दिगभ्रमित किया है।

# जनता का साथ और विश्वास मोदी जी के साथः ढुल्लू महतो

## ढुल्लू महतो को जिताकर मोदी के हाथों को मजबूत करें : बिरंची नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** धनबाद लोकसभा सीट के लिए 25 मई को मतदान होना है। इसे लेकर प्रत्याशी क्षेत्र में धुआंधार दौरा कर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने रविवार को बोकारो विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर नुक्कड़ सभा की और लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील ती। ढुल्लू महतो ने कहा कि मैं किसान का बेटा हूं। आपका भाई हूं। मुझे वोट देकर जीताएं, ताकि संसद में जाकर आपकी समस्याओं को रख सकूं और उसका निवारण करवा सकूं। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो परिवार वाद से दूर है। कांग्रेस में पिता-पुत्र और पुत्रवधु के अलावा किसी और को कोई मौका नहीं लिता है। केंद्र की मोदी सरकार के 10 सालों में किये गए विकास कार्यो के आधार पर वोट मांगने आया हूं। आज हर घर में विकास की कई योजनाएं दी गई है। वहीं, बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा कार्यकर्ताओं के काम का नतीजा है कि लोगों का पार्टी पर भरोसा बढ़ा है। गरीब के बेटे को वोट देकर भाजपा को जितायें। इस मौके पर सह संयोजक रोहित लाल सिंह, बोकारो विधानसभा प्रभारी चन्द्रशेखर अगवाल, प्रदेश कार्य समिति के सदस्य शशि भूषण ओझा, मुकुल जी, पूर्व जिला अध्यक्ष अंबिका खवास, कृष्ण कुमार, बोकारो नगर मंडल के अध्यक्ष अनिल सिंह, विधानसभा के सह संयोजक वीरभद्र प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष कमलेश राय, मंडल महामंत्री अमित सिंह, गोलू उपाध्याय, ममता गोस्वामी, नीलम उपाध्याय और बबलू पांडे आदि उपस्थित थे।



बोकारो में जनसंपर्क अभियान के दौरान प्रत्यासी ढुल्लू महतो पर फूलों की वर्षा करती महिलाएं।

# गिरिडीह लोस क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी का तूफानी दौरा



**टूंडी (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह लोकसभा केंद्र के एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने रविवार को प्रखंड के कई गांव में तूफानी दौरा किया। लोगों से मिलकर आशीर्वाद मांगा। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनने के लिए आजसू के चुनाव चिन्ह केला छाप में वोट देने की अपील की। सांसद सीपी चौधरी का टुंडी प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र जीतपुर स्थित बंगारो, नवादा, जीतपुर, मनियाडीह, शीतलपुर, फतेहपुर, पोस्टमारा, मछियारा, चरक, पाण्डेयडीह, सोनाद, पूणाडीह, नौहाट, टुंडी बाजार, रतनपुर, लोधारिया, बहादुरपुर, महाराजगंज होते हुए बरवाटांड़ का दौरा कर जनसंपर्क चलाया। इस दौरान ग्रामीणों ने सांसद का जोरदार स्वागत किया। जगह-जगह फूल माला एवं आदिवासी संस्कृति से स्वागत किया गया। टुंडी बाजार में बरंगबली मंदिर से चंद्र प्रकाश चौधरी ने पैदल चलकर लोगों से मुलाकात की और केला छाप में मतदान करने की अपील की। टुंडी बाजार में भी युवाओं ने गर्म जोशी से उनका स्वागत किया। इसके बाद टुंडी प्राचीन शिव मंदिर में पहुंच कर बाबा भोलेनाथ से आशीर्वाद लिया और लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सभी जगहों पर अपने कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को बताया एवं पुनः चुनाव जीतकर अधूरे कार्यों सहित समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

# पोस्टल बैलट व होम वोटिंग के लिए दिया गया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) सह प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता के नेतृत्व में रविवार को श्रीश्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में पोस्टल बैलट एवं होम वोटिंग के लिए राजपत्रित पदाधिकारियों (गैजेटेड ऑफिसर्स) एवं माइक्रो ऑब्जर्वरों को प्रशिक्षण दिया गया। इसकी जानकारी देते हुए डीसीएलआर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश के अनुसार लोकसभा चुनाव में चुनावी कार्य व आवश्यक सेवा में लगे कर्मियों को पोस्टल बैलेट और 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता, 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग मतदाता, जिन्होंने होम वोटिंग का विकल्प चुना है, को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान करनी है। वहीं जिला प्रशासन ने होम वोटिंग एवं पोस्टल बैलेट से शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने का निर्णय लिया है। साथ ही बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सभी मतदाता को पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देने, मतदान के बाद पोस्टल बैलट को मोड़ने, मतदान की गोपनीयता बरकरार रखने, वीडियो रिकॉर्डिंग करने, सीलिंग करने, पोस्टल बैलट स्ट्रांग रूम में जमा करने, सभी तरह के प्रपत्र, लिफाफे, एनेक्सचर सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। डीसीएलआर ने बताया कि होम वोटिंग के दौरान मतदाता का घर ही मतदान केंद्र होगा। मतदान केंद्र की तरह वहां वोटिंग कंपार्टमेंट लगेगा। पोलिंग पार्टी के साथ सुरक्षाकर्मी मौजूद रहेंगे। होम वोटिंग के साथ पोस्टल बैलट के लिए विभिन्न फेलिसिटेशन सेंटर में प्रतिनियुक्त राजपत्रित पदाधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया गया। पोस्टल बैलट के लिए एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज, गुरु नानक कॉलेज, पुलिस लाइन, गोल्फ ग्राउंड, जैप-3 गोविंदपुर, जीआरपी, धनबाद पॉलिटेक्निक, कृषि बाजार, निरसा पॉलिटेक्निक और रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में फेलिसिटेशन सेंटर बनाया जाएगा। इस मौके पर डीसीएलआर संतोष गुप्ता, पोस्टल बैलट कोषांग के संजय कुमार झा, धनबाद के सीओ शशिकांत सिंकर, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, पुटकी सीओ विकास आनंद, जिला मत्स्य पदाधिकारी उषा किरण, जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम, कार्यपालक दंडाधिकारी रविंद्र नाथ ठाकुर, मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण, राजकुमार वर्मा, पुष्कर चंद्र झा, महफूज आलम, अशोक तिवारी, सुभाष कुमार और कुमार वंदन आदि मौजूद थे।



# झामुमो की बैठक, अनुपमा सिंह को जिताने का निर्णय

**बलियापुर (आजाद सिपाही)।** हटिया चौक में रविवार को झामुमो की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता निर्मल रजवाड़ ने की। जिसमें आइएनडीआइए गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह को भारी मतों से जीताने का निर्णय लिया गया। निर्मल रजवार ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने डीजल, पेट्रोल, खाने की वस्तुएं 400 पार करने का निर्णय लिया है। पर जनता इस बार आइएनडीआइए गठबंधन के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है। मौके पर ईश्वर मरांडी, गौर मंडल, मुकुल सिंह, प्राण राय, सूदामा रजवाड़, कदीर अंसारी, आजाद रजवाड़, ललित महतो, प्रदीप रजवाड, मथुर राय और शेख खातिर आदि उपस्थित थे।

# झरिया विधायक ने जमसं कार्यकर्ताओं से की अनुपमा सिंह के समर्थन में मतदान की अपील



**बस्ताकोला (आजाद सिपाही)।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह की उपस्थिति में जनता मजदूर संघ (जमसं) बस्ताकोला क्षेत्र के सभी शाखा सदस्यों के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। क्षेत्रिय अध्यक्ष राम कृष्ण पाठक के बस्ताकोला आवास पर रविवार को बैठक संपन्न हुई। यहां विधायक ने धनबाद लोकसभा सीट से आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ ही माइंस रेस्क्यू मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी की उपस्थिति में होने वाली सभा को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, हरेराम सिंह, धीरेंद्र सिंह, हरे राम कुमार, अक्षय प्रसाद यादव, कृष्णा यादव, मुन्ना सिंह, राकेश सिंह, अभिषेक कुमार, दिलीप सिंह, पारस यादव, मनोज यादव, गौतम चौहान आदि मौजूद थे।

# स्व ज्ञानी जैल सिंह की जयंती मनायी गयी

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर चार स्थित विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण में विश्वकर्मा समाज की ओर से रविवार को पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय ज्ञानी जैल सिंह की जयंती मनाई गई। पूर्व महामंत्री नुनूलाल विश्वकर्मा ने ज्ञानी जैल सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला और उन्हें अपने समाज का गौरव बताया। इसके बाद उनकी तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।

## अवैध कोयला ले जा रहे बाइकर्स गैंग पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

# कोयला लदी तीन बाइक और 20 टन कोयला जब्त कर पुलिस को सौंपा, तस्कर फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** अवैध कोयला ले जा रहे 'बाइकर्स गैंग' की बढ़ती रफ्तार के आतंक से परेशान तेलमोचो पंचायत के ग्रामीणों ने शनिवार को कोयला लदे बाइकर्स को पकड़ कर जमकर धुनाई कर दी। इस बीच कुछ बाइकर्स हंगामा होता देख कोयले से भरी बोरियां गिराकर वहां से भाग खड़े हुए। वहीं तीन बाइकर्स को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। उधर, बात जंगल में लगी आग की तरह तेजी से फैल गई। देखते ही देखते वहां ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। इसकी सूचना पाकर महुदा पुलिस भी दलबल के साथ पहुंच गई और उग्र ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत कराया। तब ग्रामीणों ने तीनों आरोपितों को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने उनके मोबाइल फोन जब्त कर ग्रामीणों से पूछताछ ही कर रही थी कि मौका पाकर तीनों वहां से फरार हो गये। इस बीच पुलिस ने दो ट्रैक्टर पर लगे लगभग 20 टन कोयला एवं तीन बाइक जब्त कर थाने ले गयी। हालांकि पुलिस को सौंपने के बावजूद तीन कोयला तस्करों के वहां से भाग जाने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल भी उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार बाघमारा पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के मधुबन थाना, खरखरी ओपी, रामकनाली ओपी कतरास थाना, भाटडीह ओपी क्षेत्र में अवस्थित बीसीसीएल की विभिन्न कोलियरियों एवं खदानों से उतखनित अवैध कोयला को 50-60 की संख्या में लदे 'बाइकर्स गैंग' प्रतिदिन की तरह शनिवार की सुबह छह बजे बाइक से ढुलाई कर महुदा थाना क्षेत्र अंतर्गत पतराकुलही के रास्ते लालबंगला एवं मधुबन थाना क्षेत्र से नये फोरलेन होते हुए कुंजी बस्ती के रास्ते बोकारो के चिकेनटांड, सियालगजरा व कुम्हरी में प्रदीप, अजय एवं विनोद नामक कोयला तस्कर द्वारा संचालित अवैध कोयला डिपो में डंप करने जा रहे थे। तभी बाइकर्स गैंग की रफ्तार से आक्रोषित ग्रामीणों ने तेलमोचो कुंजी सड़क पर रोक कर उनकी धुनाई कर दी।



# बाघमारा में दिन के उजाले में भी फल-फूल रहा है अवैध लोहे का कारोबार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले में कोयला व लौहा के अवैध कारोबार के खिलाफ वरीय पुलिस अधीक्षक की सख्ती के बावजूद इन दिनों बाघमारा अनुमंडल क्षेत्र में राजा और आमदास नामक व्यक्तियों द्वारा धड़ल्ले से लोहे का अवैध कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। इससे सरकारी राजस्व को भारी नुकसान तो हो ही रहा है, पुलिस अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। सूत्रों की मानें तो इन दिनों बाघमारा अनुमंडल क्षेत्र में राजगंज और कतरास से संबंध रखने वाले दोनों शातिर (राजा और आमदास) के विरुद्ध कतरास थाना में कई मामले भी दर्ज है। लेकिन इसकी परवाह ना करते हुए दोनों बाघमारा क्षेत्र के अवैध लौह कारोबार का बेताज बादशाह बने हुए है। इन दोनों को कथित रूप से एक बड़े सफेदपोश का भी संरक्षण प्राप्त हैं, जिस कारण सीआइएसएफ और स्थानीय पुलिस भी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर पा रही है। ये दोनों महुदा, धमार्बांध, मधुबन सोनारडीह, बाघमारा, तेतुलमारी, बरोरा, राजगंज और कतरास के थाना क्षेत्रों में अपने सैकड़ो गुर्गों की मदद से प्रतिदिन बीसीसीएल कंपनी के लाखों रुपये का लोहा टपा रहे है। लोहे का अवैध कारोबार दिन के उजाले में भी क्षेत्र में देखा जाता हैं, जो मौका देखकर बे रोक-टोक लोहे टपा कर भटमुड़ना बस्ती के पास टांडघर स्थित अवैध लोहा गोदाम में लाकर इकठ्ठा किया जाता है। वहां से रात के अंधेरे में बड़ी गाड़ियों से सुरक्षित जगहों पर पहुंचा दिया जाता है। बतातें चलें कि पूरे देश में अभी चुनावी माहौल है। आचार संहिता भी लगा हुआ है। चारों और पुलिस-प्रशासन मुस्तैद है। बावजूद इसके धंधेबाज आसानी से अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। वहीं, एसपी अजीत कुमार ने बताया कि अभी इस विषय में जानकारी मिली हुई है। संबंधित थाना प्रभारी को आदेश दिया जाएगा की कोई भी अवैध कारोबार हो रहा है तो उस पर कार्रवाई कि जाये।

# पीएम ने रामलला के दर्शन किये, आरती उतारी दंडवत प्रणाम किया, 'रामपथ' पर किया रोड शो

**चुनाव के बीच अयोध्या में रोड शो करने वाले मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** पीएम नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किये। आरती उतारी फिर दंडवत प्रणाम किया। इसके बाद पीएम ने 'रामपथ' पर 2 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। सीएम योगी भी खुली जीप में उनके साथ थे। सड़कों के दोनों तरफ जबरदस्त भीड़ थी। जिस रामपथ से पीएम का रोड शो निकला, उसे फूलों से सजाया गया था। बड़ी संख्या में साधु-संत भी पहुंचे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया: अयोध्यावासियों का हृदय भी प्रभु श्री राम जैसा विशाल है। रोड शो में आशीर्वाद देने आयी जनता-जनार्दन का अभिनंदन! बता दें कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मोदी का यह पहला दौरा है। चुनाव के बीच अयोध्या में रोड शो करने वाले मोदी पहले पीएम हैं। रोड शो से पीएम पूरे देश को साधेंगे। अयोध्या से भाजपा ने लल्लू सिंह को टिकट दिया है। जबकि सपा ने अवधेश प्रसाद को चुनाव मैदान में उतारा है। उधर पीएम के कार्यक्रम को देखते हुए राम मंदिर में शाम 5 बजे से 2 घंटे तक श्रद्धालुओं के लिए बंद किया गया था।





## इकबाल ने जतायी इच्छा फिर एक बार पीएम बने मोदी

राम मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद में पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने कहा है कि वह चाहते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बनें। एक्स पर जारी एक पोस्ट में इकबाल अंसारी ने कहा, ''पीएम मोदी भाग्यशाली हैं कि उनका चुनाव राम की नगरी से शुरू हो रहा है। उनका दस साल का पीएम पद का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा। हम उनके अयोध्या आगमन से बहुत खुश हैं एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बनें।

## आठ को ओड़िशा दौरे पर आयेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह : विजयपाल सिंह



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, प्रचार-प्रसार तेज होता जा रहा है। जब ओड़िशा में आखिरी 4 चरणों में चुनाव होने वाले हैं तो कई केंद्रीय नेता ओड़िशा में डेरा डालेंगे। हालांकि, बीजेपी के केंद्रीय नेता का फोकस अब ओड़िशा पर है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ओड़िशा में पंहुच चुके है। वह कल ब्रह्मपुर और नबरंगपुर में प्रचार करेंगे। मोदी के दौरे के बाद राजनाथ सिंह, अमित शाह ओडिशा आ रहे हैं। 8 तारीख को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आयेंगे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 3 दिन बाद यानी 12 तारीख को फिर ओडिशा आयेंगे। बीजेपी के प्रदेश चुनाव प्रभारी विजयपाल सिंह तोमर ने इसकी जानकारी दी है।

## बाबा बफार्नी की पहली तस्वीर

# 29 जून से शुरू होगी 52 दिन की अमरनाथ यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनंतनाग।** कश्मीर के अनंतनाग जिले में अमरनाथ की पवित्र गुफा से बाबा बफार्नी की पहली तस्वीर सामने आ गयी है। बर्फ का शिवलिंग करीब 8 फीट ऊंचा है। इस शिवलिंग के दर्शन-पूजन के लिए देशभर से लाखों श्रद्धालु अमरनाथ आते हैं। इस बार यात्रा 29 जून से शुरू होगी जो करीब 52 दिन चलेगी। 29 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन पूरी होगी। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हो गये हैं। जरूरी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है। 13 से 70 साल की उम्र तक के भारतीय अमरनाथ यात्रा कर सकते हैं।

यात्रा के लिए 15 अप्रैल से ऑन लाइन और ऑफ लाइन दोनों तरह से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन के लिए श्राइन बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट पर लॉग इन कर सकते हैं।







# इस्कॉन इंडिया के चेयरमैन का निधन, वृंदावन में समाधि दी जायेगी

**देहरादून में अंतिम सांस ली**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मथुरा।** इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी का रविवार को देहरादून में निधन हो गया। वह 80 साल के थे। उन्हें हार्ट से संबंधित बीमारी थी। उनके पार्थिव शरीर को रविवार की शाम को दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित मंदिर में दर्शन के लिए रखा गया। 6 मई को उनके पार्थिव शरीर को वृंदावन में स्थित इस्कॉन गोशाला में समाधि दी जायेगी। **दिल्ली में जन्म, फ्रांस-कनाडा में पढ़ाई :** गोपाल कृष्ण गोस्वामी का जन्म 1944 में दिल्ली में हुआ था। वह एक मेधावी छात्र थे। उन्हें सोरबोन विश्वविद्यालय (फ्रांस) और मैकगिल विश्वविद्यालय (कनाडा) में अध्ययन करने के लिए दो छात्रवृत्तियां प्रदान की गई थीं। उन्होंने 1968 में कनाडा में अपने गुरु और इस्कॉन के संस्थापक-आचार्य श्रील प्रभुपाद से मुलाकात की और तभी से उन्होंने सभी की शांति और कल्याण के लिए भगवान कृष्ण और सनातन धर्म की शिक्षाओं को दुनियाभर में प्रचार करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया।



**दुनियाभर में किया कृष्ण भक्ति का प्रचार:** गोपाल कृष्ण गोस्वामी जी ने भारत, कनाडा, केन्या, पाकिस्तान, सोवियत संघ और दुनिया के अन्य हिस्सों में आउटरीच और समुदाय-निर्माण के प्रयासों की देखरेख की। उन्होंने दुनिया भर में दर्जनों मंदिरों और सांस्कृतिक केंद्रों के निर्माण का बीड़ा उठाया, जिसमें नई दिल्ली में प्रसिद्ध ग्लोरी ऑफ इंडिया वैदिक सांस्कृतिक केंद्र शामिल है। इसका उद्घाटन भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। इसके अलावा पुणे में इस्कॉन एनवीसीसी भी इन्हीं की देखरेख में बना, जिसका उद्घाटन तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने किया था। उन्होंने भारतीय संस्कृति और दर्शन के दुनिया के सबसे बड़े प्रकाशक भक्ति वेदांत बुक ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में भी काम किया, जो 70 से अधिक विश्व भाषाओं में भगवद गीता और श्रीमद्भगवतम जैसे पवित्र ग्रंथों के अनुवाद और प्रकाशन की देखरेख करता है। आज तक 60 करोड़ से अधिक पुस्तकों की छपाई करता है। **अन्नाम्रत फाउंडेशन की शुरूआत की :** गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज ने अन्नामृत फाउंडेशन की भी शुरूआत की। जो आज देश के 20,000 से अधिक स्कूलों में 12 लाख से अधिक सरकारी स्कूली छात्रों को ताजा और पौष्टिक भोजन परोसता है। उनके हजारों प्रवचनों के माध्यम से उनकी शिक्षाओं से प्रेरित होकर 70 से अधिक देशों के 50,000 से अधिक लोगों को गोपाल कृष्ण गोस्वामी द्वारा भक्ति योग की प्रक्रिया में दीक्षित किया।













# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजधनवार।** धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी चुनाव में जीत को लेकर विचार विमर्श किया। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्हें कई टिप्स दिये। कुछ कार्यकर्ताओं की समस्या सुनी और मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि मैं किसी भी परिस्थिति में आप लोगों की मदद करने के लिए तत्पर हूं। वहीं श्री सिंह धनवार विधानसभा क्षेत्र के मायाराम टोला, पांडेयडीह, मसनोडीह, दरिया डीह आदि जगहों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान श्री सिंह ने लोगों को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के कार्यों को विस्तार पूर्वक बताया। कहा कि देश मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। मोदी ने देश के गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। इनके नेतृत्व में आज महिलाओं के विकास और सम्मान के लिए हर घर शौचालय, उज्ज्वला गैस योजनाओं का लाभ, हर गरीब परिवार के लिए प्रति माह प्रति व्यक्ति की फ्री में अनाज सहित विभिन प्रकार की योजनाओं से देश के गरीबों को लाभ दिया गया है। इतना ही नहीं, किसानों, बेरोजगारों के लिए भी कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी गरीब परिवार के लोगों के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक अलग पहचान देने का काम किया है। वैसे गरीब, जिनका पैसा के कारण अपना इलाज नहीं करवा पा रहे थे, ऐसे गरीबों के लिए प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में पांच लाख प्रत्येक व्यक्ति को राशि उपलब्ध करायी गयी है, जिससे लाखों गरीबों का इसका सीधा लाभ मिल रहा है। श्री सिंह ने लोगों से आगामी 20 मई को लोकसभा चुनाव में भाजपा की कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ ही धनवार विधानसभा से भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतों से जीत दिलाने का आग्रह किया।

## प्रधानमंत्री मोदी आज ओड़िशा में, 20 प्लाटून पुलिस बल तैनात



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को ओड़िशा दौरे पर आयेंगे। रात 9:30 बजे भुवनेश्वर पहुंचे। रात में राजभवन में रुकेंगे। वह सोमवार दोपहर ब्रह्मपुर और बाद में नबरंगपुर में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। वह सोमवार दोपहर ब्रह्मपुर और बाद में नबरंगपुर में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। हालांकि, प्रधानमंत्री के दौरे से प्रदेश बीजेपी में हलचल मच गयी है। यात्रा के दौरान 20 प्लाटून पुलिस बल तैनात किया जायेगा। पुलिस कमिश्नर संजीव पंडा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। ट्रैफिक नियंत्रण के साथ 20 प्लाटून पुलिस बल की व्यवस्था की गयी है। इसमें 3 डीसीपी, 10 एसीपी, 17 आइआइसी और 90 एसआई और एएसआई होंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान सड़कों पर बैरिकेडिंग की जायेगी। सीपी ने बताया कि राजभवन में भी त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है।







# भाजपा नेताओं की हत्या की साजिश सूरत से मौलवी मोहम्मद गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**सूरत।** भाजपा और हिंदू नेताओं की हत्या की साजिश रचने के आरोप में शनिवार को सूरत से एक मौलवी मोहम्मद सोहेल उर्फ अबु-बकर तीमोल को गुजरात क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के निशाने पर भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा, तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह, हिंदू सनातन संघ चेयरमैन उपदेश राणा और सुदर्शन टीवी के चीफ एडिटर सुरेश चव्हाणके थे। सूरत पुलिस के मुताबिक, 27 साल का मौलवी मोहम्मद सोहेल मदरसे का टीचर भी है। वो पिछले दो साल से पाकिस्तान के डोंगर और नेपाल के शहनाज के साथ वॉट्सऐप के जरिए संपर्क में था। वॉट्सऐप चैट में वे भारत में नबी की गुस्ताखी में दखल दिए जाने और ऐसे लोगों को सीधा करने की बात कर रहे हैं। उपदेश राणा की हत्या के लिए 1 करोड़ रुपये सुपारी की भी चैट में चर्चा हुई है। **पुलिस ने खुफिया जानकारी के बाद नजर रखना शुरू किया :** सूरत क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी ने बताया कि हमें मोहम्मद सोहेल की देश विरोधी गतिविधि की खुफिया जानकारी मिली थी। इस पर टीम लगातार नजर रख रही थी। उसे सूरत के चौक बाजार इलाके से हिरासत में लिया गया और उसके मोबाइल की जांच की गयी। **पाकिस्तान से हथियार मंगाने की साजिश रची गयी :** सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने कहा- आरोपी को पाकिस्तान और नेपाल के लोगों के साथ एक हिंदू संगठन के नेता की हत्या के लिए 1 करोड़ रुपये की सुपारी देने और पाकिस्तान से हथियार खरीदने की साजिश रचते हुए पाया गया। आरोपी को पाकिस्तान और नेपाल के उसके आकाओं द्वारा लाओस में एक सिम कार्ड भी उपलब्ध कराया गया था।



**पाकिस्तान समेत 5 देशों के संपर्क में था :** गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान, वियतनाम, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, लाओस जैसे विभिन्न देशों के कोड वाले वॉट्सऐप नंबर के संपर्क में था। आरोपी ने सांप्रदायिक दुश्मनी फैलाने, भारत के राष्ट्रीय ध्वज की तस्वीरें अपलोड करने और हिंदू धर्म के बारे में पोस्ट या वीडियो में भद्दी टिप्पणियां करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**